


हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भगवान परशुराम के नाम पर डाक टिकट जारी किया। मुख्यमंत्री ने पिछले साल भगवान परशुराम महाकुंभ के दौरान डाक टिकट जारी करने की घोषणा की थी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 08 अंकः 94 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# विपक्षी दलों को 'सुप्रीम' झटका

## केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग की याचिका पर सुनवाई से इनकार, नेताओं के लिए अलग नियम कैसे बनेंगे?: सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने केंद्रीय जांच एजेंसियों ईडी और सीबीआई द्वारा विपक्ष के नेताओं की गिरफ़्तारी के मामले पर दायर याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि वो ईडी और सीबीआई की गिरफ्तारियों और जमानत को लेकर सामान्य दिशा-निर्देश जारी नहीं कर सकता है। कोर्ट ने कहा कि वो किसी भी मामले के तथ्य के आधार पर दिशा-निर्देश जारी कर सकता है। बिना तथ्य को जाने कोर्ट दिशा-निर्देश कैसे जारी कर सकता है। 14 राजनीतिक दलों ने विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारियों के मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया था। याचिका दायर करने वाली पार्टियों में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, उद्धव ठाकरे गुट वाली शिवसेना, बीआरएस, जेडीयू, झारखंड मुक्ति मोर्चा, सीपीआई, सीपीएम, नेशनल कांफ्रेंस और समाजवादी पार्टी शामिल हैं। याचिका में ईडी और सीबीआई द्वारा गिरफ्तारियों और जमानत को लेकर दिशानिर्देश जारी करने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया था कि कहा कि लगातार विपक्षी नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। 95 फीसदी केस विपक्ष के नेताओं के खिलाफ केस दर्ज किये जा रहे हैं।

### 'सीबीआई-ईडी के मामलों में 600 फीसदी वृद्धि'

**विपक्षी** दलों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया कि 2013-14 से 2021-22 तक सीबीआई और ईडी के मामलों में 600 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ईडी द्वारा 121 नेताओं की जांच की गई है, जिनमें से 95 प्रतिशत विपक्षी दलों से हैं।



### 'एक ही कानून के अधीन हैं हम सभी'

**शीर्ष** अदालत ने सिंघवी से पूछा कि क्या हम इन आंकड़ों की वजह से कह सकते हैं कि कोई जांच या कोई मुकदमा नहीं होना चाहिए? कोर्ट का कहना है कि अंततः एक नेता मूल रूप से एक नागरिक होता है और नागरिकों के रूप में हम सभी एक ही कानून के अधीन हैं।

### 'सुप्रीम कोर्ट जाना नासमझी भरा फैसला था'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय** एजेंसियों के दुरुपयोग के मसले पर विपक्षी दलों को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगने के बाद ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने उन दलों बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह एक गलत कदम था। यह राजनीति करने का सही तरीका नहीं था। जब हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा जैसे प्रतिद्वंद्वी का सामना कर रहे हैं तो सुप्रीम कोर्ट जाना एक नासमझी भरा फैसला था। अब इसने भाजपा को यह कहने का मौका दिया है कि सुप्रीम कोर्ट ने विपक्ष के दावों को नकार दिया है।

## हनुमान जयंतीः केंद्र ने राज्यों को जारी की एडवाइजरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय** गृह मंत्रालय ने हनुमान जयंती से पहले बुधवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें गुरुवार को मनाई जाने वाली हनुमान जयंती में राज्यों को सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले तत्वों पर निगरानी रखने को कहा गया है। गृह मंत्रालय के अनुसार हनुमान जयंती की तैयारी को लेकर सभी राज्यों को एडवाइजरी जारी की गई है। सरकारों को कानून और व्यवस्था बनाए रखने, त्योहार का शांतिपूर्ण पालन करने और समाज में सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने वाले किसी भी कारक की निगरानी सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते रामनवमी के मौके पर बिहार, बंगाल और महाराष्ट्र समेत कुछ राज्यों में हिंसा की घटनाएं सामने आईं थीं।

## दो लोग हैं... एक राज कर रहा, दूसरा उसका एजेंटः नीतीश



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार ने बुधवार को पीएम मोदी और अमित शाह का नाम लिए बगैर उनपर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि दो लोग हैं। एक राज कर रहे, और दूसरे उनके एजेंट हैं। यही दोनों मिलकर यह सब गड़बड़ कर रहा है। सोशल मीडिया पर क्या कर रहे हैं, यह लोग जनता देख रही है यह लोग सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार करते हैं। कहा कि यह लोग कितने दिन से राजनीति में हैं? यह सब लोग जानते हैं और हम लोग कितने दिन से राजनीति में हैं यह भी लोग जान रहे हैं। श्रद्धेय अटल जी के नेतृत्व में जो पार्टी थी, वह कितना अच्छा से काम कर रही थी। और अब क्या काम हो रहा है यह जनता देख रही है। आजकल यह लोग कुछ काम नहीं कर रहे हैं। सब चीजों पर कब्जा कर बैठ गए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने मीडिया वन चैनल पर लगी केंद्र की पाबंदी हटाई



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा है कि मीडिया द्वारा सरकार की नीतियों की आलोचना को राष्ट्रविरोधी नहीं करार दिया जा सकता है। मीडिया की जिम्मेदारी बनती है कि वो सच को सामने रखें। केरल के मीडिया वन चैनल पर प्रतिबंध के केंद्र के फैसले को खारिज करते हुए चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए इसका स्वतंत्र रहना जरूरी है। मीडिया से सिर्फ सरकार का पक्ष रखने की उम्मीद नहीं की जाती। कोर्ट ने सरकार की इस दलील को खारिज कर दिया कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मसला होने की वजह से वो सिर्फ सीलबंद कवर में ही जानकारी कोर्ट को दे सकती है। कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा की दुहाई यूं ही नहीं दी जा सकती है। सीलबंद कवर का बेहद कम मामलों में इस्तेमाल होना चाहिए।



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लोक भवन स्थित उनके कार्यालय पर इंडियन आइडल-13 के विजेता ऋषि सिंह ने बुधवार को शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री योगी ने ऋषि सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की मंगल कामना की।

## जीआई टैग मिलने के मामले में शीर्ष पर रहा केरल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देश में के**रल को सबसे ज्यादा उत्पादों के लिए भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) मिला है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान सबसे अधिक संख्या में उत्पादों के लिए जीआई टैग का दर्जा पाने वाले राज्यों में केरल शीर्ष पर रहा है। जीआई रजिस्ट्री की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक केरल के छह उत्पादों को जीआई टैग मिला है। रजिस्ट्री ने बताया कि केरल के अट्टापडी अटुकोम्बु अवारा, अट्टापडी थुवारा, ओनाटुकारा एलु, कंथलूर-वट्टवडा वेलुथुल्ली और कोडुंगलूर पोट्टुवेलारी को जीआई दर्जा दिया गया है।

## किताबों से गांधी-संघ और हिंदू-मुस्लिम एकता के पाठ भी हटाए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**गांधीजी** की मृत्यु का देश में सांप्रदायिक स्थिति पर जादुई प्रभाव पड़ा, गांधी की हिंदू-मुस्लिम एकता की खोज ने हिंदू चरमपंथियों को उकसाया और आरएसएस जैसे संगठन पर कुछ समय के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया था। ये सब अब बीते जमाने के इतिहास की बातें होने वाली हैं। युवा पीढ़ी को ये सब बातें अब स्कूली किताबों में पढ़ने को नहीं मिलने वाली। क्योंकि इनसे जुड़े पाठ नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग के नए शैक्षणिक सत्र 2023-24 से आगे के लिए प्रस्तावित कक्षा 12वीं की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तक से गायब हैं। एनसीईआरटी ने पिछले साल अपने सिलेबस रेशनलाइजेशन अभ्यास के हिस्से के रूप में, ओवरलैपिंग और अप्रासंगिक कारणों का हवाला देते हुए पाठ्यक्रम से कुछ हिस्सों को हटा दिया था।

### हिस्सों को हटाया

= सिलेबस रेशनलाइजेशन अभ्यास के हिस्से के रूप में, ओवरलैपिंग-अप्रासंगिक कारणों का हवाला देते हुए पाठ्यक्रम से हिस्सों को हटा दिया था

## दोहरे मानदंड अपना रही केंद्र सरकारः खड़गे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को केंद्र सरकार पर दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अयोग्य घोषित करने में सरकार ने जरा भी देरी नहीं की, जबकि एक आपराधिक मामले में दोषी ठहराए गए गुजरात के एक सांसद पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। खड़गे ने कहा कि यह मोदी सरकार के पाखंड और दोहरे मापदंड की पराकाष्ठा है। गुजरात के एक भाजपा सांसद को एक स्थानीय अदालत, सत्र न्यायालय और उच्च न्यायालय द्वारा तीन साल के कारावास की सजा दी गई है, लेकिन 16 दिनों तक उन्हें अयोग्य नहीं ठहराया गया। एक दलित डॉक्टर को मारने के केस में गुजरात के अमरेली से भाजपा सांसद नारनभाई भीखाभाई कच्छड़िया को एक अदालत ने तीन साल की सजा सुनाई थी।

## बंगालः हिंसा को लेकर हाईकोर्ट सख्त

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**पश्चिम बंगा**ल सरकार ने हालिया हावड़ा और हुगली हिंसा को लेकर अपनी रिपोर्ट कलकत्ता हाईकोर्ट के सामने पेश कर दी है। जिस पर कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि हनुमान जन्मोत्सव पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएं। साथ ही कोर्ट ने कहा है कि जरूरत पड़ने पर केंद्रीय बलों की भी नियुक्ति की जाए। अदालत ने ये भी कहा कि जिन इलाकों में धारा 144 लागू है, वहां हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्रा ना निकाली जाए। कलकत्ता हाईकोर्ट के ये निर्देश हावड़ा और हुगली में रामनवमी की शोभा यात्रा के दौरान हुई हिंसा के बाद आया है।

**हाईकोर्ट ने सरकार से मांगी थी रिपोर्टः** बता दें कि भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर कर हुगली में हुई हिंसा के मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की थी। साथ ही पश्चिम बंगाल में केंद्रीय बलों की तैनाती करने की मांग की गई और हिंसा की एनआईए से जांच की भी मांग की गई। जिस पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने बंगाल सरकार से हिंसा को लेकर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट ने सरकार से हिंसा की रिपोर्ट मांगी और हिंसा के सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे।



## कांग्रेस की कोई विचारधारा नहींः सिंधिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस को घेरते हुए ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ने अपनी व्यक्तिगत लड़ाई को, लोकतंत्र की लड़ाई बना दिया है। वह राजनीतिक रूप से खुद को प्रासंगिक रखने के लिए जो संभव हो, वो कर रहे हैं। इसकी जितनी आलोचना की जाए कम है। बता दें कि मानहानि मामले में राहुल गांधी को सूरत की अदालत ने दो




साल की सजा सुनाई है, जिसके बाद उनकी संसद सदस्यता चली गई है। इसे लेकर विपक्ष सरकार पर आरोप लगा रहा है। वहीं सरकार का कहना है कि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रही है।

**'अदालत पर दबाव बनाने की कोशिश'**: केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी दुर्भाग्य से नए निचले स्तर पर गिर गई है। देश में एक माहौल बनाया जा रहा है...शहर-शहर में ट्रेनें रोकी गईं और आमजन को परेशान किया गया। क्या यह गांधीवाद का सिद्धांत है? एक व्यक्ति विशेष के लिए ऐसा क्यों हो रहा है? कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को विशेष सत्कार दिया जा रहा है। जमानत के लिए जब गए तो नेताओं की पूरी फौज ले गए। यह अदालत पर दबाव बनाने का प्रयास नहीं है तो क्या है?

## अरुणाचलः चीनी प्रयासों का यूएस ने किया विरोध

**टीम एक्शन इंडिया/वाशिंगटन**

**भारतीय** राज्य अरुणाचल प्रदेश पर दावा करने के चीन के प्रयासों का अमेरिका ने दृढ़ता से विरोध किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति की प्रेस सचिव केरेन जीन पिएरे ने कहा है कि अरुणाचल प्रदेश के भीतर इलाकों के नाम बदलने जैसे कृत्यों का अमेरिका कड़ा विरोध करता है। बीते दिनों चीन ने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के 11 स्थानों के नाम बदलने का दावा किया है। इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए केरेन जीन पिएरे ने कहा कि अमेरिका भारतीय क्षेत्र अरुणाचल प्रदेश पर दावा करने के चीन के प्रयासों का "दृढ़ता से विरोध" करता है।




**धारा 370 खत्म** जम्मू कश्मीर में बीते तीन सालों में 1559 भारतीय कंपनियों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने निवेश किया

# 185 बाहरी लोगों ने जम्मू कश्मीर में खरीदी जमीन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**गृह** राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा में बताया कि जम्मू कश्मीर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, साल 2020, 2021 और 2022 में 185 बाहरी लोगों ने केंद्र शासित जम्मू कश्मीर में जमीन खरीदी है। गृह राज्यमंत्री ने बताया कि केंद्र शासित लद्दाख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, बीते तीन सालों में लद्दाख में किसी भी बाहरी व्यक्ति ने जमीन नहीं खरीदी है।

**1559 कंपनियों ने किया जम्मू कश्मीर में निवेशः** केंद्रीय गृह



राज्यमंत्री ने सदन को ये भी बताया कि जम्मू कश्मीर में बीते तीन सालों में 1559 भारतीय कंपनियों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने निवेश किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो ने 'क्राइम इन इंडिया' नामक अपनी रिपोर्ट में बताया है कि आईपीसी और स्पेशल एंड लोकल लॉ के अनुसार, नाबालिगों के खिलाफ दर्ज मामलों में कमी आ रही है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने बताया कि साल 2019 में नाबालिगों के खिलाफ 32,269 मामले दर्ज हुए। वहीं 2020 में 29,768 और 2021 में 31,170 मामले दर्ज हुए हैं। उन्होंने कहा कि डाटा से पता चलता है कि 2019 के मुकाबले इनमें कमी आई है।

**एम्मार समूह ने किया ढाई सौ करोड़ का निवेशः** केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का ऐतिहासिक फैसला लिया था। इसके बाद जम्मू कश्मीर में विदेशी निवेश का राह खुल गई है।

# हरियाणा में कोरोना से महिला की मौत

## पॉजिटिविटी रेट 5% से बढ़ा, 840 हुए एक्टिव मरीज, 3 जिले हॉटस्पॉट

**8 सबसे चिंताजनक बात यह है कि एक्टिव मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा में** कोरोना संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। 24 घंटों में 193 नए संक्रमित मिले हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि एक्टिव मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। वर्तमान में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 840 तक पहुंच गई है। रिकवरी रेट घटने के साथ ही पॉजिटिविटी दर 5.13 प्रतिशत रिकॉर्ड की गई है। वहीं यमुनानगर में कोरोना संक्रमित 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई। रादौर ब्लॉक की रहने वाली महिला को 30 मार्च को चंडीगढ़ पीजीआई रेफर किया गया था। स्वास्थ्य विभाग की कमेटी आईसीएमआर प्रोटोकॉल के तहत महिला का अंतिम संस्कार करेगी।

**3 जिले बने हॉटस्पॉट:** हरियाणा के 3 जिले ऐसे हैं जिनमें नए कोरोना संक्रमण तेजी से बढ़ा है। इनमें गुरुग्राम पहले नंबर पर बना हुआ है। दूसरे और तीसरे नंबर क्रमशः फरीदाबाद और पंचकूला शामिल है। गुरुग्राम में 98, फरीदाबाद में 42 और पंचकूला में 25 नए केस मिले हैं। यमुनानगर में 9, जींद में 6, सोनीपत में 4, झज्जर में 3, अंबाला में 2, रोहतक में 2, सिरसा और कुरुक्षेत्र में 1-1 नए मामले सामने आए हैं।

**मृत्यु दर 1.01 प्रतिशत:** कोरोना संक्रमित 114 लोग स्वास्थ्य लाभ लेकर ठीक हो चुके हैं। राज्य का रिकवरी रेट 98.91 प्रतिशत और मृत्यु दर 1.01 प्रतिशत रिकॉर्ड किया है। 24 घंटे में 3178 लोगों ने वैक्सीन लगवाकर कोरोना से बचाव का सुरक्षा कवच पहना। इनमें 369 लोगों ने पहली और 603 लोगों ने दूसरी डोज लगवाई।

### स्वास्थ्य विभाग ने जांच बढ़ाई

**प्रदेश** में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना की जांच बढ़ा दी है। तीन अप्रैल को प्रदेशभर में 3003 लोगों के सैंपल लिए गए। जबकि 4 अप्रैल को 4864 लोगों के नमूनों की जांच की गई। स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कोरोना संक्रमण को लेकर विभागीय अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक बुलाई थी। इसमें अस्पतालों को खांसी व जुकाम के सभी मरीजों का कोरोना टेस्ट करने और सौ से ज्यादा भीड़ वाले क्षेत्र में मास्क पहनने की गाइडलाइन जारी करने का आदेश दिया।

### महिला के परिजनों की भी होगी जांच

**यमुनानगर** के जिला निगरानी अधिकारी डॉ. वागीश गुटैन ने बताया कि कोरोना संक्रमण से मरने वाली रादौर की महिला अस्थमा की बीमारी से पीड़ित थी। काफी दिन से उसका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा था। हालत में सुधार नहीं होने पर 30 मार्च को उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। पीजीआई में डॉक्टरों ने महिला का कोरोना सैंपल जांच के लिए भेजा था। जांच में वह कोरोना संक्रमित मिली। महिला के परिजनों की भी कोरोना जांच कराई जाएगी।

## फैक्टरी कर्मी का मोबाइल झपटा

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में पैदल जा रहे फैक्टरी कर्मी का मोबाइल झपटने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर एक आरोपित को पहचाने का दावा किया है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की पहचान के प्रयास कर रही है। गांव पतारा कराहल मैनपुर उत्तर प्रदेश हाल में कुंडली निवासी पंकज चौहान ने बताया कि वह कंपनी में काम करता है। गत 3 अप्रैल को देर शाम कंपनी से काम खत्म करके घर जा रहा था। वह जीटी रोड पर केएफसी के पास पहुंचा। उसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार होकर उसके पास पहुंचे। उन्होंने उसका मोबाइल फोन छीन लिया। पीड़ित ने बताया कि उसने मोटरसाइकिल सवार युवक को पहचान लिया। उसका नाम बिट्टू है। अपने स्तर पर उसकी तलाशी की, सुराग नहीं लगने पर पुलिस को अवगत करवाया।

## 'लड़कियां अच्छा पढ़े, आत्मविश्वास रखे और आगे बढ़े'

### कस्तूरबा गांधी ने अपना कर्तव्य निभाया और उस समय समाज, विशेषकर महिलाओं को देश सेवा का रास्ता दिखाया

**8 प्रत्येक कक्षा में पहले व दूसरे स्थान पर रही छात्राओं तथा खेलो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि लड़कियां अच्छा पढ़े और आगे बढ़े। उन्होंने लड़कियों से कहा कि वे आत्मविश्वास रखे और हिम्मत से काम ले। श्री दत्तात्रेय बुधवार को दिल्ली के कस्तूरबा बालिका विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पूर्व प्रथम महिला सविता कोविंद, हरिजन सेवक संघ के अध्यक्ष शंकर कुमार सान्याल, अक्षय पात्रा संस्थान के ट्रस्टी भरत ऋषभ दास, सहयोग संस्थान की अध्यक्ष सुस्वाति कोविंद, कस्तूरबा बालिका विद्यालय के प्रबंधक श्याम सूरी तथा विद्यालय की उप प्रधानाचार्य अनिता शर्मा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में रामनाथ कोविंद तथा राज्यपाल दत्तात्रेय ने



प्रत्येक कक्षा में पहले व दूसरे स्थान पर रही छात्राओं तथा खेलो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विद्यालय की छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस विद्यालय में 1100 से अधिक छात्राएं शिक्षारत है। अपने सम्बोधन में दत्तात्रेय ने कहा कि वे आज 10 मिनट के लिए राज्यपाल नहीं बल्कि एक शिक्षक है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी की प्रेरणा से शुरू हुए इस विद्यालय से निकलने वाली हर लड़की कस्तूरबा जैसी बने। उन्होंने बताया कि कस्तूरबा गांधी ने अपना कर्तव्य निभाया और उस समय समाज, विशेषकर महिलाओं को देश सेवा का रास्ता दिखाया, उन्हें प्रेरित किया। वे आजादी आन्दोलन में महात्मा गांधी के साथ जेल भी गई। दत्तात्रेय ने कहा कि आज उनके बीच उपस्थित पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एक सामान्य परिवार से आकर देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचे। इन्होंने उदाहरण पेश किया कि अपनी मेहनत से साधारण परिवार का व्यक्ति भी देश के सर्वोच्च पद को हासिल कर सकता है। दत्तात्रेय ने वार्षिक समारोह में उपस्थित छात्राओं से पूर्व राष्ट्रपति कोविंद को अपना आदर्श बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सुस्वाति कोविंद भी निस्वार्थ भाव से इस विद्यालय के लिए काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि उन्हें बताया गया है कि इस विद्यालय की कक्षा 9वीं से 12वीं तक की सभी छात्राओं को विद्यालय की ओर से लैपटॉप वितरित किए गए है और कक्षा दूसरी से आठवीं तक की छात्राओं को टैबलेट भी दिए गए है।

## कृषि विपणन बोर्ड के चेयरमैन ने संभाला कार्यभार

**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला**
**हरियाणा** राज्य कृषि विपणन बोर्ड के नवनियुक्त चेयरमैन आदित्य देवीलाल ने बुधवार को हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता की उपस्थिति में कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि वे किसान परिवार से संबंध रखते है और किसानों की भलाई के लिये कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कृषि विपणन बोर्ड के चेयरमैन की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है उसका वे पूरी लग्न व निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि वे सुनिश्चित करेंगे कि राज्य सरकार द्वारा किसान हित में चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों को मिले। नवनियुक्त



चेयरमैन को पदभार ग्रहण करवाने के उपरांत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि हरियाणा सरकार ने आदित्य देवीलाल को किसानों के हित में कार्य करने के लिये नियुक्त किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वे अपनी जिम्मेवारियों को भलींभांति व कुशलता से निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक मुकेश कुमार आहुजा, सचिव वीरेंद्र चोधरी, इंजीनियर इन चीफ उदय भान, सीएफए राजेश सांगवान व एचआईएचएमसीएल के एडवाईजर जेएस यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## बैग काटकर नकदी, सोने की अंगूठी से भरा पर्स किया चोरी

**8 पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि आरोपित महिलाओं का कोई सुराग हाथ लग सके**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**शहर** थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा सवार महिला का बैग काटकर नकदी, सोने की अंगूठी व डेबिट कार्ड से भरा पर्स चोरी करने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि आरोपित महिलाओं का कोई सुराग हाथ लग सके। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। डीएलएफ कॉलोनी पंचकूला निवासी कमलेश ने बताया कि वह अपने मायके गोहाना रोड ओवर ब्रिज राठी कॉमप्लैक्स में आई हुई थी। वह बाजार में खरीदारी करने के लिए अनी बहन के साथ आई हुई थी। बाजार से वापिस आते हुए ई-रिक्शा में बैठे थे। अपना पर्स-कपड़े के थैले में डालकर अपने पास रखे हुए थे। जिसमें 14000 हजार रुपये की नकदी, सोने की अंगूठी, एटीएम, आधार कार्ड था। गीता भवन चौक पर दो औरतें छह-सात की बच्ची के साथ ई-रिक्शा में सामने वाली सीट पर बैठ गई। रिक्शा से उत्तरने पर देखा कि उसका थैला साइट से कटा हुआ पाया।

## उधार दिए सामान के रुपये मांगे तो दुकानदार पर किया हमला

**8 दुकानदार के बयान पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सदर** थाना क्षेत्र के गांव हरसाना के दुकानदार ने युवक से उधार दिए सामान के रुपये मांगे तो उसने साथियों संग मिलकर दुकानदार पर हमला कर दिया। दुकानदार के बयान पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है। गांव नसीरपुर बांगर निवासी नीरज ने बताया कि वह गांव हरसाना में दुकान चलाते है। पकंज, सतीश और मनीष शराब के नशे में उनकी दुकान पर आए और सामान की मांग की। इस पर उन्होंने पंकज को पहले लिए सामान के एक हजार रुपये देने को कहा। इस पर आरोपितों ने उसकी पिटाई कर दी। पंकज ने उनके सिर में ईंट से हमला कर दिया। आसपास के लोगों के आने पर हमलावर धमकी देकर भाग गए। सदर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## नुकसान की भरपाई को गेहूं पर बोनस दे सरकार: कुमारी सैलजा

### ारसात व ओलावृष्टि के कारण जो गेहूं बर्बाद होने से बच गया है, उसका दाना कमजोर होने की आशंकाएं कृषि विशेषज्ञों ने जतानी शुरू कर दी

**8 सरकार को किसान के घाटे को पूरा करने के लिए एमएसपी पर 750 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बोनस देना चाहिए**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि बरसात व ओलावृष्टि के कारण जो गेहूं बर्बाद होने से बच गया है, उसका दाना कमजोर होने की आशंकाएं कृषि विशेषज्ञों ने जतानी शुरू कर दी हैं। ऐसे में भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार को किसान के घाटे को पूरा करने के लिए एमएसपी पर 750 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बोनस देना चाहिए। किसान के साथ ही कमेरे की भी सरकार को सुध लेनी चाहिए और दोनों के घर का चूल्हा जलाए रखने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि पिछले 20 दिन के अंदर बार-बार हो रही बरसात व ओलावृष्टि ने फसलों को भयंकर नुकसान पहुंचाया है। अभी तक 1 लाख 82 हजार किसान अपनी 11 लाख एकड़ में फसल बर्बाद होने की सूचना राज्य सरकार को दे चुके हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस सभी के बीच गेहूं की तो



फसल बर्बाद होने से बच गई है, उसकी सही पैदावार होने पर भी संकट खड़ा हो गया है। विशेषज्ञों ने कहना शुरू कर दिया है कि गेहूं की फसल में दाना कमजोर रहने, दाना काला पड़ने की आशंका के चलते उत्पादन 20 प्रतिशत से अधिक घट सकता। इसका सीधा असर किसान व उसके साथ खेत में हाथ बंटाने वाले कमेरे पर पड़ेगा। आर्थिक तंगी का सामना कर रहे किसान-कमेरे की कमर बुरी तरह टूट जाएगी। कुमारी सैलजा ने कहा कि किसी भी किसान व कमेरे के घर में रोटी का संकट खड़ा होने से रोकना प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी है। गठबंधन सरकार को चाहिए कि फसल खराबे की रिपोर्ट तैयार करने के साथ ही वह खेत में काम करने वाले मेहनतकश के नामों की भी सूची तैयार करे और उनके परिवार को सालभर के लिए खाने लायक 20-20 क्विंटल गेहूं उपलब्ध कराए, ताकि उनके घरों के चूल्हे भी जलते रहें।

## सीएम फ्लाइंग का अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम कार्यालय में छापा

**8 जांच करने पर 11 के स्टाफ में से तीन कर्मचारी ही उपस्थित मिले। इसके साथ जीएम नहीं मिले**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**हरियाणा** अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम सोनीपत विभाग पर बुधवार को सीएम फ्लाइंग की टीम ने रेड की। टीम सुबह ही कार्यालय पहुंच गई थी। यहां पहुंचकर टीम ने सबसे पहले स्टाफ की उपस्थिति चेक की। जांच करने पर 11 के स्टाफ में से तीन कर्मचारी ही उपस्थित मिले। इसके साथ जीएम नहीं मिले। टीम ने इसके बाद मौजूद स्टाफ के आगे ही अपनी कार्रवाई शुरू की। लोन संबंधित फाइलों की जांच की गई।

मिली जानकारी के अनुसार जांच में अहम खुलासे हुए है। विभाग की तरफ से ज्यादातर लोन गन्नौर व खरखौदा के रहने वाले लोगों को दिया गया। अब यह पता किया जा रहा है कि लोन किन लोगों को दिया गया ओर वह लोन लेने के पात्र हैं भी या नहीं। छापेमारी के दौरान गहनता से जांच करने पर पता चला है कि एक साल में करीब 800 लोगों को लोन देने का टारगेट है। जबकि लोन करीब 81 लोगों को दिया गया। ऐसे में कम लोन किस लिए गए इसकी भी पूछताछ आला अधिकारियों से की जाएगी। ताकि सही रिपोर्ट आला कमान तक पहुंचाई जा सके। बुधवार को सीएम फ्लाइंग से सुनील कुमार, राजेश कुमार, सतनारायाण ने कार्यालय पहुंचकर जांच शुरू की। जांच के दौरान तीन ही कर्मचारी हाजिर मिले। इसके बाद 2022-23 की लोन संबंधित आठ फाइल चेक की गई। चेक किया गया कि किन लोगों को लोन दिया गया।

## संदिग्ध हालत में युवक लापता, पत्नी ने पुलिस को दी शिकायत

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में युवक लापता हो गया। युवक की पत्नी ने पुलिस को शिकायत देकर अज्ञात पर बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। यूपी हालत में हर्षवर्धन कॉलोनी प्याऊ मनियारी निवासी जिज्ञासा ने बताया कि गत 22 मार्च को उसका पति विजय घर से बिना बताए चला गया। आज तक वापिस नहीं लौटा। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

## महापुरुषों का स्मरण सिर्फ भाजपा ने किया: महंत योगी

**8 राष्ट्र को मजबूती देने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो ऐतिहासिक कार्य किए हैं, वे सदियों से तक स्मरण रहेंगे**

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, गुरुग्राम**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक भारत-श्रेष्ठ भारत मुहिम के तहत भाजपा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, एक भारत-श्रेष्ठ भारत कमेटी हरियाणा के संयोजक मूलचंद शर्मा के मार्गदर्शन में मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में राजस्थान स्थापना दिवस का भव्य कार्यक्रम किया गया। एक भारत-श्रेष्ठ भारत कमेटी हरियाणा के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल की देखरेख में सेक्टर-4 के कम्युनिटी सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से राजस्थान की कला और संस्कृति से हरियाणवियों को रूबरू कराया गया। राजस्थान स्थापना दिवस कार्यक्रम में अलवर से भाजपा के लोकसभा



सांसद महंत योगी बालकनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू ने की। अपने संबोधन में सांसद महंत योगी बालकनाथ ने कहा कि राष्ट्र को मजबूती देने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो ऐतिहासिक कार्य किए हैं, वे सदियों से तक स्मरण रहेंगे। उन्होंने कहा कि अपने पद के महत्व को चरितार्थ करते हुए प्रधानमंत्री ने देश को हर तरह से मजबूत किया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बेहतर कार्यशैली का परिणाम है कि दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। महंत बाबा बालक नाथ ने आगे कहा कि आजादी का यह अमृतकाल सिर्फ एक समय नहीं, बल्कि यह बड़ा बदलाव है। देश को भाजपा सरकार ने दी है मजबूती: श्याम जाजू भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू ने कहा कि हरियाणा में राजस्थान का स्थापना दिवस कार्यक्रम जिस उत्साह के साथ मनाया गया है, उसके लिए नवीन गोयल बधाई के पात्र हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों का गुरुग्राम ही नहीं हरियाणा में असर देखने को मिला है।

## नए समीकरण पर जोर: हरियाणा में 19% दलित वोट बैंक पर कांग्रेस की नजर

### 2 बार के सांसद इंदौरा एससी सेल के अध्यक्ष बने; हुड्डा के करीबी, दीपेंद्र की पसंद

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने पूरे समीकरण तय करने शुरू कर दिए हैं। कांग्रेस ने सूबे के 19% दलित वोट को साधने के लिए बड़ा फैसला किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान के बाद अब केंद्रीय नेतृत्व ने पूर्व एमपी और राज्य के बड़े दलित चेहरे डॉ सुशील इंदौरा को संगठन में अहम जिम्मेदारी दी है। इंदौरा को अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

**कौन है सुशील इंदौरा ?:** सुशील इंदौरा सिरसा लोकसभा क्षेत्र में काफी सक्रिय हैं। वे यहां से दो बार सांसद और ऐलनाबाद से एक



बार विधायक रह चुके हैं। इंदौरा पहले कभी पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला के राजनीतिक परिवार के करीबी हुआ करते थे, लेकिन अब वह पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी हैं। इंदौरा कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र सिंह हुड्डा की पसंद हैं।

**इसलिए कांग्रेस ने खेला दांव:** हरियाणा में फतेहाबाद और सिरसा में दलितों की संख्या सबसे ज्यादा है। इसके साथ ही चाहे लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा यह दलित वोट सभी राजनीतिक दलों के निर्णायक साबित होता रहा है। इंदौरा की नियुक्ति कर हरियाणा कांग्रेस ने यह बड़ा दांव खेला है।

**दलित नेताओं को अहम जिम्मेदारी:** कांग्रेस 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर काफी एक्टिव है। संगठन नहीं होने के बाद भी पार्टी दलितों व पिछड़ों का भरोसा जीतने के लिए एक सोची समझी रणनीति के तहत आगे बढ़ रही है। यही कारण है कि यहां के और भी दलित नेताओं को पार्टी ने अहम जिम्मेदारी पहले से दे रखी है। इनमें हरियाणा के पूर्व सिंचाई मंत्री कैप्टन अजय यादव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, जबकि करनाल जिले के रहने वाले डा. रमेश सैनी को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है।

**संगठन से पहले प्रकोष्ठ की घोषणा:** हरियाणा कांग्रेस में पिछले 8 सालों से पार्टी अपना संगठन खड़ा नहीं कर पाई है। इसकी वजह पार्टी में 4 गुटों का होना है। पहला गुट पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा का है। इसके अलावा राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला, कुमारी शैलजा और किरण चौधरी का गुट पार्टी में सक्रिय है।

## प्रतिभा उम्र की मोहताज नही: आलोक कुमार

**8 समिति प्रधान ने बताया कि इस रिकॉर्ड बनाने की प्रेरणा उन्हें सूर्यनमस्कार के वर्ल्ड चैंपियन संदीप आर्य से मिली है**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**लक्ष्य** स्वस्थ सोनीपत समिति के चौथे स्थापना दिवस 5 अप्रैल पर समिति के प्रधान लक्ष्मीनारायण के द्वारा अपने 61वें जन्मदिवस पर आयुष विभाग हरियाणा व हरियाणा योग आयोग द्वारा आयोजित 75 लाख सूर्यनमस्कार अभियान के अवसर पर वरिष्ठ आयु वर्ग में सूर्यनमस्कार में प्रथम वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए जाने के अवसर पर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के भारत प्रमुख आलोक कुमार ने रिकॉर्ड का मेडल व बेज पहनाकर प्रमाणपत्र देते हुए कहा कि कोई भी प्रतिभा उम्र की मोहताज नही होती। इस अवसर पर समिति प्रधान ने बताया कि इस रिकॉर्ड बनाने की प्रेरणा उन्हें सूर्यनमस्कार के वर्ल्ड चैंपियन संदीप आर्य से मिली है।



अपने सोनीपत प्रवास के दौरान जब संदीप आर्य सोनीपत के विभिन्न विद्यालयों, कॉलेजों व राई स्पोर्ट्स स्कूल में जा जाकर विद्यार्थियों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहे थे।

मुझे भी ये विचार आया कि एक दिन वह भी कोई न कोई वर्ल्ड रिकॉर्ड अवश्य ही स्थापित करूंगा। दो महीने के अथक प्रयास व मेहनत से 75 लाख सूर्यनमस्कार अभियान के दौरान मैने अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। युवाओं व वरिष्ठ जनों को अपना संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि विकल्प रहित संकल्प अवश्य पूर्ण होते हैं।

# शहरी किराएदार बनेंगे मालिक, लागू होगी शहरी स्वामित्व योजना

## निकाय विभाग की योजना सभी विभागों में होगी लागू, जिलों में कलेक्टर रेट को आधार बनाया जाएगा, मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के शहरी क्षेत्रों में भी अब स्वामित्व योजना लागू होगी। प्रदेश में किसी भी विभाग की मालकी वाली दुकान पर बैठे किराएदार सरकार की तय फीस अदा करने के बाद उसके मालिक बन सकते हैं। इसके लिए सभी जिलों में कलेक्टर रेट को आधार बनाया जाएगा। बुधवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लाल डोरे के भीतर स्वामित्व योजना शुरू करने के बाद स्थानीय निकाय विभाग के माध्यम से शहरी स्वामित्व योजना लागू की गई थी। जिसके माध्यम से स्थानीय निकाय विभाग की दुकानों में लंबे समय से किराए पर बैठे करीब एक हजार लोगों को मालिक बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि निकाय विभाग की योजना को लागू करते समय पता चला कि

**अब इस योजना का स्वरूप अन्य सभी विभागों को भेज दिया जाएगा। कलेक्टर रेट के आधार पर यह फीस तय की जाएगी**

निकाय के अलावा लोक निर्माण विभाग, विकास एवं पंचायत विभाग, पब्लिक हेल्थ विभाग समेत कई विभागों की दुकानों में लंबे समय से किराएदार बैठे हुए हैं। अब सरकारी ने शहरी स्वामित्व योजना का विस्तार करते हुए स्थानीय निकाय विभाग से हटकर अन्य दूसरे विभागों में भी लागू करने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आज हुई मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी प्रदान करने के बाद अब इस योजना का स्वरूप अन्य सभी विभागों को भेज दिया जाएगा। कलेक्टर रेट के आधार पर यह फीस तय की जाएगी। जिसकी अदायगी के बाद किराएदारों को मालिकाना हक दिया जाएगा।



### कैबिनेट मीटिंग में लिए गए बड़े फैसले

- कॉमन विलेज नियम 1964 में संशोधन को मंजूरी
- गौशाला स्थापित करने और चारे की खेती के लिए सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं शामलात भूमि को 20 वर्ष तक की अवधि पर पट्टे पर ले सकेंगे
- 1000 लोगों के पीछे 7 एकड़ और इसके अलावा गौशाला की अन्य गतिविधियां और उनसे जुड़े उत्पाद को लेकर भी 2 एकड़ की जमीन ले सकेगा
- ग्राम पंचायत को अपनी भूमि आवंटन के माध्यम से 20 वर्ष की अवधि के लिए कम से कम प्रति वर्ष 5100 रुपए प्रति एकड़ की दर से पट्टे की अनुमति लेनी होगी
- कर्मचारियों को मिलने वाली मेडिकल ऐड में अब आयुष पद्धति का भी पैसा मिलेगा
- आयुष चिकित्सा प्रतिपूर्ति नीति के मसौदे को मंजूरी
- सोनीपत मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी 2023 के विधेयक को मंजूरी
- रेशनलाइजेशन आयोग की संरचना और कार्य क्षेत्र के बारे में अधिसूचना को कार्योत्तर स्वीकृति दी गई।

## लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए विवादों का समाधान योजना को दी मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
बकाया लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क और उस पर लागू ब्याज जमा करने में चूक करने वाले कॉलोनाइजरों को राहत देते हुए हरियाणा ने अपनी तरह की एक और एकमुश्त समाधान योजना विवादों का समाधान की शुरूआत की है। यह योजना इसकी अधिसूचना से छह महीने की अवधि के लिए खुली रहेगी। हरियाणा विकास एवं शहरी क्षेत्रों के नियमन नियम, 1976 के नियम 13 के अनुसार लाइसेंसधारी को लाइसेंस की वैधता अवधि के भीतर विकास कार्यों को पूरा करने में विफल रहने पर लाइसेंस का नवीनीकरण कराना होता है। लाइसेंसधारी को लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए प्रस्तुत करने में विलम्ब या घाटे के नवीनीकरण शुल्क के मामले में 18 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज शुल्क का भुगतान करना पड़ता है। अब ऐसे विलंबों को विलंबित अवधि के लिए 18 प्रतिशत प्रति वर्ष के बराबर संयोजन शुल्क चार्ज करके संयोजन नीति के अनुसार संयोजित किया जाता है। इसलिए, आवंटी के हितों की रक्षा के लिए, विवाद का समाधान पेश किया गया है। यह एकमुश्त राहत नीति, जिसे ईडीसी राहत नीति समाधान से विकास की तर्ज पर तैयार किया गया है।

**योजना की मुख्य विशेषताएं:** यदि कोई कॉलोनाईज? इस योजना का विकल्प देता है, तो लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क के रूप में मूल राशि का 100 प्रतिशत जमा करना एक वैधानिक शुल्क होने की पूर्व-आवश्यकता होगी।

**उन क्षेत्रों के लिए जहां आंशिक समापन प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किया गया है:** यदि कोई कॉलोनाइजर नवीनीकरण शुल्क के खिलाफ बकाया मूल राशि का 100 प्रतिशत जमा करता है और लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क की मूल राशि का 25 प्रतिशत ब्याज के रूप में जमा करता है, यानी कुल बकाया का 125 प्रतिशत नवीनीकरण शुल्क, ऐसे लाइसेंस को नवीनीकरण के लिए माना जाएगा।

**उन क्षेत्रों के लिए जहां आंशिक समापन प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया है:** यदि कोई कॉलोनाइजर नवीनीकरण शुल्क के विरुद्ध बकाया मूल राशि का 100 प्रतिशत जमा करता है और मूल राशि का 10 प्रतिशत ब्याज के रूप में जमा करता है, यानी बकाया नवीनीकरण शुल्क का कुल 110 प्रतिशत, तो ऐसा लाइसेंस हेतु नवीनीकरण के लिए भी विचार किया जाएगा।

## स्वैच्छिक राज्य शिक्षा सेवा नियम में संशोधन को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक हुई जिस में हरियाणा स्वैच्छिक राज्य शिक्षा सेवा (संशोधन) नियम, 2021 में संशोधन को मंजूरी प्रदान की गई। सरकार ने सहायता प्राप्त विद्यालयों कर्मचारियों को 9 अगस्त, 2017 को अधिसूचित हरियाणा स्वैच्छिक राज्य शिक्षा सेवा नियम, 2017 के तहत अपने अधीन ले लिया था। उनकी पेंशन हरियाणा सहायता प्राप्त स्कूल (विशेष पेंशन एवं अंशदायी भविष्य निधि) नियम, 2001 के तहत दी गई थी। सरकार में सहायता प्राप्त विद्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारियों के बराबर पेंशन का प्रावधान करने के लिए वर्ष 2021 में हरियाणा सिविल सेवा (पेंशन) नियम 2016 में संशोधन किया गया था जो 18 अगस्त,2021 से लागू हुए थे। हालांकि 9 अगस्त, 2017 को सहायता प्राप्त कर्मचारियों को सरकार के अधीन लेने की अवधि के बीच कुछ कर्मचारी सेवानिवृत्त भी हुए थे तथा हरियाणा सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2016 के लिए आवेदन की तिथि 18 अगस्त, 2021 थी, ऐसे कुछ कर्मचारियों द्वारा हरियाणा सिविल सेवा (पेंशन) नियम 2016 का लाभ लेने के लिए न्यायालय में भी मामला दायर किया गया, जिसमें पेंशन की कम्यूटेशन के साथ-साथ मासिक चिकित्सा भत्ता कर्मचारियों को मिल रहा है। समानता बनाए रखने के उद्देश्य से तथा हरियाणा सिविल सेवा (पेंशन) नियम 2016 से सम्बन्धित पंजाब एवं उच्च न्यायालय चण्डीगढ़ में लम्बित मामले के निपटान के लिए 9 अगस्त, 2017 को सुनवाई हुई थी। 225 कर्मचारियों को लाभ होगा। हरियाणा स्वैच्छिक राज्य शिक्षा सेवा नियम, 2023 की अधिसूचना के बाद इन कर्मचारियों के पेंशन भुगतान आदेश (पी.पी.ओ.) और पेंशन भुगतान आदेशों का रूपांतरित मूल्य (सी.वी.पी.ओ.) प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) हरियाणा, चंडीगढ़ द्वारा उनकी हरियाणा सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2016 के तहत पात्रता अनुसार जारी किए जाएंगे।

## सोनीपत में होगी मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथारिटी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** सरकार ने सोनीपत में अब मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथारिटी के गठन को मंजूरी प्रदान कर दी है। बुधवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बताया कि अब से पहले विकास के दृष्टिकोण से गुरुग्राम, फरीदाबाद व पंचकूला में मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथारिटी के गठन को मंजूरी दी है। मेवात और कुरुक्षेत्र के लिए अलग से विकास बोर्ड काम कर रहे हैं। सोनीपत का लगातार विकास हो रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रियल एस्टेट के दृष्टिकोण से सोनीपत लगातार आगे बढ़ रहा है।

## आयुष इलाज करवाने पर भी सरकारी कर्मचारियों को मिलेगी मेडिक्लेम की सुविधा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा में सरकारी कर्मचारी अगर आयुष पद्धति से अपना इलाज करवाएंगे तो इसका खर्च सरकार वहन करेगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। इससे पहले प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों को केवल ऐलापैथी में यह सुविधा मिलती थी। मुख्यमंत्री लाल बुधवार को यहां मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आयुष प्रणाली धीरे-धीरे प्रचारित हो रही है। सरकारी कर्मचारी केवल इसी कारण से उपचार नहीं करवाते थे कि उन्हें आयुष पद्धति से करवाए गए इलाज का खर्च खुद वहन करना पड़ता था। अब सरकार ने आयुष पद्धति को सरकारी कर्मचारियों के लिए मंजूरी प्रदान कर दी है। कोई भी सरकारी कर्मचारी आयुष के माध्यम से इलाज करवाएगा तो उसे एलोपेथी की तर्ज पर रिंबर्समेंट मिलेगी।

## कौशल विकास तथा औद्योगिक प्रशिक्षण सेवा नियम को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा कौशल विकास तथा औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, ग्रुप (ख) निदेशालय तथा क्षेत्रीय कार्यालय, सेवा नियम, 2023 को मंजूरी प्रदान की गई। नये नियमों में सहायक निदेशक (तकनीकी), वरिष्ठ शिक्षुता पर्यवेक्षक, प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य के पद के लिए शैक्षणिक योग्यता इंजीनियरिंग में डिग्री निर्धारित की गई है। वर्तमान में मौजूदा नियमों के अनुसार उपरोक्त पदों के लिए इंजीनियरिंग में डिप्लोमा/डिग्री निर्धारित योग्यता थी। प्रधानाचार्य (फुटवियर), प्रशिक्षण अधिकारी (बीटीसी) शिक्षुता तथा प्लेसमेंट अधिकारी के नये सृजित पदों को भरने हेतु नियमों में प्रावधान किया गया है तथा जो पद समाप्त हुए हैं।

# एचईईपी-2020 के तहत रोजगार सृजन सब्सिडी में बढौतरी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
राज्य के स्थानीय युवाओं में निवेश के प्रति आकर्षण की भावना को बढावा देने व रोजगार के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए हरियाणा उद्यम और रोजगार नीति (एचईईपी)-2020 के तहत कर्मचारी रोजगार सृजन सब्सिडी को बढ़ाकर 36000 रुपए से 48,000 रुपए तक तय करने का निर्णय लिया गया है। यह सब्सिडी बी, सी व डी ब्लॉक में हर साल हर कर्मचारी के लिए 10 साल तक लागू होगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में आज यहां इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रिमंडल ने एसजीएसटी प्रतिपूर्ति व निवेश सब्सिडी को कुल 50 प्रतिशत पर कैपिंग करने को भी मंजूरी दी है जो निवेशक फर्म द्वारा अधिकतम एसजीएसटी की प्रतिपूर्ति कुल एसजीएसटी का 50 प्रतिशत भुगतान किया गया हो। हरियाणा रिहायशी प्रमाण पत्र, मान्यता प्राप्त ईएसआई, पीएफ नंबर से पे-रोल या अनुबंध पर 40,000 रुपये तक प्रति माह वेतन के रूप में कमाने वाले राज्य के कुशल/ अर्ध-कुशल, अकुशल कर्मचारियों की क्षमता निर्माण करने के लिए रोजगार सृजन सब्सिडी प्रदान करने का सुझाव दिया गया था। मंत्रिमण्डल की मंजूरी के बाद यह सब्सिडी ग्रुप बी, सी व डी ब्लॉक में 10 साल के लिए प्रति कर्मचारी प्रति वर्ष 48,000 रुपए तय होगी। एसजीएसटी की दर और रोजगार सृजन सब्सिडी में बदलाव उन उद्योगों पर मंत्रिपरिषद की मंजूरी के बाद लागू कर दिया गया है, जो 1 अप्रैल, 2023 को या उसके बाद वाणिज्यिक उत्पादन कर रहे हैं। हालांकि जिन उद्योगों ने पहले ही आवेदन कर दिया है और एसजीएसटी और रोजगार सृजन योजना के तहत प्रोत्साहन ले रहे हैं, उनके लिए मात्रा की दर वह रह सकती है जो पहले नीति में उल्लेख किया गया था। इसके अलावा, मेगा परियोजनाओं और अल्ट्रा-मेगा परियोजनाओं के लिए एसजीएसटी तथा रोजगार सृजन योजना के प्रोत्साहन की अनुमोदित दर हरियाणा उद्यम संवर्धन बोर्ड द्वारा स्वीकृत 1 अप्रैल, 2023 से पहले के समान रहेगी।

## सिविल सेवा परीक्षा में मिलेंगे अब पांच विकल्प

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में निर्णय लिया गया कि हरियाणा सिविल सेवा परीक्षा के प्रत्येक प्रश्न में पांच विकल्प यानी- ए, बी, सी, डी और ई उपलब्ध होंगे। यदि कोई अभ्यर्थी किसी प्रश्न को अटेम्प्ट करता है तो उसे उपयुक्त गोले ए बी, सी या डी को काला करना होगा और यदि कोई प्रश्न नहीं करना है, तो उसे ई गोले को काला करना होगा। यदि किसी भी गोले को काला नहीं किया जाता है, तो एक चौथाई (0.25) अंक काट लिए जाएंगे। कोई भी उम्मीदवार 10 प्रतिशत से अधिक प्रश्नों में पांच गोलों में से किसी एक को काला नहीं करता है, उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

## उम्मीदवारों के लिए पंजीकरण के समय आधार प्रमाणीकरण सेवा अनिवार्य

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ग्रुप-सी और ग्रुप-डी पदों पर सामान्य पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को पंजीकरण के समय आधार प्रमाणीकरण सेवा का उपयोग पोर्टल पर अनिवार्य करने का निर्णय लिया गया। भर्ती प्रक्रिया को आसान बनाने और भर्ती उद्देश्य विशेष रूप से कंप्यूटर डेटा में फर्जी या डुप्लीकेट उम्मीदवारों की अनावश्यक जानकारी को समाप्त करने में सहायता के लिए यह निर्णय लिया गया है।

# गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण की स्थापना होगी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा की गई घोषणा के अनुसार राज्य सरकार ने वित्त विभाग में शून्य भ्रष्टाचार सुनिश्चित करने, इंजीनियरिंग कार्यों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली में सुधार करने और बढ़ाने के लिए गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण (क्यूएए) की स्थापना की है। प्राधिकरण गुणवत्ता आश्वासन के लिए 1+4 स्तरीय प्रक्रिया अपनाएगा। इस संबंध में एक प्रस्ताव को आज यहां मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी दी गई। इसमें प्राधिकरण में एक अध्यक्ष और दो सदस्य होंगे। प्राधिकरण में अध्यक्ष वह व्यक्ति होगा जो राज्य सरकार में सचिव के रैंक का या समकक्ष अधिकारी है या रहा है अथवा केंद्र या राज्य सरकार में इंजीनियर-इन-चीफ है या ऐसा व्यक्ति जिसके पास प्रतिष्ठित संस्थान में गुणवत्ता प्रबंधन या सरकार में कम से कम 25 वर्ष का अनुभव है , वह राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किया जाएगा। इसके अलावा, राज्य सरकार द्वारा राज्य सरकार के अधिकारियों या मुख्य अभियंता या उससे ऊपर के रैंक के राज्य सरकार के स्वामित्व और नियंत्रण वाले किसी संगठन में से एक सदस्य नियुक्त किया जाएगा। वित्त विभाग के प्रशासनिक सचिव या उनकी ओर से उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए उनके द्वारा नामित किया जाने वाला कोई अधिकारी, जो सरकार के सचिव के पद से नीचे का न हो, सदस्य होगा।

**प्राधिकरण की शक्तियां और कार्य:** यह प्राधिकरण इंजीनियरिंग कार्यों में गुणवत्ता और उसके प्रबंधन के लिए मानदंड और मानक स्थापित करेगा और अधिसूचित करेगा। साथ ही , गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं और केंद्रों की मान्यता के लिए मानदंडों और मानकों को अधिसूचित करेगा। यह प्राधिकरण गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं और केंद्रों को मानकों के आधार पर मान्यता देगा और गुणवत्ता परीक्षण प्रक्रिया में उनकी अखंडता की निगरानी करेगा और इंजीनियरिंग कार्यों को लागू करने वाले राज्य सरकार के विभागों और उनके स्वामित्व वाले और नियंत्रित संगठनों द्वारा किए गए इंजीनियरिंग कार्यों में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन के लिए मानदंड और मानक स्थापित करेगा। प्राधिकरण इंजीनियरिंग कार्यों को लागू करने वाले राज्य सरकार के विभागों और सरकार के स्वामित्व और नियंत्रण वाले संगठनों द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन मानकों के पालन की निगरानी करेगा।

# आईपीएल में कमेंट्री के रूप में गूंजी एसजीटी के रिजवी की आवाज

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**इंडियन** प्रीमियर लीग में आजकल भोजपुरी कॉमेंट्री काफी लोकप्रिय हो रही है। इतना ही नहीं विभिन्न भाषाओं में कमेंट्री होने से दर्शकों की संख्या में भी काफी इजाफा देखने को मिल रहा है। ये बातें बुधवार को एसजीटी यूनिवर्सिटी के क्रिएटिव डायरेक्टर गुलाम हुसैन रिजवी ने कही। उन्होंने कहा कि अब भोजपुरी बोली में कमेंट्री का लुत्फ पूरा देश उठा है। बता दें कि रिजवी 31 मार्च से शुरू हुए आईपीएल में भोजपुरी बोली में कमेंट्री कर रहे हैं। इण्डियन प्रीमियर लीग में इन दिनों क्रिकेट कमेंटरी कर रहे एसजीटी यूनिवर्सिटी के क्रिएटिव डायरेक्टर गुलाम हुसैन रिजवी का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग में भोजपुरी बोली में कमेंट्री करने से टीआरपी भी बढ़ रही है। रिजवी ने बताया कि एसजीटी विश्वविद्यालय में उन्हें कई ऐसे मौके मिले जहां पर वह एक वॉइस आर्टिस्ट के तौर पर काम कर सके। उन्होंने बताया कि अभी तक आईपीएल के 7 मैच खेले जा चुके हैं और सातों मैचों में उनका भोजपुरी बोली में कमेंट्री करने का अनुभव शानदार रहा है। रिजवी ने बताया कि सोशल मीडिया, 18 और जिओ सिनेमा पर आईपीएल को देखने के लिए पूरा देश उमड़ा हुआ है। इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब एक बोली को लोग इतना प्यार दे रहें हो। लोग उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से संदेश भेजकर अपना प्यार जता रहे हैं। रिजवी ने कहा कि उन्होंने भोजपुरी सुपरस्टार व गोरखपुर से एमएलए रवि किशन के साथ कमेंट्री की। इसके साथ ही वो अभी तक सौरव वर्मा, सत्यप्रकाश कृष्णा, मोहम्मद सैफ, शिवम सिंह और सुमित मिश्रा के साथ कमेंट्री कर चुके हैं।

**रिजवी ने कहा कि उन्होंने भोजपुरी सुपरस्टार व गोरखपुर से एमएलए रवि किशन के साथ कमेंट्री की।**

# शिक्षा ही समाज की मजबूती का आधार: दिग्विजय

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि आज समाज को सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक तौर पर संगठित करने व मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज को आगे बढ़ाने का हथियार है और शिक्षा से जुड़ी पहल में सभी को आगे आकर अपना योगदान देना चाहिए। वे बुधवार को राजस्थान के जोधपुर में चौधरी रामनारायण जिला छात्रावास, भगत की कोठी में विद्यार्थियों के लिए लाइब्रेरी का लोकार्पण करने के दौरान संबोधित कर रहे थे।



दिग्विजय चौटाला ने इस लाइब्रेरी के निर्माण के लिए अपने निजी कोष से 5 लाख 51 हजार रूपए की राशि दान की। वहीं दिग्विजय गुरुवार को राजस्थान विश्वविद्यालय डीएसडब्ल्यू व छात्र संघ द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम घूमर में शिरकत करेंगे। जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कहा कि आर्थिक रूप से एकता का पर्याय यह है कि जो समर्थ हो, वह आगे आकर जरूरतमंद की मदद करें, इससे न सिर्फ समाज में आर्थिक स्थिरता आएगी बल्कि आपसी सद्भाव भी बढ़ेगा। दिग्विजय ने सामाजिक एकता पर बोलते हुए कहा कि समाज में एक दूसरे को आगे बढ़ाने में मदद का भाव होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि 36 बिरादरी का साथ लेकर समाज में प्यार प्रेम और सहयोग का भाव होना चाहिए, आपस में ईर्ष्या, द्वेष व टांग खिंचाई नहीं होनी चाहिए। दिग्विजय चौटाला ने राजनीतिक एकता पर बोलते हुए कहा कि यह आज के दिन बहुत जरूरी है लेकिन इसका बहुत अभाव है।

# परिवर्तन पद यात्रा से होगा व्यवस्था व सत्ता परिवर्तन: कांता चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
इनेलो के प्रधान महासचिव एवं विधायक अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में शुरू की गई परिवर्तन पदयात्रा आपके द्वार से प्रदेश के अंदर निश्चित रूप से व्यवस्था व सत्ता का परिवर्तन होगा। इसलिए आप सब से अपील है कि आप इस पद यात्रा में अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर सत्ता परिवर्तन में सहयोग दें। यह बात चौधरी अभय सिंह चौटाला की धर्मपत्नी कांता चौटाला ने बुधवार को जिले के डबवाली हलका के एक दर्जन से अधिक गांवों में लोगों को संबोधित करते हुए कही। कांता चौटाला ने



आज कई गांवों में कार्यकताओं के घर जलपान किया तथा सुख-दुख में शामिल हुई। उनका गांवों का दौरा आज डबवाली हलके के गांव रिसालियाखेड़ा से आरंभ हुआ। रिसालियाखेड़ा गांव में सबसे पहले वे एक स्कूल के कार्यक्रम में शामिल हुई। उसके बाद गांव में कई लोगों के घर जलपान किया। इसके बाद उन्होंने गांव बनवाला, रत्ताखेड़ा, दारेवाला, गोविका, कालुआना में भी लोगों के घर जलपान किया और सुख-दुख में शामिल हुई। उन्होंने कुछ कार्यकताओं के निधन पर उनके घर जाकर शोक व्यक्त किया। इस दौरान कांता चौटाला ने कहा कि वर्तमान सरकार से हर वर्ग परेशान हो चुका है। किसानों को उनकी फसलों का उचित रेट नहीं मिल रहा है। फसलें खराब हो गई मगर सरकार ने मुआवजा नहीं दिया है। कर्मचारी आंदोलन की राह पर हैं। युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। बेरोजगारी में हरियाणा नंबर वन बन गया है। ऐसे में लोग अब इस जनविरोधी सरकार से छुटकारा चाहते हैं। उन्होंने कहा कि परिवर्तन पद यात्रा प्रदेश में सत्ता परिवर्तन लाने का काम करेगी। उसके बाद इनेलो की सरकार होगी तथा हर तरफ खुशहाली होगी। पहले की तरह सरकार लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करेगी। इसलिए आप सब से अपील है कि आप पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सहयोग करे ताकि प्रदेश में इनेलो की सरकार बन सके।



# दो मंजिला भवन आगामी अगस्त तक हो सकता है मुकम्मल

## जिला सचिवालय परिसर में तेजी से हो रहा भव्य रिकॉर्ड रूम का निर्माण: अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**शहर के** सैक्टर-12 स्थित जिला सचिवालय में रिकॉर्ड रूम भवन का निर्माण तेजी से हो रहा है। अब तक इसके स्ट्रक्चर का आधे से ज्यादा काम हो चुका है, यानि प्रथम तल की स्लैब डाली जा चुकी है और द्वितीय तल पर स्लैब डाले जाने की तैयारी चल रही है, जो आगामी 10 अप्रैल तक डाल दी जाएगी। इसके बाद तीसरी स्लैब डाली जाएगी। मई के प्रारम्भ में स्लैब डालने का काम लगभग पूरा हो जाएगा। इसके बाद ही बिल्डिंग के शेष कार्य पूरे होंगे। अनुमान के अनुसार आगामी अगस्त 2023 तक भवन मुकम्मल हो सकता है। इसका निर्माण उपायुक्त एवं करनाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीईओ अनीश यादव की देखरेख में हो रहा है। इस पर अनुमानित 4 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत आएगी। वर्कमैनशिप और क्वालिटी का है बेजोड़ नमूना-

> 8 अब तक इसके स्ट्रक्चर का आधे से ज्यादा काम हो चुका है, यानि प्रथम तल की स्लैब डाली जा चुकी है

रिकॉर्ड रूम में प्रयुक्त सामग्री क्वालिटी के हिसाब से बहुत ही बेहतर है। पूरी बिल्डिंग कुल 34 पिलर यानि कॉलम पर आधारित है। इसके काम को देखने मात्र से ही अच्छी वर्कमैनशिप का आभास होता है। निर्माण स्थल पर सुपरविजन के लिए आए कॉंट्रैक्टर ने बताया कि अगले कई दशकों तक इसकी मजबूती टस से मस नहीं होगी।
यह हैं सुविधाएं- बतौर उपायुक्त अनीश यादव, भव्य रिकॉर्ड रूम का निर्माण 353 वर्ग मीटर क्षेत्र में किया जा रहा है। इसके भूतल पर रिकॉर्ड रूम कार्यालय के कमरे होंगे, जबकि पहले और दूसरे तल



पर सरकारी दस्तावेजों को रखने के लिए बड़े-बड़े रैक होंगे। इसमें सीढि?ों के साथ-साथ लिफ्ट की सुविधा रहेगी। उचित वैंटीलेशन प्रणाली, आग और धुएं का पता लगाकर रोकथाम के लिए स्वचालित प्रणाली का प्रावधान किया जाएगा। अभिलेखों का उचित रख-रखाव होगा तथा उपलब्ध रिकॉर्ड की पुर्नप्राप्ति की जा सकेगी।
जिला सचिवालय के ब्लॉक-द्ध्द्ध में है मौजूदा रिकॉर्ड रूम- ज्ञात रहे कि जिला सचिवालय के ब्लॉक-द्ध्द्ध के द्वितीय तल पर मौजूदा रिकॉर्ड रूम है। खास बात यह है कि इसमें करीब 2 करोड़ पेजों के दस्तावेज रखे गए हैं, जो डिजिटल रूप में भी उपलब्ध हैं। पुराने राजस्व रिकॉर्ड का स्कैन करके डिजिटाई करने में करनाल ने एक बड़ी उपलब्ध्यि हासिल की है। खास यह भी है कि जिला में इस काम को जिस स्पीड से किया गया, उसकी सराहना स्वयं तत्कालीन वित्तायुक्त और अब मुख्य सचिव हरियाणा संजीव कौशल की ओर से की गई थी। अंग्रेजों के जमाने का भी है रिकॉर्ड- पुराने रिकॉर्ड की बात करें तो यह 1832 से लेकर 2021 तक का है।

वर्षों तक यह पुरानी कचहरी के एक मजबूत किले समान एक रिकॉर्ड रूम में सुरक्षित रहा, लेकिन इसे देखने और ढूंढने में काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। इसके बाद हरियाणा सरकार ने एक प्रोजेक्ट के जरिए इसे डिजिटाईल करने का निर्णय लिया और वर्ष 2017 में कैथल जिले से इस कार्य की शुरूआत की गई। इसकी सफलता को देखते हुए इस प्रोजेक्ट को प्रदेश के सभी जिलो में दोहराया गया। करनाल में इसकी शुरूआत 1 अगस्त 2019 से हुई थी। हालांकि भारी-भरकम रिकॉर्ड को डिजिटाईल करने की एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन प्रशासन ने दिन-रात कार्य कर इसे बखूबी अंजाम तक पहुंचाया। इस काम में 50 से अधिक ऑप्रेटर लगाए गए। रिकॉर्ड को डिजिटाईल करने का काम लगभग पूरा हो चुका है। जिला स्तर के रिकॉर्ड में जमाबंदी, इंतकाल, सिजरा नसब, फील्ड बुक, कोर्ट केस फाईल, ऑफिस फाईल, इस्तेमाल बस्ता, बंदोबस्त बस्ता व मसावी शामिल हैं, जिसे सहेज कर रखने के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। मौजूदा रिकॉर्ड की स्कैनिंग एवं डिजिटाईल किए गए सभी दस्तावेजों को बार कोड पैकिंग द्वारा मैटल बॉक्स एवं मजबूत रैको में सुरक्षित रखा गया है। इसके लिए उचित अग्नि सुरक्षा व्यवस्था व निगरानी कैमरे भी लगाए गए हैं।

# योग शरीर का कायाकल्प करने का एकमात्र साधनः दिनेश



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरा** मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग का निरंतर प्रचार, प्रसार करते हुए संचालक और मुख्य शिक्षक दिनेश गुलाटी ने फव्वारा पार्क योग कक्षा में योगाभ्यास करवाया। उन्होंने मुख्य रूप से शरीर के वजन को कम करने के लिए योगासन करवाए।
उन्होंने कहा कि हर उम्र के लोग खासकर महिलाएं व बुजुर्ग व्यक्ति योग के माध्यम से निरोगी काया पा रहे हैं। योग को प्रतिदिन अपने जीवन में अपनाकर स्वस्थ और निरोग रखा जा सकता है।
उन्होंने कहा कि योग शरीर का कायाकल्प करने का एकमात्र साधन है। और शरीर को ऊजार्वान और बलवान बनाए रखने में योग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अपने शरीर को रोग मुक्त रखना सबसे महत्वपूर्ण है। योग जहां आंतरिक रूप से शक्ति प्रदान करता है, वही फिट रहने के लिए लाभदायक है।
दिनेश गुलाटी ने कहा कि मनुष्य को प्रकृति की ओर से संतुलित और सुडौल शरीर मिला है, पर वह गलत रहन-सहन, अनुचित खानपान और अनियमितता से शरीर को बेढ़ोल बना लेते हैं। विभिन्न तरह की व्याधि से पीड़ित व्यक्ति के लिए योग उत्तम है।

## न्यूज फ्लैश

### गांव गगसीना के खेतों में पड़ा मिला युवक का शव, तीन दिन से था लापता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले** के गगसीना गांव के खेतों में एक युवक का शव संदिग्ध हालातों में बरामद हुआ है। मृतक के शरीर पर चोटों के निशान पाए गए है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव रेंरकलां का 25 वर्षीय बीरू तीन दिन से लापता था। 3 अप्रैल को बीरू अपनी बाइक पर सवार होकर करनाल की तरफ अपने काम पर गया था। परिजनों की माने तो बीरू दोपहर को घर पर आता था लेकिन उस दिन वह घर पर नहीं आया, जिससे परिजनों की चिंता ओर भी ज्यादा बढ़ गई। परिजनों ने तलाश शुरू की तो गगसीना-करनाल रोड पर शाम को ही बीरू की बाइक बरामद हुई। इसके बाद उन्होंने पुलिस थाने में भी बीरू के लापता होने की शिकायत दी थी और पुलिस अधिकारियों से भी गुहार लगाई थी कि बीरू की तलाश की जाए, लेकिन उनकी कोई भी मदद नहीं की गई। जिस स्थान से बीरू की बाइक बरामद हुई थी, उसी स्थान पर परिजनों ने तलाश शुरू की, जहां पर खेतों में बीरू का शव बरामद हुआ। शव मिलने से आसपास के एरिया में सनसनी फैल गई और देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ एकत्रित होनी शुरू हो गई। बीरू कूड़ा बीनने का काम करता था। परिवार में बूढ़े माता पिता और बीरू के तीन बच्चे व पत्नी है। बीरू का एक भाई भी बताया जा रहा है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

# राहुल शर्मा बने टीम संजय अग्रवाल के जिला प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत** शहरी विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी संजय अग्रवाल द्वारा अपने कार्यालय में राहुल शर्मा को टीम संजय अग्रवाल का जिला प्रधान नियुक्त किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल ने नियुक्ति पत्र देकर राहुल शर्मा को कार्यभार सौंपा। वही टीम संजय अग्रवाल के नवनियुक्त जिला प्रधान ने बताया कि आज जिस प्रकार से मुझे जिला प्रधान की जिम्मेदारी दी गई है ।ऐसे में मैं सभी का धन्यवाद करता हूं। और मैं विश्वास दिलाता हूं जिस प्रकार से जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है मैं इस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। और पानीपत शहरी विधानसभा में संजय अग्रवाल को पूर्व से मजबूत करने का काम किया जाएगा। हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर बहुत जल्द शहरी विधानसभा एवं प्रत्येक वार्ड में टीम संजय अग्रवाल से प्रधान बनाए जाएंगे ताकि कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल को पानीपत शहर विधानसभा पर और ज्यादा मजबूत है बना सके। इस दौरान पानीपत शहरी विधानसभा कांग्रेस सेवा दल के प्रधान दीपक शर्मा, बीसी सेल के प्रधान सोमनाथ चौधरी, अंकित गहलोत, सुमित कश्यप,सुमित कश्यप, रमन शर्मा, मधु बाला,प्रिंस लाठवाल,महेश लड़वाल,सचिन जिंदल, बंटी लडवाल,रोहित,विक्की दिलावर,मनीष रावल आदि साथी मौजूद रहे।

# मिक्सड यूज डेवलपमेंट का निर्माण कार्य जोरों पर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**स्मार्ट** सिटी मिशन के मेगा प्रोजेक्ट मिक्सड यूज डव्लपमेंट का निर्माण कार्य जोरों पर है। उपायुक्त एवं केएससीएल के सीईओ अनीश यादव इसकी निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे हैं, ताकि यह तय समय में पूरा किया जा सके। बुधवार को उपायुक्त ने इस प्रोजेक्ट की साईट विजिट कर अब तक हुई प्रगति का जायजा लिया और कार्य को लेकर इसके इंजीनियरों को निर्देश दिए।
यह है मिक्सड यूज डेव्लपमेंट प्रोजैक्ट- मिक्सड यूज डव्लपमेंट प्रोजेक्ट का निर्माण स्मार्ट सिटी मिशन की ओर से किया जा रहा है। यह आधुनिक तकनीक एवं उम्दा निर्माण सामग्री काबेजोड़ संगम हैं। शहर के बीचों-बीच स्थित होने के कारण



इसका महत्व ओर भी बढ़ जाता है। पहले यहां नगर निगम तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय सहित महिला आश्रम व नारी निकेतन जैसे भवन थे, जो काफी पुराने और बेतरतीब डिजाईन के थे। लेकिन अब यहां अत्याधुनिक तकनीक से नए भवन बनाए जा रहे हैं। बड़ा प्रोजैक्ट होने के नाते इस पर 106 करोड़ रुपये की लागत बताई गई है। इसमें 49 करोड़ रुपये की राशि, प्रोजैक्ट के कॉमर्शियल कॉम्पलैक्स पर खर्च होगी। शेष राशि से महिला आश्रम, नारी निकेतन और इसके दूसरे फेज के निर्माण कार्य पूरे किए जाएंगे।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने जानकारी दी कि नारी निकेतन की बिल्डिंग आगामी जुलाई तथा महिला आश्रम दिसंबर तक मुकम्मल हो जाने की उम्मीद है। इसके बाद नए भवनो में दोनो कार्यालय शिफ्ट हो जाएंगे। अन्य कार्यालयो में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला बाल संरक्षण ईकाई जैसे कार्यालय होंगे। दूसरी ओर इस प्रोजेक्ट केकॉमर्शियल कॉम्पलैक्स का भी तेजी से काम चल रहा है। कॉमर्शियल कॉम्पलैक्स एक माल या बिग बाजार की तरह होगा, जिसमें 22 दुकाने और 18 बूथ बनेंगे, जिनमें लोगों का अच्छा-खासा फुटफाल रहेगा।

# सीजेएम ने किया सेफ हाउस का निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**भागे हुए** जोड़ों और लिव इन रिलेशनशिप में एक साथ रहने वालों को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में सीजेएम जसबीर ने निरीक्षण के लिए पुलिस लाइन स्थित सेफ हाउस का दौरा किया। जिला स्तर पर ऐसे जोड़ों द्वारा सामना की जाने वाली शिकायतों को दूर करना था, ताकि उन्हें मदद के लिए उच्च न्यायालय जाने के लिए मजबूर न होना पड़े। उन्होंने बताया कि सेफ हाउस में कुल 12



जोड़े ठहरे हुए हैं। सेफ हाउस के परिसर के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विवाहित जोड़ों को केवल एक ही कमरा आवंटित किया गया था। उन्हें बिस्तर उपलब्ध नहीं कराया गया। कमरे में कोई पार्टीशन नहीं है। जोड़ों को व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से बातचीत की गई। उन्हें सूचित किया गया कि जांच अधिकारियों द्वारा बयान दर्ज करने के दौरान यदि उन्हें कोई समस्या आ रही है तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सलाह ले सकते हैं।

# राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने किया विदाई समारोह का समारोह

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो मुख्यालय मधुबन के सभागार में पुलिस अधीक्षक ताहिर हुसैन, इंस्पेक्टर संजीव गौड़, शिव दर्शन व इंस्पेक्टर जोगेंद्र सिंह की अलग-अलग जगह पर पोस्टिंग होने पर डीएसपी राजेश कुमार, वीरेंद्र सिंह एवं समस्त मुख्यालय स्टाफ हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा विदाई समारोह आयोजन किया गया व इन सभी के उज्वल भविष्य की कामना की गई।

# एसपी शंशाक कुमार सावन ने संभाला पदभार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**शंशाक** कुमार सावन ने बतौर पुलिस अधीक्षक पदभार ग्रहण किया गया। उन्होंने पदभार संभालते ही मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि जिला पुलिस द्वारा पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर अतिशीघ्र व कानून के दायरे में रहकर निपटारा किया जाएगा।
उन्होंने बताया कि करनाल में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने, किसी भी तरह के अपराध पर रोकथाम लगाने, जिले में अवैध कारोबारों पर पूर्णतयाः अंकुश लगाने व लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से निपटारा करना, करनाल पुलिस के प्राथमिक कार्य होंगे।

उन्होंने जिलावासियों को आश्वस्त किया कि वह अपनी किसी भी प्रकार की जायज समस्याओं को लेकर उनके कार्यालय में मिल सकते हैं। जिला में अपराध घटित न होने देना, अपराध घटित होने की सूरत में उस पर त्वरित कार्यवाही करके असल दोषियों को गिरफ्तार कर जल्द से जल्द सजा दिलाकर पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाने का प्रयास जिला पुलिस करेगी। उन्होंने जिलावासियों से कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में जिला पुलिस का सहयोग करने की भी अपील की। पुलिस अधीक्षक शंशाक कुमार सावन 2015 बेच के ईमानदार, कर्मठ व एक तेज तर्रार पुलिस अधिकारी हैं। उन्होंने अपनी मेहनत के बल पर आईपीएस तक



का सफर तय किया है। पुलिस अधीक्षक ने आईआईटी दिल्ली से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से बीटेक की डिग्री की हुई है। पुलिस अधीक्षक को उनके बेहतर अनुसंधान कार्य व बेहतर सेवाओं के लिए वर्ष 2020 में केंद्रीय गृहमंत्री पदक से भी नवाजा गया है। पुलिस अधीक्षक ने जिला पानीपत में 27 महीने से अधिक की सेवाएं देने के बाद जिला करनाल में बतौर पुलिस अधीक्षक पदभार संभाला है। जिला पानीपत में अपनी सेवा देने से पहले उन्होंने पुलिस अधीक्षक कैथल, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय गुडगांव व एएसपी झज्जर के तौर पर भी अपनी सेवाएं दी हैं।
बतौर पुलिस अधीक्षक का कार्यभार संभालते ही उन्होंने करनाल की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पूजा खत्री, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मुकेश कुमारए उप पुलिस अधीक्षक शहर बीर सिंह, उप पुलिस अधीक्षक करनाल-2 गौरव फोगाट व उप पुलिस अधीक्षक घरौंडा मनोज कुमार के साथ भेंटवार्ता की।

# जिला कारागार में हुआ स्पेशल लोक अदालत का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला कारागार** में सीजेएम जसबीर कौर द्वारा स्पेशल जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें 6 अंडर ट्रायल प्रिजनर्स के केसों का चयन किया गया और उसमें से 5 केसों में 5 के जुर्म कबूलने के बाद अंडरगोन किया गया। उन्होंने बताया कि समय-समय पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा हर माह के पहले और तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। जसबीर कौर महिला कैदियों के बैरक में जाकर सभी महिला कैदियों से वातार्लाप की और उनको होने वाली किसी भी तरह की



परेशानी के बारे में पूछा साथ ही साथ कैदियों से आग्रह किया कि अगर किसी के पास उसकी केस की पैरवी करने के लिए वकील नहीं है तो वह सुपरिंटेंडेंट जिला कारागार के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण को भेज सकता है। अर्थॉरिटी द्वारा उसको पैनल अधिवक्ताओं में से किसी एक को उसके केस की पैरवी करने के लिए नियुक्त कर दिया जाएगा। उन्होने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बच्चों, वरिष्ठ नागरिक, अनुसूचित जाति व जनजाति या आम नागरिक जिसकी सभी स्त्रोतों से आय 3 लाख से कम है ऐसे व्यक्ति मुफ्त कानूनी सलाह या मुफ्त कानूनी सहायता पाने का हकदार है। आज की जेल लोक अदालत मे अमित भादू, सुपरिंटेंडेंट, जिला जेल, शैलाक्षी भारद्वाज, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट, जिला जेल भी उपस्थित थी। अमित भादू, सुपरिंटेंडेंट, जिला जेल ने सीजेएम को आश्वस्त किया कि हम सप्ताह में एक बार सभी कैदियों से पूछते रहते हैं कि किसी के पास कोई वकील उसके केस की पैरवी करने के लिए न हो तो जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा उसे निशुल्क प्रदान किया जाएगा।

# राजकीय महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने कुवि में आयोजित शिविर में लिया भाग

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पंडित** चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय के एनएसएस प्रकोष्ठ के आठ स्वयंसेवकों व छह स्वयंसेविकाओं ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय आयोजित विश्वविद्यालय स्तरीय एनएसएस सात दिवसीय शिविर में भाग लिया। महाविद्यालय पहुँचने पर प्राचार्या डॉ. सरिता कुमार ने सभी का स्वागत किया।
प्राचार्या डॉ. सरिता कुमार ने स्वयंसेवको को मेडल और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया और कार्यक्रम अधिकारी वंदना सैनी को बधाई दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी वंदना सैनी ने बताया कि इस साप्ताहिक शिविर में केयू के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों से अलग-अलग जिलों के 22 महाविद्यालयों की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों से 209 स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। सात दिन तक चले इस शिविर में विभिन्न विषयों जैसे सडक सुरक्षा, राष्ट्रीय सेवा योजना का हमारे जीवन में महत्व, तनाव से मुक्ति, व्यक्तित्व विकास, स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा स्वयंसेवकों में विश्वविद्यालय के सेकेंड गेट से थर्ड गेट तक सफाई अभियान भी चलाया। स्वयंसेवको ने प्रत्येक दिन हर अलग-अलग प्रतियोगिताओं में हिस्सा भी लिया।

# पानीपत निगम हाउस की बैठक में प्रस्तावित बजट पास

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**नगर** निगम पानीपत हाउस की बैठक बुधवार को दोपहर बाद देवी लाल काम्पलैक्स स्थित निगम के सभागार में मेयर अवनीत कौर की अध्यक्षता में हुई। हाउस की बैठक में नगर निगम का 2023-24 का करीब 295 करोड रूपए का प्रस्तावित बजट एकमत से पास कर दिया गया। जबकि प्रस्तावित बजट में 267 करोड रूपए खर्च दिखाया गया है। हालांकि सभी पार्षदों ने बजट को तो एकमत से पास कर दिया पर निगम अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा की जाने वाले कम रिकवरी को लेकर उनकी जमकर खिचाई की है। सीनियर डिप्टी मेयर दुष्यंत भट्ट, डिप्टी मेयर रविंद्र फूले, पार्षद अशोक कटारिया, संजीव दहिया, रविंद्र भाटिया, लोकेश



नागरू, विजय जैन, पवन गोगलिया,अनिल बजाज, बलराम मकौल व अतर सिंह रावल सहित अन्य पार्षदों ने कहा कि अब रिकवरी के मामले में निगम कर्मचारियों की ढिलाई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निगम की रिकवरी नहीं होने पर शहर में होने वाले विकास कार्य भी बाधित होते है। बैठक में निगम आयुक्त राहुल नरवाल, पार्षद चंचल डावर, सुनील सोनी, शकुंतला गर्ग, पवन राणा, नरेंद्र शुरा,मिनाक्षी नारंग, अश्वनी ढींगड़ा आदि भी मौजूद रहे।
**पानीपत शहर में संजय चौक का नाम होगा अब वंदे मातरम चौकः** शहरी विधायक प्रमोद विज के 11 प्रस्तावों को हाउस की मीटिंग में एकमत से पार्षदों ने पास कर दिया। जिसमें पानीपत शहर में जीटी रोड स्थित संजय चौक का नाम अब वंदे मातरम चौक कर दिया गया है। शहर में शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की असंध रोड स्थित रामलाल चौक पर मूर्ति स्थापित की जाएगी। शहर को टेक्सटाइल सिटी के रूप में बसाने वाले उस्ताद नंद लाल रेवड़ी के नाम पर जीटी रोड से अमर भवन चौक तक के मार्ग पर प्रवेश द्वार बनवाया जाएगा।

पूर्व पार्षद स्वर्गीय हरीश शर्मा के नाम पर जीटी रोड से फतेहपुरी चौक तक के मार्ग का नाम हरीश शर्मा मार्ग एवं इसी मार्ग पर हरीश शर्मा द्वार बनाया जाएगा। वहीं विधायक प्रमोद विज ने उनके सभी प्रस्तावों को हाउस की मीटिंग में पास करने पर सभी पार्षदों का आभार व्यक्त किया है।

## संपादकीय

# चीन की गीदड़ भभकी पर क्यों परेशान हों

**चीन** ने अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न जगहों का नाम बदलने का एक ऐसा शिफूगा छोड़ा है जिसमें ना आवाज है और न चिंगारियां। फिलहाल यह पहली मर्तबा नहीं हुआ है जब उसने इन जगहों के नाम बदलने की कोशिश की हो। पूर्व में भी वह ऐसी ओछी हरकतें कर भारत को उकसाने का काम किया। उसकी इस गीदड़ भभकी को ज्यादा गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। पर, सतर्कता बरतनी बेहद जरूरी है। दुश्मन चाहे, कमजोर हो या ताकतवर, हल्के में नहीं लेना चाहिए। केंद्र की खुफिया एजेंसियों और अरुणाचल प्रदेश की लोकल इंटेलिजेंस को पैनी निगरानी उन क्षेत्रों पर रखनी होगी, जिनका नाम बदलने का जिक्र किया है। सैन्य पहरा भी जरूरी है क्योंकि यही वो भाग है जिसपर दुश्मन की कई दर्शकों से नजर है। चीन ने अपने सरकारी अखबार के जरिए जो ये विवादित बात कही है, उसके परिणाम दूरगामी भी हो सकते हैं। क्योंकि इस बार उनकी बाकायदा मीटिंग में नाम तय किए गए हैं। जैसे विपक्ष सालों से आरोप लगाता आया है कि चीन अरुणाचल प्रदेश के कई हिस्सों में घुस गया है। आज से दो वर्ष पूर्व यानी दिसंबर-2021 में भी चीन ने अरुणाचल के विभिन्न जगहों के नाम बदले का कोरा झूठ बोला था। तब हमारे विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि चाइना ऐसा करके हमें दिव्य भ्रमित करना चाहता है। अपनी नापाक हरकतों से हमारी नजरें हटाना चाहता था। सोचने वाली बात है, हमसे हजारों किलोमीटर दूर पर बैठे लोग पहले से तय हमारे स्थानों के नाम बदलने की बात करता है। इससे उनके दिमाग का दिवालियापन ही कहा जाएगा। ऐसे तो हमारी सरकार भी दिल्ली में बैठकर शंघाई का नाम ह्यसंघर्ष नगरह्ण रख देगी, तो क्या उससे उसका नाम संघर्ष नगर हो जाएगा। नाम तो नहीं बदलेगा। पर, उपहास जरूर उड़ेगा, जैसा इस वक्त चीन का उड़ रहा है। नाम बदलने का नया विवाद दरअसल है क्या? इसे आसान थ्योरी में अगर समझें, तो इसे चीन की नापाक चाल ही कहेंगे। उसने एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताकर करीब हमारे 11 अधिकृत स्थानों को अपना नाम दिया है। इसके लिए बाकायदा बीते रविवार को चीनी कैबिनेट की ह्यस्टेट काउंसिल मीटिंगह्ण आयोजित हुई जिसमें ये सभी प्रस्ताव पारित हुए। अरुणाचल प्रदेश के 11 स्थानों को बिंदुवार तरीके से नए नाम रखे गए। क्योंकि इन नामों की पहले से उनके पास सटीक भोगौलिक जानकारियां हैं ही, जिन स्थानों के नाम बदलने की ये घोषणा हुई है उनमें दो रिहायशी इलाके हैं। पांच ऊंचे पर्वतों वाली चोटियां हैं। दो नदियां हैं और दो अन्य क्षेत्र हैं। दोनों नदियों का पानी दोनों ओर गिरता है। फिलहाल हमारे पास ये खबर अभी तक चीन सरकार के मुखपत्र ह्यग्लोबल टाइम्सह्ण के हवाले से आई है। अधिकृत तौर पर उनकी सरकार ने अभी कोई कोई सूचना नहीं दी है और ना ही ऐसे कोई प्रयास किए गए हैं। गौरतलब है, चीन ने बाकायदा उन स्थानों के अधीनस्थ प्रशासनिक जिलों की श्रेणी भी सूचीबद्ध की है। जबकि, ऐसी ही एक हिमाकत 2017 में भी की थी, जब उसने अरुणाचल के छह स्थानों को अपना बताया था। भारत सरकार ने हमेशा इन हरकतों का प्रतिवाद किया है और करना भी चाहिए।

# मूल्य आधारित शिक्षा है सुख की अनुभूति का आधार

**डॉ. सौरभ मालवीय**

> "कुछ इच्छाएं पूर्ण हो जाती हैं तथा कुछ इच्छाएं पूर्ण नहीं होतीं। उसकी जो इच्छाएं पूर्ण हो जाती हैं, वह उसके बारे में विचार नहीं करता, अपितु उससे अधिक की कामना करने लगता है। ऐसी परिस्थितियों में वह दुख का भागीदार बन जाता है। इसके अतिरिक्त उसकी जो इच्छाएं पूर्ण नहीं होतीं वह उनके बारे में भी चिंता करता रहता है। इस चिंता के कारण वह मानसिक तनाव से ग्रस्त हो जाता है। यह मानसिक तनाव उसे अनेक प्रकार के रोगों से ग्रस्त कर देता है। इस प्रकार के मानसिक तनाव से ग्रस्त व्यक्ति आत्महत्या करके अपना जीवन भी समाप्त कर लेता है। उल्लेखनीय है कि आत्महत्या की सभी घटनाओं के पीछे मानसिक तनाव ही कारण होता है। यह स्थिति दिन-प्रतिदिन चिंताजनक होती जा रही है। वयस्क ही नहीं, अपितु बालक भी आत्महत्या जैसा जघन्य अपराध कर रहे हैं"

**हमारी** प्राचीन गौरवशाली भारतीय संस्कृति समस्त विश्व के सुख, समृद्धि एवं शान्ति की कामना करती है। भारतीय चिन्तन में व्यष्टि से समष्टि तक का विचार किया गया है। भारतीय पर्व इस बात का प्रतीक हैं। यहां पर प्रायः प्रतिदिन कोई न कोई लोकपर्व, व्रत, पूजा एवं अनुष्ठान का दिवस होता है, जो इस बात का प्रतीक है कि भारतीय अपने जीवन में कितने प्रसन्न रहते हैं। हमारे धर्म ग्रन्थों में भी सुख पर अनेक श्लोक एवं मंत्र हैं।

**सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया।**
**सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुःखभाग भवेत्।।**

अर्थात सभी सुखी रहें, सभी रोगमुक्त रहें, सभी मंगलमय के साक्षी बनें और किसी को भी दुख का भागी न बनना पड़े।

किन्तु आज भारतीय प्रसन्नता के मामले बहुत पिछड़ गए हैं। अब भारतीय पूर्व की भांति प्रसन्न नहीं रहते। वे दुखी रहने लगे हैं। एक सर्वे में यह बात सामने आई है।

उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस पर जारी वार्षिक प्रसन्नता रिपोर्ट के अनुसार 137 देशों की सूची में भारत 125वें स्थान पर है। वर्ष 2022 में भारत इस सूची में 144वें स्थान पर था तथा वर्ष 2021 में 139वें स्थान पर था। प्रसन्नता के संबंध में पड़ोसी देशों की स्थिति भारत से अच्छी है। पाकिस्तान 108वें स्थान पर है, जबकि म्यांमार 72वें, नेपाल 78वें, बांग्लादेश 102वें और चीन 64वें स्थान पर है। इस रिपोर्ट के अनुसार फिनलैंड विश्व का सर्वाधिक प्रसन्नता वाला देश है। विगत छह वर्षों से वह अपने इस स्थान पर बना हुआ है। डेनमार्क द्वितीय और आइसलैंड तृतीय स्थान पर है। इस सूची में इजराइल चौथे स्थान पर है, जबकि नीदरलैंड्स पांचवें, स्वीडन छठे, नार्वे सातवें, स्विटजरलैंड आठवें, लक्जमबर्ग नौवें और न्यूजीलैंड दसवें स्थान पर है। सबसे कम प्रसन्न देशों की सूची में लेबनान, जिम्बॉब्वे, द डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो आदि देश सम्मिलित हैं। इस सूची में अफगानिस्तान अंतिम स्थान पर है। उसे 137वां स्थान प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि विगत एक वर्ष से रूस और यूक्रेन के मध्य युद्ध चल रहा है। फिर भी इन देशों की स्थिति भारत से अच्छी है। इस सूची में रूस 70वें स्थान पर है, जबकि यूक्रेन को 92वें स्थान पर है। यह रिपोर्ट यूएन सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्यूशन नेटवर्क द्वारा जारी की गई है। यह रिपोर्ट 150 से अधिक देशों के लोगों पर किए गए ग्लोबल सर्वे डाटा के आधार पर बनाई जाती है।



**अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवसः** प्रत्येक वर्ष 20 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने जुलाई 2011 में प्रसन्नता के संबंध में एक प्रस्ताव अपनाया था। इसके पश्चात संयुक्त राष्ट्र की जनरल असेंबली ने 12 जुलाई 2012 को प्रस्ताव के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष 20 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस संबंध में अप्रैल 2012 में भूटान की राजसी सरकार ने विश्वभर के प्रतिनिधियों की एक बैठक बुलाई थी। इसमें इस बात पर चर्चा की गई कि लोगों की प्रसन्नता और कल्याण को भी आर्थिक दृष्टिकोण की तरह देखने की आवश्यकता है। बैठक में इसके लिए एक आयोग नियुक्त करने की भी अनुशंसा की गई। भूटान के प्रधानमंत्री जिग्मे थिनले ने इस अनुशंसा को स्वीकार किया। उनका कहना था कि सभी देशों की सरकारों को लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के साथ-साथ उनकी प्रसन्नता और कल्याण को भी अधिक से अधिक महत्त्व देना चाहिए। उन्होंने बैठक में प्रस्ताव रखा कि संयुक्त राष्ट्र भी इस आयोग का सह-स्वामित्व करे और यह आयोग यूएन महासचिव के सहयोग से इस दिशा में कार्य करे। विश्वभर के प्रसन्नता वाले नगरों में उत्तर प्रदेश का कानपुर शहर सम्मिलित है। यहां के लोग प्रसन्न रहने वाले तथा मित्र बनाने वाले हैं। यह नगर समस्त भारत के लिए प्रेरणा बन गया है। इससे यह बात सामने आती है कि मित्रों के साथ रहने से व्यक्ति प्रसन्न रहता है। मित्र दुख- सुख के साथी होते हैं। मित्रों से बात करने पर मन हल्का हो जाता है। मित्र निराशा के समय आशा की किरण दिखाते हैं। मित्र प्रोत्साहित करते हैं। मित्रों के साथ व्यक्ति अपने जीवन का बहुत अच्छा समय व्यतीत करता है। मित्रों के साथ रहने से प्रसन्नता प्राप्त होती है।

**प्रसन्नता क्या है?:** प्रसन्नता एक अनुभूति है। यह मानव मस्तिष्क में पाई जाने वाली भावनाओं में सबसे सकारात्मक अनुभूति है। इस अनुभूति के उत्पन्न होने के अनेक कारण हैं। इनमें अपनी किसी इच्छा की पूर्ति होने पर होने वाली संतुष्टि की अनुभूति सर्वोपरी है। प्रायः जीवन बहुत विशाल होता है। जीवन से सदैव सुख प्राप्त नहीं होता। मनुष्य को अनेक कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ता है। यह अतिशय नहीं है कि जीवन में सुख कम और दुख अधिक होता है। इसके अनेक कारण है। मनुष्य जीवन में सदैव सुख की कामना करता है। वह समृद्धि प्राप्त करना चाहता है। वह अपार धनराशि संचय करना चाहता है, अर्थात वह जीवन में सबकुछ प्राप्त करना चाहता है, परन्तु सदैव ऐसा नहीं होता। उसकी कुछ इच्छाएं पूर्ण हो जाती हैं तथा कुछ इच्छाएं पूर्ण नहीं होतीं। उसकी जो इच्छाएं पूर्ण हो जाती हैं, वह उसके बारे में विचार नहीं करता, अपितु उससे अधिक की कामना करने लगता है। ऐसी परिस्थितियों में वह दुख का भागीदार बन जाता है। इसके अतिरिक्त उसकी जो इच्छाएं पूर्ण नहीं होतीं वह उनके बारे में भी चिंता करता रहता है। इस चिंता के कारण वह मानसिक तनाव से ग्रस्त हो जाता है। यह मानसिक तनाव उसे अनेक प्रकार के रोगों से ग्रस्त कर देता है। इस प्रकार के मानसिक तनाव से ग्रस्त व्यक्ति आत्महत्या करके अपना जीवन भी समाप्त कर लेता है। उल्लेखनीय है कि आत्महत्या की सभी घटनाओं के पीछे मानसिक तनाव ही कारण होता है। यह स्थिति दिन-प्रतिदिन चिंताजनक होती जा रही है। वयस्क ही नहीं, अपितु बालक भी आत्महत्या जैसा जघन्य अपराध कर रहे हैं। ऐसी अनेक घटनाएं सामने आती रहती हैं।

**तनाव के कारणः** मानसिक तनाव के क्या कारण हैं? इस पर चिंतन मनन किया जाना चाहिए। बाल्यकाल जीवन का सबसे उत्तम समय होता है। यह तनाव मुक्त होता है। बच्चों पर किसी भी प्रकार का कोई दायित्व नहीं होता। उन्हें केवल शिक्षा प्राप्त करनी होती है तथा अपना शेष समय खेलकूद में व्यतीत करना होता है। फिर आज के बच्चे तनाव ग्रस्त क्यों हैं? इसके अनेक कारण हो सकते हैं। प्रायः देखने में आता है कि माता-पिता बच्चों पर अधिक से अधिक अंक लाने का दबाव बनाते हैं। सभी बच्चे पढ़ाई में श्रेष्ठ नहीं हो सकते। बच्चे प्रातःकाल में अपने विद्यालय जाते हैं। वहां से आने के पश्चात ट्यूशन के लिए जाते हैं। वहां से आने पर विद्यालय एवं ट्यूशन का कार्य करते हैं। ऐसे में बच्चों के पास अपने स्वयं के लिए समय ही नहीं मिलता। इसके अतिरिक्त बच्चों को जबरन अन्य गतिविधियों में डालना एवं उन पर श्रेष्ठ प्रदर्शन का दबाव डालना भी उन्हें मानसिक तनाव से ग्रस्त कर देता है। माता-पिता के लिए अत्यावश्यक है कि वे अपने बच्चों की मनोस्थिति को समझें तथा उनकी पसंद एवं नापसंद का ध्यान रखें। वे बच्चों को विपरीत परिस्थितियों में भी सुख से रहने की शिक्षा दें। वे बच्चों को बताएं कि सुख और दुख दोनों ही जीवन के अभिन्न अंग हैं। हमें दुखों से घबराना नहीं चाहिए, अपितु ऐसे समय में संयम और धैर्य बनाए रखना चाहिए। यदि हम दुखों को चुनौती मानेंगे तथा स्वयं को योद्धा मानकर उसका सामना करेंगे, तो अवश्य ही हम विजय प्राप्त कर सकेंगे तथा विजेता सिद्ध होंगे। बच्चों को धार्मिक कथाएं सुनानी चाहिए कि किस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने दुष्टों का सामना किया। इसी प्रकार भगवान राम का उदाहरण भी है कि किस प्रकार उन्होंने अपने पिता का वचन पूर्ण करने के लिए चौदह वर्षों का वनवास सहर्ष स्वीकार किया, किस प्रकार उन्होंने रावण का संहार किया।

सत्यवादी राजा हरिश्चन्द्र की कथा भी प्रेरणा देने वाली है कि किस प्रकार राजा हरिश्चंद्र ने अनेक कष्टों का सामना किया, परन्तु सत्य को नहीं त्यागा। इसी प्रकार पंचतंत्र की कहानियां बच्चों के लिए बहुत ही उपयोगी हैं तथा प्रेरक प्रसंग एवं महापुरुषों की जीवनी का ज्ञान बच्चों को करानी चाहिए।

## कविता

शब्दों का नहीं जज्बातों का सैलाब हूं.
कविता की नही भावनाओं की किताब हूँ।

राहों की नहीं मंजिल की फिक्र है बस,
तूफानों से भिड़ने न जाने कब से बेताब हूं।

हजारों जुगनू देखें रात आसमान पर,
रातों में दिखने वाला वही आफताब हूं'

कहीं भरी भीड़ में खो ना जाना तुम,
देखो एक झलक पाने को कितना बेताब हूं।

तुम्हारे लिए न जाने कितनी गजल लिखी,
तुमने जो न पढ़ी मैं वही किताब हूं।

तुम्हें न जाने कितने कितने खत लिखे,
तुमने जो नही दिया वही पुराना जवाब हूं।

जमाना मेरे अल्फाजों को पसंद करें या ना करें।
मैं तुम्हारा दिया हुआ वही पुराना खिताब हूं।

संजीव ठाकुर

## जेनेरिक दवाइयों का डॉक्टरों द्वारा लिखना अनिवार्य ?

**अशोक भाटिया**

**सरकार** मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाने के लिए कानून में संशोधन की तैयारी कर रही है। इसके बाद डॉक्टर्स को मरीजों के लिए सिर्फ जेनेरिक दवा लिखनी होंगी, न कि किसी विशेष ब्रांड या कंपनी की।ऐसा लगभग 8 साल से सुनते आ रहे हैं पर कानून अमली जामा कब पहनेगा मालूम नहीं ? इसके बाद भी मरीजों को सस्ती दवाएं मिलने लगेंगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है, क्योंकि जेनेरिक दवाओं के प्रिंट रेट यानी इन दवाओं पर छपने वाली कीमत पर कोई नियंत्रण नहीं है।हाल ही में लेखक को एक अनुभव मिला जब उसने डॉक्टर की लिखी दवा ढअठअट ऊअपने मेडिकल स्टोर से खरीदी तो उसे छपे भाव में मिली और उसे ही जेनेरिक रूप में ओन लाइन ळफ्बए टअऊसे मंगवाई तो 51 % कम में मिली यानि वह जेनेरिक थी आईएमए के सदस्य और मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर डॉक्टर हेमंत जैन ने एक समाचार पत्र को बताया था कि ब्रांडेड मेडिसिन पर फार्मासिस्ट को 5 से 20 प्रतिशत तक कमीशन मिलता है, पर जेनेरिक मेडिसिन की प्रिंट रेट और रीटेलर की खरीद कीमत में 50 गुना से 350 गुना तक का अंतर होता है। 10 पैसे की बी कॉम्प्लेक्स 35 रुपए तक में बिकती है। इसका आम जनता या मरीजों को उतना फायदा नहीं मिलता, जितना मिलना चाहिए। ऐसे में सरकार को जेनेरिक मेडिसिन के प्रिंट रेट पर भी लगाम लगाने की जरूरत है, वरना जनता को कोई फायदा नहीं होने वाला। आम तौर पर सभी दवाएं एक तरह का \"केमिकल सॉल्ट\' होती हैं। इन्हें शोध के बाद अलग-अलग बीमारियों के लिए बनाया जाता है। जेनेरिक दवा जिस सॉल्ट से बनी होती है, उसी के नाम से जानी जाती है। जैसे- दर्द और बुखार में काम आने वाले पैरासिटामोल सॉल्ट को कोई कंपनी इसी नाम से बेचे तो उसे जेनेरिक दवा कहेंगे। वहीं, जब इसे किसी ब्रांड जैसे- क्रोसिन के नाम से बेचा जाता है तो यह उस कंपनी की ब्रांडेड दवा कहलाती है। चौंकाने वाली बात यह है कि सर्दी-खांसी, बुखार और बदन दर्द जैसी रोजमर्रा की तकलीफों के लिए जेनरिक दवा महज 10 पैसे से लेकर डेढ़ रुपए प्रति टैबलेट तक में उपलब्ध है। ब्रांडेड में यही दवा डेढ़ रुपए से लेकर 35 रुपए तक पहुंच जाती है। लोगों को सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाने और सरकारी नीतियों में बदलाव को लेकर काम कर रहे जन स्वास्थ्य अभियान के डॉ. इंद्रनील मुखोपाध्याय बताते हैं- जेनेरिक दवाओं को लेकर भारत और विदेशों में काफी अंतर है। 2007 के बाद से पेटेंट कानून में कोई प्रभावी संशोधन नहीं हुआ। दूसरी बड़ी बात यह है कि सरकारी अस्पतालों में मिलने वाली दवाओं की कीमतों में भी भारी अंतर होता है। खास तौर पर इनकी प्रिंट रेट और खरीद कीमत में भारी अंतर होता है। ऐसे में सरकार को इन दवाओं की एवरेज प्राइसिंग करनी चाहिए।

## विचार

## हनुमान जी-साहस, शौर्य और समर्पण के प्रतीक

**प्रियंका सौरभ**

**हनुमान** सबसे लोकप्रिय हिंदू देवताओं में से एक हैं। वह सेवा (सेवा), भक्ति (भक्ति) और समर्पण (समर्पण, अहंकारहीनता) का अवतार है। वह शिव के अवतार हैं। उन्हें अंजनी देवी के पुत्र पवन-देवता (मरुता) का पुत्र भी माना जाता है। उनकी ठुड्डी ऊंची है (इसलिए हनुमान नाम) और बंदर की तरह लंबी पूंछ है। शारीरिक विशेषताओं में वह अमानवीय दिखता है, लेकिन उसके गुण दैवीय/महामानव हैं, जो हम सभी की आकांक्षा रखते हैं। वह जबरदस्त शारीरिक और आध्यात्मिक शक्ति, साहस और वीरता (इसलिए नाम महावीर), निर्भयता, राम और सीता के प्रति समर्पण, (इसलिए नाम राम-दास, राम-दूत आदि) उच्च बुद्धि, सत्य भाषण, ज्ञान के सागर से संपन्न है। ज्ञान और अन्य अच्छे गुण। वह अपनी सभी इंद्रियों के पूर्ण नियंत्रण में है। एक पात्र जो पूर्ण भक्ति और निष्ठा का प्रतीक है, वह है हनुमान जी। भगवान राम के लिए उनके सभी कार्यों में भगवान हनुमान के माध्यम से स्थापित एक काव्यात्मक सौंदर्य है। हनुमान जी पूरे हिंदू पौराणिक कथाओं में अपने साहस, वीरता और समर्पण के लिए सबसे प्रसिद्ध हैं। हनुमान कैसे अस्तित्व में आए, इसकी कहानी के कई अलग-अलग संस्करण हैं। हनुमान भगवान वायु और अंजना के पुत्र थे। हनुमान स्वभाव से एक जिज्ञासु बालक थे, एक दिन उनकी भूख ने उन पर काबू पा लिया और वे सूर्य को फल समझकर उनका पीछा करने लगे। भगवान सूर्य अपने रथ पर सवार हो गए और तेजी से चले गए लेकिन हनुमान को रोका नहीं गया, इसलिए भगवान इंद्र को हनुमान को रोकने के लिए अपने वज्र का उपयोग करना पड़ा। यह सुनकर भगवान वायु क्रोधित हो गए और सभी देवताओं के साथ इस मुद्दे को उठाया और उन्होंने हनुमानजी को अमरत्व का आशीर्वाद देने के लिए स्वीकार किया। लेकिन हनुमान की शरारत उनकी लंबी पूंछ की तरह ही थी। यह चलता चला गया और इसका कोई अंत नहीं था, इसलिए देवताओं ने इसका अंत करने का फैसला किया। उन्होंने उसे ऐसा श्राप दिया कि वह भूल जाएगा कि उसके पास इतनी बड़ी शक्तियां थीं। यह महाकाव्य रामायण में देखा जा सकता है जब जाम्बवान उसे याद दिलाते हैं कि उसके पास विशाल होने और आकार में सिकुड़ने की शक्ति है। हनुमान जी को अक्सर साहस से जोड़ा जाता है और घोर निराशा के क्षण में लोग भगवान हनुमान से प्रार्थना करते हैं कि वे उन्हें किसी भी समस्या को बहादुरी से सहन करने की शक्ति दें। हनुमान की ताकत उनकी सबसे बड़ी शक्तियों में से एक है। अकेले ही वह पूरी सेना ले सकता है; वह महासागरों को पार कर सकता है और पूरे पहाड़ों को उखाड़ सकता है। हिंदू पौराणिक कथाओं में हनुमान की ताकत का परिमाण किसी अन्य भगवान या मानव के लिए अद्वितीय है।

तमिल में कंबार की रामायण के अनुसार सिर्फ शारीरिक शक्ति नहीं - हनुमान जी को सोलिन सेलवन के रूप में वर्णित किया गया है जिसका अर्थ है शब्दों के धन का स्वामी। सीता देवी की खोज में भेजे जाने के बाद हनुमान भगवान राम के पास समाचार लेकर वापस आते हैं और राम से कहते हैं "कंदेन सीतायै" शब्दों का चुनाव काफी शानदार है। वह नहीं चाहते थे कि राम का हृदय उस एक क्षण के लिए भी उदास रहे जब वह "सीताई" - सीता कहकर रुक जाते हैं। यह भी हनुमान की अपने स्वामी के प्रति अमर भक्ति के लिए एक उदाहरण के रूप में खड़ा है।

जब भगवान राम के भाई लक्ष्मण युद्ध में गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं, तो हनुमान जी को संजीवनी पर्वत से एक दुर्लभ जड़ी बूटी लाने के लिए भेजा जाता है। भगवान हनुमान विशाल पर्वत में जड़ी बूटी लेने में असमर्थ हैं, पूरे पर्वत को उखाड़ फेंकते हैं और लक्ष्मण को बचाने के लिए समय पर वापस लंका चले जाते हैं। ऐसी और भी कई कहानियाँ हैं जो हनुमान की महानता की गवाही देती हैं, शायद इसीलिए मंगलवार और कुछ मामलों में शनिवार को भी कई लोग हनुमान जी का व्रत रखते हैं। जब अप्रत्याशित परेशानी या संकट में अधिकांश हिंदुओं के लिए हनुमान चालीसा पढ़ना आम बात है जो भगवान हनुमान की स्तुति में एक भजन है। छंद तुलसीदास द्वारा लिखे गए थे जो हनुमान के प्रबल भक्त भी थे। ऐसा कहा जाता है कि हर कोई इन छंदों को आसानी से पढ़ सकता है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## वेद एवं व्याकरण के प्रकाण्ड पंडित श्रीहनुमान

**अशोक प्रवृद्ध**

**भारतीय** संस्कृति में श्रीराम भक्त हनुमान का अत्यधिक आदर है, सम्मान है। उनको महावीर की संज्ञा से विभूषित किया गया है। भारत में सर्वत्र हनुमान के मन्दिर, उनकी प्रतिमाएं, मूर्तियाँ व चित्र प्रतिष्ठा के साथ विराजित देखे व पूजे जाते हैं। घर- घर मेंउनके महान ब्रह्मचर्य की कथाओं को बालकों को सुनाकर सच्चरित्रवान बनने के लिए प्रेरित किया जाता है। भारतीय संस्कृति के परममान्य आदरणीय एवं अनुकरणीय चरित्रवान महान व्यक्तित्व के स्वामी महावीर हनुमानको सम्पूर्ण समाज अपना पूर्वज स्वीकार कर गौरव महसूस करता है। क्षत्रिय जाति के रत्न औरभारतीयों के गौरवमय पूर्वज महावीर हनुमान के पिता का नाम केसरी तथा माता का नाम अंजनी देवी था। उनका जन्म चैत्र महीने के पूर्णिमा तिथि को हुआ था।उनकी वीरगाथा का स्मरण कर भारतीय जन आज भी चैत्र माह की पूर्णिमा को गाजे-बाजे के साथ उनकी जयकारों के मध्य हनुमान का जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा व हर्षोल्लास पूर्वक मनाते हैं।श्रीराम से सम्बन्धित अन्य पर्वों पर भी हनुमान के जयकारे से वातावरण गुंजायमान हो उठते हैं।वाल्मीकि रामयण सहित सम्पूर्ण संस्कृत वांग्मय व अन्य भाषाओं के साहित्य में श्रीराम के साथ-साथ हुए हनुमान के शौर्य पूर्ण वर्णनों में उनकी महिमामंडन करते हुए उनको महान आदित्य ब्रह्मचारी के रूप में आदर के साथ स्मरण किया गया है।यही कारण है कि हनुमान भक्तगण भावुकता में अक्सर ही यह कह उठते हैं कि श्रीराम को अगर हनुमान का सहयोग प्राप्त न हुआ होता तो राम को सीता का पता लगाना भी सम्भव नहीं था। रावण के साथ युद्ध में राम का विजय होना भी संदिग्ध हो जाता।

लक्ष्मण को शक्ति लगने के बाद संजीवनी बूटी की खोज करना और उसे लाकर उसके प्रयोग से लक्ष्मण को पुनर्जीवित करना हनुमान के ही उद्योग का फल था, अन्यथा राम को लक्ष्मण के जीवन की आशा ही नहीं रह गई थी। हनुमान काअकेले लंका में जाकर वहाँ सीता का पता लगाना, रावण के द्वारा बन्दी बनाये जाने पर सम्पूर्ण लंका में हलचल मचा देना अर्थात आग लगा देना हनुमान की वीरता, धीरता, राजनीतिज्ञता, चतुरता एवं शारीरिक बल का अद्भुत प्रमाण उपस्थित करता है।

## हारने वाले को झुनझुना मुबारक

**डॉ. सुरेश कुमार**

**वे** एक सफल नेता थे। गिरगिट रंग बदलने के लिए, सियार चालाकी के लिए, चोर-उचक्के लूट-पाट करने के लिए इन्हीं के पास प्रशिक्षण लेने के लिए आते थे। जुबान से पलटना, कही बात से पीछे हटना, पार्टी सिद्धांत से खुद को बड़ा समझना उनके रग-रग में बसा था। वे कपड़े बदलें न बदलें पार्टी जरूर बदलते थे। ऐसा करने से उनकी नेतागिरी की धाक बनी रहती थी। सबकी अपनी-अपनी जरूरतें होती हैं। सबके अपने-अपने पेट और मुँह होते हैं। फिर नेता जी की जरूरतों का मुँह कुछ ज्यादा ही बड़ा था। न ये कभी भरा था, न भरा है और न कभी भरेगा। ओलंपिक्स में लांग जंप करने वाला खिलाड़ी हार जाए तो खाली हाथ लौटता है जबकि ये महाशय दाएँ-बाएँ, ऊपर-नीचे हर दिशा में जंप करके कुछ न कुछ हथिया ही लेते थे। वह भी न मिले तो बाजू वाले का ही सही हड़पने की काबिलियत तो रखते ही थे। जिस तरह खुली हवा में टहलने से स्वास्थ्य बना रहता है उसी तरह पार्टी बदलते रहने से उनकी रौनक बनी रहती थी। यही वजह थी कि पिछले चार साल में चार सौ से अधिक बड़े नेताओं ने पार्टियों की ऐसी अदला-बदली की जैसे गंगा जी का मेला हो। नारा भी गजब अबकी बार - जंप लगा यार! डंडा वही पर झंडा अलग की तर्ज पर नेता वही पर टोपी अलग की रेस में नेताजी ने चोरी-चोरी, चुपके-चुपके पार्टी बदल ली। और पार्टी भी वही जिसे वे बरसों से गरियाते रहे।

गरिया-गरियाकर उनका मुँह गरियाने का शोधालय बन गया। अब ऐसे शोधालय से गरियाने की खरी न निकलेगी तो मीठी-मीठी फुलझड़ी झड़ेगी? पार्टी बदलने के बाद मीडिया का सामना करना कोई इनसे सीखे। यह पूछने पर कि आपने पार्टी क्यों बदली तो जनता, निर्वाचन क्षेत्र और देश के विकास के खातिर जैसा कर्णप्रिय वनलाइनर कहकर सबके मुँह पर ताला लगा देते। जबकि इस वनलाइनर का गूढार्थ रहिमन पानी राखिए वाले पानी से भी भारी था। अब भला कोई नेता जी को कौन बताए कि विकास नाम का जीव अंग्रेजों के जमाने से ही गायब है।

# 'इस वर्ष जिला का लिंगानुपात बढ़कर हुआ 902'



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**उपायुक्त ललित** सिवाच ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और जनमानस के संयुक्त सहयोग से इस वर्ष जिला का लिंगानुपात बढकर 902 हो गया है जो पिछले वर्ष 898 था। उन्होंने स्वास्थ्य विभागों को निर्देश दिए कि इस लिंगानुपात को और बढ़ाने के लिए पीएनडीटी एक्ट के तहत लगातार छापामार कार्रवाई करने के साथ-साथ लोगों को भी भ्रूण हत्या के प्रति जागरूक करें। उपायुक्त ने बुधवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में आयोजित जिला हैल्थ एंड फैमिली सोसायटी की गवर्निंग बॉडी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि लिंगानुपात में और सुधार के लिए सबको एकजुट होकर ईमानदारी से प्रयास करने होंगे। साथ ही उन्होंने आम जनमानस का भी आह्वान किया कि वे इस दिशा में पूर्ण सहयोग दें। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में अवैध रूप से लिंग जांच नहीं होनी चाहिए। इसके लिए कड़ी कार्रवाई करें। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की पूर्ण सफलता के लिए अवैध लिंग जांच पर पूर्ण रोक जरूरी है। इसके लिए कड़े कानून लागू किये गये हैं, जिनके तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएं।

उपायुक्त ने बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आम जनमानस को बेहतरीन चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएं। स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। साथ ही लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर शिकायत नहीं होनी चाहिए। इसके लिए ईमानदारी, कर्मठता व पूर्ण समर्पण के साथ प्रयास करें। उन्होंने नेशनल रूरल हैल्थ मिशन व नेशनल अर्बन हैल्थ मिशन की विस्तृत समीक्षा करते हुए इनके तहत आने वाली विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं व योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना तथा जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम की प्रगति रिपोर्ट लेते हुए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत 3-डी (डिलीवरी, दवाई, डाइट) सेवाएं व ट्रांसपोर्ट की सेवा बेहतरीन रूप में प्रदान की जाए।

**8 पीएनडीटी एक्ट के तहत छापामार कार्रवाई करने के साथ-साथ लोगों को भी भ्रूण हत्या के प्रति जागरूक करें**

उपायुक्त सिवाच ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सरकारी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमित जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का पूर्ण लाभ बच्चों को दिया जाए। उन्होंने संस्थागत डिलीवरी पर भी विशेष रूप से बल दिया। उन्होंने कहा कि डिलीवरी अस्पतालों में ही होनी चाहिए। इसके लिए जागरूकता की अलख जगाई जाए। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत हैल्थ एंड वैलनेस सेंटरों की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने चिरायु कार्ड योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला में ऐसे परिवारों की चिरायु कार्ड तुरंत बनवाना सुनिश्चि करें जिन्होंने अभी तक अपने चिरायु कार्ड नहीं बनवाएं है।

# धूमधाम से मनाया गया श्री बालाजी हनुमान जन्मोत्सव



**टीम एक्शन इंडिया/कुंडली**

श्री अग्रसेन धाम में श्री बालाजी हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित संकीर्तन में बालाजी हनुमान का आशीर्वाद लेने वालों में छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री और रायपुर से विधायक बृजमोहन अग्रवाल, बालाजी के अनन्य भक्त रमण बंसल, रिठाला से विधायक महेंद्र गोयल, मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, स्थानीय विधायक मोहन बडोली, हरियाणा गोसेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन भानी राम मंगला, राज्यपाल असम के पूर्व मीडिया सलाहकार अतुल सिंघल, अग्रसेन इंटरनेशन अस्पताल के प्रधान नरेश ऐरन, एमसीडी में नेता सदन मुकेश गोयल, नरेश एरन,अशोक अग्रवाल ,अग्रवाल समाज के प्रवक्ता मनोज गोयल गुड़ियानी, अशोक भारद्वाज, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग शामिल थे। बाबा का आशीर्वाद लेने के बाद बृजमोहन अग्रवाल ने श्रद्धालुओं को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अग्रवाल समाज प्रभु श्री राम का वंशज है और हनुमान जी भगवान श्री राम के अनन्य भक्त हैं इसलिए बजरंगबली हनुमान सभी के लिए परम आराध्य हैं। श्रीराम भक्त हनुमान के चरित्र का विस्तार से वर्णन करते हुए श्री अग्रवाल ने श्रद्धालुओं से हनुमान जी के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। बृजमोहन अग्रवाल जी ने उम्मीद जताई कि श्री अग्रसेन धाम अग्रवाल समाज के बच्चों को शिक्षा और स्वास्थ्य उपलब्ध करवाने की दिशा में भी कार्य करेगा। जबकि भानी राम मंगला ने श्री अग्रसेन धाम का संरक्षक ट्रस्टी बनने का स्वीकार करते हुए तन मन धन से कार्य करने का संकल्प लिया। श्री बालाजी भक्त गुरु हंसराज परिवार के प्रचारक समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि ऐसे पवित्र अनुष्ठानों में शामिल होना व इन्हें आयोजित करना हमारे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है जो भी भक्त सच्ची श्रद्धा से बालाजी महाराज का सिमरन करते हैं उनके समक्ष अपने दुख दर्द को रखते हैं तो निश्चित रूप से कुछ क्षणों में बालाजी महाराज उनके संकट को हरते हैं इसीलिए तो मारुति हनुमान जी को संकट मोचन श्री बालाजी महाराज के नाम से पूजा जाता है । इस अवसर पर बाल हनुमान जी को पालकी में विराजमान करके श्री राम ध्वज यात्रा द्वारा सभी भक्तजनों ने भारी उत्साह व नाच गा कर भगवान जी संकीर्तन दरबार तक लेजाया गया । श्री बालाजी महाराज को इस अवसर पर सवामणी, ड्राई फ्रूट का प्रसाद, फल का प्रसाद सैकड़ों ध्वजा व महिलाओं के द्वारा माता अंजनी को पीलिया चुनरी भेंट की गई । समारोह में श्री अग्रसेन धाम के चेयरमैन जगदीश राय गोयल, मुख्य प्रेरणा स्रोत एसके अग्रवाल, प्रधान राजेंद्र अग्रवाल, प्रांतीय संयोजक टीकाराम मित्तल, दीपक मंगला, अनिल गोयल, दीपक मित्तल, सुरेश जैन, जितेंद्र गोयल,हुक्म चंद बंसल, गोविंद अग्रवाल, राजेश गोयल, महावीर बंसल, अंकुर गुप्ता, श्री भगवान गोयल, अभिमन्यु गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।

## न्यूज फ्लैश

### 5 राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल की खुशी ने किया शानदार प्रदर्शन



**सोनीपत/रमेश कुमार**

**30 मार्च** 2023 से 2 अप्रैल 2023 तक राजकीय सीनियर हाईस्कूल सिसाना, सोनीपत में आयोजित प्रथम सीनियर फास्ट 5 राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स की खिलाड़ी खुशी ने हरियाणा की टीम की ओर से खेलते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। इस प्रतियोगिता में 43 टीमों ने भाग लिया। जिसमें 23 टीमें महिला वर्ग की और 20 टीमें पुरूष वर्ग की थी। महिला वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में हरियाणा की टीम ने 19-17 के स्कोर से केरल की टीम को हराकर एवं फाइनल में पंजाब की टीम को 24-17 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। लिटल एंजल्स स्कूल की खिलाड़ी खुशी ने अपनी टीम के साथ खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया व इस जीत में अपना सहयोग दिया। विद्यालय में खुशी का फूल-मालाएँ पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ॰ विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने खुशी को बधाई दी और भविष्य में बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए भी शुभकामनाएँ दी।

### शम्भू दयाल स्कूल के सामने बने डिस्पोजल का मुआयना करने पहुंचे मेयर निखिल मदान



**सोनीपतः मेयर** निखिल मदान बुधवार को शंभू दयाल स्कूल के सामने बने नगर निगम के वाटर डिस्पोजल में पहुँचे। मेयर निखिल मदान ने बताया कि डिस्पोजल की दो मोटर खराब होने की सूचना उनके संज्ञान में आयी थी, जिसके चलते सारंग रोड की कई कालोनियों में जल भराव की समस्या पैदा हुई है। सूचना मिलने के बाद वो डिस्पोजल पर पहुँचे हैं जहाँ मोटरों को ठीक करने का कार्य जारी है और देर शाम तक दोनों मोटरों को चालू कर पानी निकासी का कार्य सुचारु रूप से शुरू किया जायेगा। मेयर निखिल मदान ने बताया कि 40 लाख ? की लागत से डिस्पोजल के लिए 6 नई मोटर खरीदने की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। आगामी 2 सप्ताह के अंदर नई मोटर लगाकर पानी निकासी के प्रबंध को पुख्ता किया जायेगा। मौके पर नगर निगम एस डी ओ देवेंद्र खासा और संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### सभी नीजि स्कूलों को अपने स्कूल की मान्यता, भवन व जमीन को ब्यौरा देना होगाः बीईओ

**गन्नौरः गन्नौर** उपमंडल के सभी प्राइवेट स्कूलों को एक सप्ताह के अंदर स्कूल की मान्यता कब हुई वो स्थाई है या अस्थाई और कितनी कक्षा तक के बच्चें पढ़ाने की मान्यता है का पूरा ब्यौरा देना होगा । खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा स्कूल संचालक को अपने स्कूल के भवन जैसे कितने कमरें स्कूल में है जमीन कितनी है इसका भी पूरा विवरण देना होगा। शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा ये सभी जानकारियां इसलिए मांगी गई है ताकि नए सत्र में कोई स्कूल संचालक गलत दाखिला न कर ले। सरकार इसको लेकर काफी गंभीर है। उन्होंने बताया कि सरकार के पास इस बात कि शिकायत आ रही थी कि कुछ स्कूलों की मान्यता आठवीं कक्षा तक है लेकिन वो छात्रों को दसवीं तक पढ़ा रहें है।

इस प्रकार की समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए ये सभी जानकारियां स्कूल संचालकों से मांगी गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इन जानकारियों को लेकर सभी स्कूल संचालक पूरा सहयोग कर रहें है । उन्होंने कहा कि एक दो स्कूल संचालक जानकारी देने में देरी कर रहें है। शर्मा ने कहा कि उन्होंने सभी स्कूल संचालकों को निर्देश दिए है कि वे सरकार की हिदायतों के अनुसार कार्य करें। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद यदि कोई स्कूल नियमों का उल्घंन करता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# भीम नगर बस्ती में गंदा पानी जमा, लोग परेशान



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/**

**शंभू** दयाल स्थित डिस्पोजल की तीन मोटर एक साथ जलने के कारण सारंग रोड के पास भीम नगर बस्ती में गंदा पानी खड़ा हो गया और यहां तक कि साथ लगते पार्क में भी बदबूदार पानी पहुंच गया जिससे लोगों का जीना दूभर हो गया है। इसके साथ ही बस्ती वासी पीने के गंदे पानी की आपूर्ती से भी परेशान हैं। मौके पर पहुंचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन को महिलाओं ने बताया कि चार दिनों से हम गुहार लगा रहे हैं परंतु कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। राजीव जैन ने नगर निगम के कनिष्ठ अभियंता रामकरण को बुलाकर शाम तक समस्या का समाधान करने को कहा। जे.ई रामकरण ने बताया कि एक साथ तीनों मोटर जल गई और टैंक खाली हुए बगैर मोटरों की मरम्मत संभव नहीं है इसलिए सड़क पर पानी छोड़ना पड़ा। महिलाओं ने पीने का घरों में आ रहा गंदा पानी भी लाकर दिखाया और कहा की ऐसा पानी पीना स्वास्थ के लिए हानिकारक हैं। शहर में काला पानी आने की शिकायत पुराना शहर, देवडू रोड पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी समेत अनेक कॉलोनियों में आ रही है। राजीव जैन ने निगम के अधिकारियों को ड्रेन नंबर 6 के पास पानी की लाईन चेक करने को कहा क्योंकि पहले भी लाईन टूटने से सारे शहर में गंदे पानी की सप्लाई की शिकायतें आई थी।

मौके पर भाजपा नेता संजीव वलेचा, देवेंद्र वर्मा, जोगिंदर वर्मा, आनंद पटवा, नरेश दहिया, राकेश बिल्लू, सत्तार, वकील, कमलेश, रामप्यारी, सरोज, पिंकी, विरमति समेत काफी संख्या में कॉलोनी वासी मौजूद रहे।

# डेरा मुखी के खिलाफ भड़के रविदास समाज के लोग

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**गुरु** रविदास व कबीर दास महाराज के खिलाफ डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम द्वारा 5 फरवरी को सत्संग में कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी किये जाने से नाराज रविदासिया समाज के लोगों ने आज अंबाला शहर में बडी संख्या में इक्टठे होकर विरोध प्रदर्शन किया। समाज के लोग पूरे शहर मे जुलूस निकालते हुए डीसी आफिस तक पहुंचे और वहां डेरा मुखी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। समाज के लोगों ने कहा कि गुरु रविदास और कबीर दास महाराज पर अपमानजनक टिप्पणी बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। समाज के लोगों ने डेरा मुखी पर कडी से कडी कार्रवाई किये जाने की मांग की है। समाज के लोगों ने कहा कि जो शख्स बलात्कार और हत्या जैसे गम्भीर मामलों में सजा काट रहा हो, उसे यूं बार बार पैरोल देना ठीक नहीं है। जब भी डेरा प्रमुख पैरोल पर बाहर आया तब तब कोई न कोई विवाद पैदा होता है। अब सन्त महापुरुषों के बारे में अपमानजनक भाषा और टिप्पणी करके समाज के लोगों को आपस में लड़वाने की साजिश की गई है।

# अग्रसैन भवन गुड़ मण्डी में 11 अप्रैल को होगा व्यापारी सम्मेलनः संजय सिंगला



**टीम एक्श इंडिया/सोनीपत**

**जिला** व्यापार मण्डल की बुधवार को नई अनाज मण्डी में पदाधिकारियों एवं मार्किट प्रधानों की बैठक का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष पवन गोयल व चैयरमैन संजय वर्मा ने की। मंच का संचालन जिला प्रवक्ता एवं कार्यकारी शहरी प्रधान पवन तनेजा ने किया । जिला प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि हरियाणा प्रदेश व्यापार मण्डल के आवहान पर मंगलवार 11 अप्रैल को 11 बजे गुड मण्डी में अग्रसैन भवन में व्यापारियों का सम्मेलन किया जाएगा जिसमें हरियाणा प्रदेश व्यापार मण्डल के प्रदेशाध्यक्ष बजरंग दास गर्ग मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत करेंगे । वरिष्ठ उप प्रधान सुशील स्याल, राजबीर सैनी, आचार्य राजीव गर्ग, संजय जैन, राकेश चोपडा, नवीन गर्ग, रामप्रकाश हुड्डा, रविंद्र सरोहा, संजय वर्मा, रामनारायण गोयल, पवन तनेजा, अनिल अत्रि, अनुज जैन, सुधीर सरोहा, रवि मित्तल, ललित खत्री, प्रवीण गोयल, पवन गोयल, संजय सिंगला, राजू वर्मा मौजूद रहे।

# कम्प्यूटर सेंटर पर जाने को घर से निकला युवक लापता

**गन्नौरः गांव** भांवर से सोनीपत कम्प्यूटर सेंटर पर जाने के लिए घर से निकला युवक रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता होने का मामला गन्नौर थाना पुलिस के पास आया है। पुलिस ने युवक के पिता कवंरभान की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कंवरभान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का अजय 24 वर्ष 3 अप्रैल को दोपहर करीब 1 बजे हारट्रोन कम्प्यूटर सेंटर सोनीपत पर जाने के लिए घर से निकला था लेकिन वो से घर नही लौटा है । उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि उसका मोबाइल फोन बंद आ रहा है।

# कल ताऊ देवीलाल चौक पर इनेलो कार्यकर्ता करेंगे पुष्प अर्पित



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**6 अप्रैल** जननायक चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि पर सोनीपत जिले के इनेलो कार्यकर्ता, किसान और उनके अनुयायी सुबह 6 बजे 7 बजे तक पुष्प अर्पित करके उनको श्रद्धांजलि देंगे। इसके उपरांत सभी कार्यकर्ता दिल्ली संघर्ष स्थल पर सुबह 8:00 से 9:00 सर्वधर्म प्रार्थना सभा में शामिल होंगे जहां पर इनेलो सुप्रीमो चौधरी ओमप्रकाश चौटाला, ऐलनाबाद से विधायक अभय चौटाला सहित इनेलो के सभी पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

इनेलो नेता युवा जिला अध्यक्ष कुणाल गहलावत, विश्व ब्राह्मण फाउंडेशन के उपाध्यक्ष महावीर शर्मा, युवा हलका प्रधान विकास मलिक ने आज ताऊ देवीलाल चौक की सफाई के और ताऊ देवीलाल को गंगाजल से नहलाया । आज मुरथल रोड कार्यालय पर युवा इनेलो नेताओं ने आह्वान किया कि वह सुबह ताऊ देवीलाल चौक पर पहुंचकर सच्ची श्रद्धांजलि दें।

इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष कुणाल गहलावत ने कहा जननायक चौधरी देवी लाल उन राजनेताओं में से एक थे जिन्होंने देश की स्वतंत्रता संग्राम में भी भाग लिया और उसके उपरांत हरियाणा के निवासियों सहित पूरे देश के किसानों और कमेरे वर्ग के हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत रहे। हरियाणा का निर्माण भी वास्तव में उन्हीं के प्रयासों से हुआ था। दो बार मुख्यमंत्री और दो बार देश का उप-प्रधानमंत्री बनने के साथ उन्होंने पूरे देश में जनकल्याण की योजनाओं को सरकारों के लिए तब अनिवार्य बना दिया जब उन्होंने बुढ़ापा पेंशन की न केवल घोषणा की बल्कि उसे लागू भी किया। इसके अतिरिक्त कर्ज के तले दबे हुए किसानों के ऋणों को भी माफ कर वे उनके मसीहा बनकर उभरे। बुढ़ापा पेंशन के साथ बेरोजगारी भत्ता भी अपने एजेंडे का एक मुख्य बिन्दु बनाया और आज पूरे देशभर के राजनैतिक दल इन योजनाओं को लागू करने के लिए अपनी-अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हैं। विश्व ब्राह्मण फाउंडेशन के उपाध्यक्ष महावीर शर्मा, सोनीपत युवा अध्यक्ष विकास मलिक, फुलकुमार चौहान, आशीष सुहाग, आकाश, दीपेन्द्र, करण, संदीप आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रोट्रैक्ट क्लब ने जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाया शिक्षा का पाठ



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**जीवीएम गर्ल्ज** कालेज में स्थापित रोट्रैक्ट क्लब ने जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा का पाठ पढ़ाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने रोट्रैक्ट क्लब के प्रयासों की सराहना करते हुए क्लब की छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया।

जीवीएम के रोट्रैक्ट क्लब की प्रभारी प्राध्यापिका तारिका सेठी के नेतृत्व में रोट्रैक्ट की प्रेजीडेंट तनवी सहित नीलम शेखावत, नेहा शर्मा, एन्नी, माही, दीया और शुभम ने सेक्टर-14 के आसपास बसी झुग्गियों में रहने वाले बच्चों को शिक्षा का संदेश दिया। इसमें स्प्रैड स्माईल फाउंडेशन ने भी विशेष योगदान दिया। प्रभारी तारिका सेठी ने बताया कि एसएसएफ इन बच्चों को पढ़ाने का काम करता है। इनकी आवश्यकताओं की पूर्ति की दिशा में रोट्रैक्ट क्लब ने एक प्रयास किया है, जिसे भविष्य में भी जारी रखने की पूर्ण कोशिश रहेगी।

रोट्रैक्ट क्लब की प्रेजीडेंट तनवी व नीलम शेखावत का कहना था कि बच्चों में पढ? की चाहत है, किंतु उनकी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है। ऐसे में इन्हें विशेष प्रोत्साहन की आवश्यकता है। क्लब की ओर से हर संभव मदद देने की कोशिश की जाएगी। माही और एन्नी के अनुसार शिक्षा पहली जरूरत है, जिससे किसी भी समाज का उत्थान संभव है। इसलिए हर बच्चे को शिक्षा लेनी चाहिए। यह सबका अधिकार है। इसके लिए सरकार ने बेहतरीन सुविधाएं दी हैं, जिनका लाभ अवश्य उठाना चाहिए।

क्लब की सदस्य दीया तथा शुभम का कहना था कि एसएसएफ के साथ मिलकर रोट्रैक्ट भी इन बच्चों को शिक्षा देने के लिए प्रयासरत रहेगा। इस दौरान रोट्रैक्ट की ओर से करीब 100 बच्चों को पुस्तकें और स्टेशनरी का वितरण किया गया। क्लब की सदस्य छात्राओं ने बच्चों के साथ लंबा समय व्यतीत करते हुए उन्हें पढने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही बच्चों को कई प्रकार के शैक्षणिक गेम भी खिलाए। प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने कहा कि रोट्रैक्ट क्लब के माध्यम से हमारी छात्राएं समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझते हुए उन्हें पूरा करने की दिशा में सफलता के साथ आगे बढ़ रही हैं। अन्य छात्राओं को भी इनसे प्रेरणा लेते हुए समाज व राष्ट्र सेवा की दिशा में प्रयासरत रहना चाहिए।

# पकौड़े बेचने वाले डिग्री धारकों को रोजगार मुहैया करवाने की मांग

**विधायक, मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर, पार्षदों व कांग्रेसजनों ने पकौड़े बेचने वाले युवाओं को पक्का रोजगार दिलवाने की मांग**



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सोनीपत** विधानसभा के हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का बुधवार को वार्ड नम्बर-5,11,12 में बेहद ही शानदार तरीके से आगाज किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मॉडल टाऊन से की गई, इसके बाद सुभाष चौक, गीताभवन चौक, बस स्टैंड तक जनसंपर्क यात्रा निकाली गई, इसके बाद बस स्टैंड पर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष प्रकट किया। इसके साथ ही शहरभर में बेरोजगार युवाओं ने पकौड़े तलकर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर रोष प्रकट किया। इसके बाद वार्ड पांच में कार्यक्रम की शुरूआत कुलदीप नर्सरी देवरू रोड से की गई। यहां पर भी बग्गी में बाइक व सिलैंडर रखकर बढ़ती महंगाई के खिलाफ आमजन ने रोष व्यक्त किया। इस दौरान सोनीपत से विधायक सुरेंद्र पंवार, मेयर निखिल मदान, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत, वार्ड-5 से दलेल सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल हसीजा, पूर्व पार्षद अशोक अरोड़ा, रवि कपूर, प्रेम रेलन, सरदार इंद्रपाल सिंह सिंह मौजूद रहे। जनसंपर्क यात्रा का जगह-जगह पर जोरदार स्वागत किया गया।

इस दौरान कार्डिनेटर सुरेश योगी, सुरेंद्र शर्मा, पूर्व सदस्य एचपीएससी, भलेराम जांगड़ा, पार्षद बिजेंद्र मलिक, पार्षद नीतू राजेश दहिया, पार्षद नवीन तंवर, पार्षद सूर्या दहिया, पवन प्रधान, एडवोकेट मनीष सैनी, एडवोकेट हरेंद्र राठी, भलेराम जांगड़ा, सुरेश भारद्वाज, रणदीप दहिया, रेखा राणा, ममता राणा, सुलोचना रूद्रा, गुड्डी, कलावती पांचाल, कृष्णा, संजय, डॉ राकेश, बिन्नी भारद्वाज, प्रिंस सरोहा, रणदीप खोखर, हरिप्रकाश मंडल, धर्मपाल दोचक, महावीर, राजेन्द्र, महेंद्र, बंसीलाल कुंडू, सत्यानारायण सरोहा, सहित बड़ी तादाद में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# फसलों की गिरदावरी करवाने को लेकर भाकियू ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**भारतीय किसान** युनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष जयभगवान मलिक के नेतुत्व में अपनी मांगों को लेकर तहसीलदार रविन्द्र हुडड़ा को ज्ञापन सौंपा। जयभगवान मलिक ने क बताया कि उपमंडल के गांव तेवड़ी,पुगथला व सरढाना के दर्जनों किसानों में पंचायतर जमीन को पटटे पर ले रखा है। मलिक ने बताया कि उन जमीनों को रजिस्ट्रेशन किसी अन्य के नाम से है जो गलत है उसको ठीक करवाने के लिए तहसीलदार को ज्ञापन दिया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा बैमोसमी बरसात से जो नुकसान हुआ है उसकी गिरदावरी करके किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। मलिक ने उन्हें आश्वासन दिया है कि आज ही उनके ये काम करवा दिए जाएंगे। तहसीलदार रविन्द्र हुडडा ने बताया कि किसान युनियन के सदस्यों ने गिरदावरी करवाने व पंचायती जमीनों को जिस किसान ने पटटे पर ले रखी है उसके गलत हुए रजिस्ट्रेशनों को सही करवाने को लेकर एक ज्ञापन दिया था।

# प्रदूषण के खिलाफ दिल्ली सरकार ने पकड़ी रफ़्तार

## समर एक्शन प्लान बनाने की तैयारियां शुरू: प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए तात्कालिक और दीर्घकालिक एक्शन प्लान बनाकर उसको लागू किया जाएग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिल्ली के** पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने विंटर एक्शन प्लान की तर्ज पर समर एक्शन प्लान बनाने के लिए 11 अप्रैल को सभी सम्बंधित विभागों की दिल्ली सचिवालय में बैठक बुलाई है। इस बैठक में पर्यावरण, डीपीसीसी, डीडीए, एमसीडी, फायर सर्विस, डूसिब, राजस्व सहित तमाम संबंधित विभाग मौजूद रहेंगे। समर एक्शन प्लान के तहत तात्कालिक और दीर्घकालिक योजना बनाकर उसको लागू किया जाएगा। राय ने बुधवार को कहा कि दिल्ली के अंदर प्रदूषण एक बड़ी चुनौती के रूप में हर समय मौजूद रहता है। हमारी सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री के





नेतृत्व में दिल्ली के प्रदूषण स्तर को कम करने के लिए लगातार काम किए हैं। उन तमाम उपायों के परिणाम स्वरूप दिल्ली के अंदर प्रदूषण के स्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। सरकार द्वारा लागू किए गए विंटर एक्शन प्लान के परिणामस्वरूप ठंड के मौसम में दिल्ली में पीएम 10 और पीएम 2.5 की मौजूदगी में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के मुताबिक वर्ष 2016 से 2021 के बीच दिल्ली के एक्यूआई में अच्छी, संतोषजनक और मध्यम श्रेणी के दिनों की संख्या 109 से बढ़कर 160 हो गई है और खराब और बहुत खराब श्रेणी के दिनों की संख्या घटकर 217 से 196 हो गई है। इसके साथ ही सबसे खतरनाक श्रेणी की संख्या में भी 2016 से 2022 के बीच गिरावट दर्ज की गई है, जो की 2016 में जहां 26 थी अब वह 2022 में घटकर केवल 6 रह गई है। यह दशार्ता है कि दिल्ली के अंदर जो लगातार कदम उठाए जा रहे हैं, उसका असर दिल्ली के प्रदूषण को कम करने में दिख रहा है। उन्होंने आगे बताया कि वायु प्रदुषण से दिल्लीवालों की सांसों को बचाने के लिए दिल्ली सरकार ने लगातार व्यापक प्रयास किए हैं और इसी तरह विंटर एक्शन प्लान की तर्ज पर अब समर एक्शन प्लान कि नई रूपरेखा तैयार की जाएगी ताकि गर्मियों के मौसम में होने वाले प्रदूषण से भी दिल्लीवालों को बचाया जा सके। इस एक्शन प्लान के तहत दिल्ली के प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए तात्कालिक और दीर्घकालिक एक्शन प्लान बनाकर उसको लागू किया जाएगा।

# गैंगस्टर दीपक बॉक्सर मेक्सिको से दिल्ली लाया गया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस एफबीआई की मदद से वांछित गैंगस्टर और गोगी गिरोह के सरगना दीपक पहल ऊर्फ दीपक बॉक्सर को मेक्सिको से गिरफ्तार कर बुधवार को दिल्ली ले आई। स्पेशल सेल के स्पेशल सीपी एचजीएस धालीवाल और अपराध शाखा के स्पेशल सीपी रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि कुछ माह पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिया था कि बड़े भगोड़े अपराधी जो विदेश चले गए हैं, उन्हें गिरफ्तार कर देश में लाने के लिए अभियान चलाया जाए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया था कि अपराधी दुनिया के किसी भी कोने में हों, उन्हें भारत लाया जाए। इसके बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और अपराध शाखा ने विशेष अभियान चलाकर दीपक बॉक्सर को मेक्सिको से गिरफ्तार किया है। धालीवाल ने कहा कि दिल्ली पुलिस के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि इतने बड़े अपराधी को देश के बाहर से पकड़कर देश में लाया जा रहा है। इससे अपराधियों के बीच एक संदेश जाएगा कि दिल्ली में अपराध करने के बाद अपराधी दुनिया के किसी भी कोने में चला जाए, उसे दबोचने में दिल्ली पुलिस सक्षम है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फर्जी पासपोर्ट पर अवैध रूप से यात्रा करने के लिए दीपक बॉक्सर ने करीब 40 लाख रुपये खर्च किए थे। उल्लेखनीय है कि गैंगस्टर दीपक बॉक्सर दिल्ली-एनसीआर के सबसे बड़े और वांछित गैंगस्टर में से एक है। वह फर्जी पासपोर्ट के सहारे विदेश भाग गया था। पुलिस को आशंका है कि वह पिछले साल दिसंबर या फिर इस साल जनवरी में मेक्सिको भागा था। दरअसल, पुलिस को हाल ही में एक पासपोर्ट के बारे में पता चला था जिस पर फोटो तो दीपक बॉक्सर की लगी थी लेकिन वह मुरादाबाद निवासी रवि अंतिल के नाम पर बना था

### कई देशों से होकर मैक्सिको पहुंचा था

**वह** कोलकाता से दुबई, फिर अलमाती, इस्तांबुल-तुर्किए, पोर्ट ऑफ स्पेन-वेस्टइंडीज, कोस्टिका होते हुए मैक्सिको पहुंचा। पकड़े जाने के समय वह कानकून बंदरगाह पर था।

**मैक्सिको व तुर्किए ने काफी सहायता की:** धालीवाल ने बताया कि गैंगस्टर को पकड़ने में गृह मंत्रालय के साथ भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की एफबीआई, मैक्सिको की पुलिस व तुर्किए देश ने काफी सहायता की। पहली बार किसी गैंगस्टर को पकड़ने में विदेशी एजेंसियों व देशों के साथ बेहतर तालमेल सामने आया है।

# भाजपा ने जारी किया नया पोस्टर 'आप' के करप्ट 'चोर मचाएं शोर'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी** दिल्ली में आम आदमी पार्टी आप और भाजपा के बीच पोस्टर वॉर लगातार जारी है। भाजपा ने एक बार फिर आम आदमी पार्टी के खिलाफ पोस्टर जारी किया है। भाजपा ने मंगलवार को भी पोस्टर जारी कर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला था। अब फिर भाजपा ने आप के खिलाफ फिल्मी पोस्टर लगाए हैं। जिस पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की बड़ी तस्वीर लगाई गई है। साथ ही बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा है चोर मचाए शोर। पोस्टर के बीच में अरविंद केजरीवाल की तस्वीर है तो वही ऊपरी हिस्से में मनीष सिसोदिया, सतेंद्र जैन के साथ-साथ तीसरी फोटो आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की बनाई गई है। मनीष सिसोदिया और सतेंद्र जैन की तरफ इशारा करते हुए हथकड़ी की तस्वीर बनाई गई है, जिस पर यह दशार्या गया है कि वह दोनों जेल में हैं।

### पोस्टर वार

**= यमंत्री अरविंद केजरीवाल की बड़ी तस्वीर लगाई गई है। साथ ही बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा है चोर मचाए शोर**

# ईडी केस में भी सिसोदिया को 17 अप्रैल तक हुई जेल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कथित शराब** घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ जो केस दर्ज किया है उसमें अदालत ने उन्हें राहत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत पर सुनवाई के बाद उन्हें 17 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गौरतलब है कि ईडी द्वारा दर्ज मामले में सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म होने के बाद उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया है। इससे पहले अदालत ने सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में भी मनीष सिसोदिया को 17 अप्रैल तक के लिए न्यायिक



हिरासत में भेजा हुआ है। ऐसे में अब उनका 17 अप्रैल से पहले जेल से बाहर आ पाना मुश्किल है। मनीष सिसोदिया के वकील विवेक जैन ने अदालत में दलीलें रखते हुए कहा कि मनीष सिसोदिया और उनके परिवार के अकाउंट में एक भी पैसा नहीं आया है। ईडी ने उनके घर पर छापा भी मारा था और बैंक अकाउंट भी चेक किया था। यहां तक कि वो सिसोदिया के पैतृक निवास पर भी गए। जहां तक मनी लॉन्ड्रिंग की बात है तो उनके खिलाफ इसमें कोई केस नहीं बनता। वकील विवेक जैन ने कहा, मनीष के खिलाफ पीएमएल की धारा में कोई केस नहीं है। पीएमएलए एक्ट की धारा 45 उनके खिलाफ तब ही लगेगी जब धारा 3 के तहत उनके खिलाफ कोई जुर्म सामने आएगा। सिसोदिया के वकील की बहस खत्म होने के बाद ईडी के वकील ने कहा कि हम ताजा सबूतों को जुटाने में लगे हुए हैं। अब भी इस मामले में कुछ महत्वपूर्ण सुबूत हैं जो सामने नहीं आए हैं।

### हिरासत में भेजा

**= मनीष सिसोदिया के खिलाफ जो केस दर्ज किया है उसमें अदालत ने उन्हें राहत देने से इनकार कर दिया**

# दिल्ली में हनुमान जन्मोत्सव से पहले पुलिस सतर्क

## जहांगीपुरी इलाके में शोभायात्रा के लिए नहीं दी अनुमति

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**विश्व** हिंदू परिषद (विहिप) की ओर से रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य को लेकर दो दिन में दिल्ली में 10 से अधिक स्थानों से शोभा यात्रा और जुलूस निकालने की तैयारी है। इसी तरह कई स्थानों पर अखंड रामायण पाठ तथा हवन व पूजन का भी आयोजन है। इन आयोजनों से पांच और छह अप्रैल को राष्ट्रीय राजधानी को राममय करने की तैयारी है। हालांकि, आयोजन से जुड़े लोगों के अनुसार इन शोभा यात्राओं को अब तक दिल्ली पुलिस की ओर से अनुमति नहीं मिली है। ऐसे में इन यात्राओं को निकालने




पर विश्व हिंदू परिषद और दिल्ली पुलिस में टकराव बढ़ने का अंदेशा है। आयोजकों के अनुसार कानून-व्यवस्था और संवेदनशील मार्गों का हवाला देते हुए पुलिस ने अब तक इन शोभा यात्राओं को अनुमति नहीं दी है। विहिप के प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र गुप्ता ने इस मामले को लेकर दो दिन पहले पुलिस आयुक्त को पत्र भी लिखा था तथा इन शोभायात्राओं को अनुमति देकर हिंदुओं को शांतिपूर्वक धार्मिक उत्सव मनाने देने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि ये शोभायात्राएं मुगलकाल से निकलती आ रही हैं।

### हस्तक्षेप की मांग

**= दो दिन में दिल्ली में 10 से अधिक स्थानों से शोभा यात्रा और जुलूस निकालने की तैयारी है**

**बड़ी संख्या में रामभक्तों को जुटने का आह्वान:** इसी मामले को लेकर विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने भी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उपराज्यपाल वीके सक्सेना से हस्तक्षेप की मांग की है। मंगलवार को विहिप ने धार्मिक कार्यक्रमों की सूची जारी कर इन आयोजनों में बड़ी संख्या में रामभक्तों को जुटने का आह्वान किया है।

# भगवा झंडे का कथित तौर पर अपमान करने वाला अजीम गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के** शास्त्री पार्क इलाके में राम नवमी के दिन भगवा झंडे का कथित तौर पर अपमान करने के लिए पुलिस ने एक अजीम नाम के शख्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उस पर धार्मिक भावनाएं आहत करने व भड़काने का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने अजीम पर कार्रवाई करते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए और 295ए के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि रामनवमी के दिन सड़कों पर जो भगवा झंडे लगे थे आरोपी ने उसका अपमान किया है। अजीम की गिरफ्तारी कर ली गई है और मामले की जांच चल रही है।




आम आदमी पार्टी ने मनीष सिसोदिया की रिहाई की मांग करते हुए बीजेपी कार्यालय पर किया जोरदार प्रदर्शन।

# तीर्थयात्रियों से भरी बस रजोकरी में पलटी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अजमेर से** दिल्ली लौट रही एक प्राइवेट बस बुधवार सुबह यहां रजोकरी के पास पलट गई। बस में करीब 50 यात्री सवार थे। इनमें से 2 यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। घटना सुबह 7:00 बजे की बताई जा रही है। दमकल विभाग के अतुल गर्ग ने बताया कि यह प्राइवेट बस अजमेर से दिल्ली लौट रही थी। अजमेर से आने वाले तीर्थयात्रियों ने इस बस को बुक किया था। बस में सभी तीर्थयात्री ही सवार थे। रजोकरी के पास आजकल ट्रैफिक डायवर्सन चल रहा है। यहां पहुंचने पर डायवर्सन के तहत बस मुड़ने के क्रम में अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में सवार एक महिला और एक बच्चा घायल हो गए। दोनों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। बस में सवार अन्य यात्री सुरक्षित हैं। बस पलटने से इस मार्ग पर थोड़ी देर तक यातायात प्रभावित हुआ था लेकिन बाद में यातायात पुलिस ने बस को सड़क से हटा दिया।

### 2 लोग घायल

**= बस में करीब 50 यात्री सवार थे। इनमें से 2 यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती करा दिया गया**

# केजरीवाल सरकार ने दिल्ली जल बोर्ड को दिवालिया संस्था बना दिया: बीजेपी

## दिल्ली जल बोर्ड की बर्बादी एवं यमुना सफाई घोटाले की सी.बी.आई. जांच आवश्यक, दिल्ली वाले आज भी पानी की किल्लत से जूझ रहे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज एक पत्रकार सम्मेलन में कहा कि गत 8 साल में अरविंद केजरीवाल सरकार ने नवरत्न सरकारी संस्थान दिल्ली जल बोर्ड जो 2014-15 में 700 करोड़ के वार्षिक लाभ में था को आर्थिक बबार्दी में धकेल दिया है और आज दिल्ली बोर्ड पर 71000 करोड़ रूपए का कर्ज है। दिल्ली जल बोर्ड बर्बादी में पहुंच गया है और दिल्ली वाले आज भी पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं, झुग्गी बस्ती से लेकर पाश कॉलोनियों तक दिल्ली जल बोर्ड से लोगों को काला गंदा पानी आने की शिकायत है। अंधिकृत कॉलोनी हों, झुग्गी बस्ती हों या स्लम बस्ती सभी जगह नई पानी सप्लाई की पाइपलाइन डालने का काम ठप्प है। इसी तरह गत 8 साल में यमुना सफाई पर केजरीवाल सरकार ने 6800 करोड़ रूपए की बंदरबांट के बावजूद यमुना पहले से अधिक मैली है। पत्रकार सम्मेलन में दिल्ली भाजपा प्रवक्ता हरीश खुराना एवं प्रवीण शंकर कपूर और मीडिया रिलेशन विभाग सह प्रमुख




श्री विक्रम मित्तल भी उपस्थित थे। श्री सचदेवा ने कहा है कि लाभ में चलने वाला दिल्ली जल बोर्ड आज 71000 करोड़ के कर्ज में और दिल्ली सरकार इस वित्त वर्ष 2023-24 का पूरा बजट भी झोंक दे तो भी इसे लाभ में नहीं ला सकती। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि केजरीवाल सरकार अक्सर यमुना जल में आमोनिया की मात्रा बढ़ जाने के नाम पर कटौती करती है और इसका द्वेष हरियाणा पर डालने की कोशिश करती है जबकि खुद दिल्ली प्रदूषण कंट्रोल कमेटी मानती है कि दिल्ली हरियाणा बार्डर स्थित पल्ला गांव पर जब यमुना दिल्ली में घुसती है तो उसका जल लगभग निर्मल होता है। यह खेद पूर्ण है कि विशेषज्ञों के अनुसार यमुना अपनी कुल यात्रा लगभग 1400 किलोमीटर की यात्रा में से केवल 34 किलोमीटर दिल्ली में बहती है पर यमुना के कुल प्रदूषण का लगभग 75 प्रतिशत दिल्ली से जुड़ता है। श्री सचदेवा ने कहा कि यह जांच का विषय है कि 8 साल की सत्ता के बावजूद केजरीवाल सरकार आखिर क्यों यमुना में आवश्यक 6 आमोनिया ट्रीटमेंट प्लांट और लगभग 22 आवश्यक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट नहीं लगा पाई।

यह शर्मनाक है कि छोटे नालों की तो छोड़िए पूर्वी दिल्ली के मुख्य नाले और बारापुला नाले जैसे बड़े नाले बिना ट्रीटमेंट यमुना में गिर रहे हैं। इस संदर्भ में श्री सचदेवा ने दिल्ली के उपराज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना द्वारा नजफगढ़ नाले की सफाई शुरू करवाने का जिक्र करते हुये वहाँ एस.टी.पी. का बड़ा प्लांट लगाने पर बल दिया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यूँ तो दिल्ली के शराब एवं स्कूल निर्माण घोटालों पर खूब चर्चा होती है पर सच यह है कि दिल्ली जल बोर्ड एवं यमुना सफाई केजरीवाल सरकार के दो सबसे बड़े घोटाले हैं और यह कहना अतिशयोक्ति ना होगा की अरविंद केजरीवाल खुद इसके जिम्मेदार हैं।

### आरोप

**= नवरत्न सरकारी संस्थान दिल्ली जल बोर्ड जो 2014-15 में 700 करोड़ के वार्षिक लाभ में था को आर्थिक बर्बादी में धकेल दिया**

# शाहरुख सैफी का शाहीनबाग से निकला कनेक्शन, अरेस्ट

## शाहरुख दिल्ली के शाहीन बाग में एफ ब्लॉक में आठ नंबर आवास में रहता है, केरल पुलिस की एक टीम सुबह शाहरुख के घर पर दिल्ली में आई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केरल** के कोझिकोड में ट्रेन के एक डिब्बे में आग लगाकर तीन लोगों की जान लेने वाले शख्स को महाराष्ट्र एटीएस ने पकड़ लिया गया है। केरल रेल ब्लास्ट मामले में उत्तरप्रदेश के बुलंदशहर मूल के रहने वाले आरोपी शाहरूख सैफी का दिल्ली से कनेक्शन जुड़ा है। शाहरुख दिल्ली के शाहीन बाग में एफ ब्लॉक में आठ नंबर आवास में रहता है। केरल पुलिस की एक टीम सुबह शाहरुख के घर पर दिल्ली में आई। बताया जा रहा है कि दो अप्रैल को शाहरुख सैफी के पिता ने साउथ वेस्ट दिल्ली के शाहीन बाग थाना में गुमशुदगी का मामला



दर्ज करवाया था। बताया गया है कि आरोपी को महाराष्ट्र के रत्नागिरी से पकड़ा गया है। बताया गया है कि आरोपी की कस्टडी लेने के लिए केरल पुलिस की एक टीम भी रत्नागिरी पहुंची। महाराष्ट्र पुलिस के मुताबिक, आरोपी का नाम शाहरुख सैफी है। घटना पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि इस जघन्य अपराध को अंजाम देने वाले को दबोच लिया गया है। मैं महाराष्ट्र सरकार, पुलिस और आरपीएफ-एनआईए का शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने आरोपी को इतनी जल्दी पकड़ लिया। गौरतलब है, केरल में रविवार रात को कोझिकोड जिले के इलाथूर के पास एक अज्ञात व्यक्ति ने सहयात्री पर पेट्रोल छिड़क कर चलती ट्रेन में आग लगा दी थी। इस घटना में कुल तीन लोगों की मौत हुई, जिनमें एक मां-बेटी भी शामिल हैं। दोनों का शव एलाथुर रेलवे स्टेशन के करीब ट्रैक पर मिला था। इस घटना में करीब आठ लोग घायल भी हो गए थे, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना अलप्पुझा-कन्नूर मुख्य कार्यकारी एक्सप्रेस के डी1 डिब्बे में रात करीब 10 बजे हुई थी।

**यात्रियों ने दी थी सूचना:** रेलवे सूत्रों के अनुसार, आपातकालीन चेन खींचे जाने के बाद धीमा होने पर आरोपी फरार हो गया था। जब ट्रेन कोझीकोड शहर को पार करने के बाद कोरापुझा रेलवे पुल पर पहुंची तो यात्रियों ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को सूचना देकर आग बुझाई।

### दबोचा

**= ट्रेन के एक डिब्बे में आग लगाकर तीन लोगों की जान लेने वाले शख्स को महाराष्ट्र एटीएस ने पकड़ लिया गया ह**

# मैंने पब्लिसिटी स्टंट या फेमस होने के लिए नहीं किया: रिदम चनाना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**लगभग** एक हफ्ते दिल्ली मेट्रो का एक वीडियो बहुत वायरल हो रहा है जिसमें एक लड़की बिकनी पहने मेट्रो में यात्रा करते नजर आ रही है। जहां कोई उसे सपोर्ट करता दिख रहा है तो कोई पब्लिक प्लेस में मर्यादा ध्यान रखने की बात कर रहा है। अब इस मेट्रो गर्ल का एक इंटरव्यू सामने आया है जिसमें उसने अपने बारे में खुलकर बात की है।

**'मुझे फर्क नहीं पड़ता':** अपने कपड़े, वायरल वीडियो, उर्फी जावेद से प्रेरणा लेने के सवालों पर इस दिल्ली मेट्रो गर्ल ने अपनी बात रखी है। इस लड़की का नाम रिदम चनाना है। कपड़ों को लेकर पूछ गए सवाल पर रिदम ने कहा कि मुझे आजादी है कि मैं क्या पहनूं। यह सब मैं पब्लिसिटी स्टंट या फेमस होने के लिए नहीं कर रही हूं। मुझे फर्क नहीं पड़ता लोग मेरे बारे में क्या कहते हैं।

**'उर्फी कौन मुझे नहीं पता था':** उर्फी जावेद से प्रेरणा लेने के सवाल पर रिदम ने कहा कि वह उर्फी जावेद से प्रेरित नहीं है। यहां तक कि उर्फी कौन है वो जानती भी नहीं थी जब तक कि हाल में उसके एक दोस्त ने उसे उर्फी के बारे में नहीं बताया था। हालांकि उर्फी की स्टोरी जानने के बाद मैं उसे देखने लगी हूं।

**परिवार की ये है राय:** उनके ड्रेसिंग सेंस और सोशल मीडिया पोस्ट पर परिवार की क्या राय है ये बात पूछने पर उसने कहा कि उसका परिवार इस सब से खुश नहीं है। उसे अपने पड़ोसियों से भी लगातार धमकियां मिलती हैं।

### दो टूक

**= मुझे आजादी है कि मैं क्या पहनूं। यह सब मैं पब्लिसिटी स्टंट या फेमस होने के लिए नहीं कर रही हूं: रिदम चनाना**

## न्यूज फ्लैश

### ट्रेन में चढ़ते हुए महिला नीचे गिरी, यात्रियों ने बचाई जान

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)** अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ी से गिरकर अज्ञात महिला घायल हो गई। गनिमत यह रही कि समय रहते लोगो ने महिला को देख लिया और उसे तुरंत ऊपर की ओर खींच लिया। सुत्रोनुसार सांय लगभग 5 .50 छावनी के पलेफार्म नंबर 3 पर सियालदा से जम्मू तवी जा रही हमसफर एक्सप्रेस से महिला रेलगाड़ी में चढ़ते हुए ट्रैक पर गिर गई। जिसके बाद आनन फानन में लोगो ने चेन खीचीं और महिला को ऊपर खींचा और महिला की जान बच गई। जिसके बाद महिला उसी ट्रैन से जम्मू गई।

### 1 किलो 50 ग्राम चरस सहित नारायणगढ़ के 2 युवक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**एंटी** नारकोटिक्स सेल ने रायपुररानी-नारायणगढ रोड़ गांव धनौरा टी-प्वायंट के पास संजीव कुमार निवासी कृष्णा कालोनी नारायणगढ व विनोद कुमार निवासी वार्ड नम्बर-06 नारायणगढ को 01 किलो 50 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार कर थाना नारायणगढ में केस दर्ज किया गया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है। एएनसी सेल को सूचना मिली थी कि आरोपी हिमाचल प्रदेश से चरस लाकर नारायणगढ क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करते हैं। उनके आने की सूचना मिलने पर धनौरा के पास नाकाबंदी कर आरोपियो को काबू किया। जहां उनसे भारी मात्रा मे चरस बरामद हुई आरोपी विनोद कुमार के खिलाफ हिमाचल प्रदेश कुल्लु में चरस तस्करी करने का मामला दर्ज है।

### मांगों को लेकर ग्रामीण चौकीदार सभा समाज कल्याण मंत्री बनवारीलाल से मिली

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा** ग्रामीण चौकीदार सभा का प्रदेश स्तरीय शिष्टमंडल अपनी मांगों को लेकर अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य सूरजभान कटारिया के नेतृत्व में समाज कल्याण एवं सहकारिता मंत्री डाक्टर बनवारी लाल के उनके निवास स्थान चण्डीगढ़ में मांगपत्र सौंपा। ग्रामीण चौकीदार सभा के प्रदेश अध्यक्ष सतबीर सिंह दुग्गल व उपाध्यक्ष हरजिन्द्र सिंह ने बताया कि ग्रामीण चौकीदारों का इस महंगाई के समय में वेतन बहुत कम है हरियाणा सरकार से उन्हें सिर्फ 7000 रुपये मासिक मानदेय मिलता है जिसमें इस महंगाई के समय में परिवार का गुजारा करना बहुत ही मुश्किल है। ग्रामीण चौकीदारों ने मांग में कहा कि उनके मानदेय में बढौतरी की जाये उन्हें गर्मी व सर्दी की साल में दो वर्दी दी जाए और 23अप्रैल 2018 के हिसार में हुये चौकीदार सम्मेलन की तर्ज पर फिर से एक चौकीदारों का सम्मेलन करवाया जाये। इस अवसर पर सतीश कुमार, सोनीपत, रामचंद्र पानीपत, राजकुमार पानीपत, जिला सचिव करता चंद अम्बाला, शकील, भूप सिंह, राजबीर, राजेश कुमार, सुनील कुमार, टेकचंद बाबैन,व कुरुक्षेत्र जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह मौजूद रहे।

### हिसार में 7 अप्रैल को खुलेगा कल्याण ज्वैलर्स का नया शोरूम

**हिसार।** देश के प्रमुख आभूषण ब्रांडों में से एक कल्याण ज्वैलर्स ने आज घोषणा की कि वह हिसार में कदम रखते हुए हरियाणा राज्य में अपना तीसरा शोरूम शुरू करेगा। नया शोरूम दिल्ली रोड पर टाउन पार्क के सामने स्थित है और इस क्षेत्र में अपने रिटेल फुटप्रिंट और परिचालन का विस्तार करने के लिए कंपनी की रणनीति का हिस्सा है, जिससे ग्राहकों को ब्रांड तक आसान पहुंच प्रदान की जा सके। शोरूम का उद्घाटन 7 अप्रैल, 2023 को किया जाना है। इस शोरूम में कल्याण ज्वैलर्स के ज्वैलरी कलेक्शन के डिजाइनों की व्यापक रेंज पेश की जाएगी। आभूषणों की यह रेंज विश्व स्तरीय माहौल में प्रस्तुत की जाएगी। शोरूम की लॉन्चिंग के अवसर पर एक यूनिक प्रमोशन के तहत कल्याण ज्वैलर्स पर कम से कम 1 लाख रुपए की खरीदारी करने पर ग्राहकों को आधे खरीद मूल्य पर कोई भी मेकिंग चार्ज नहीं देना होगा। इसके अतिरिक्त इस शोरूम में ह्यकल्याण स्पेशल गोल्ड बोर्ड रेटह्व लागू होगी, जो बाजार में सबसे कम है और कंपनी के सभी शोरूमों में मानकीकृत है। इस तरह ग्राहकों के लिए एक निर्बाध और सेवा-समर्थित खरीदारी अनुभव सुनिश्चित किया जाता है। यह ऑफर सीमित अवधि के लिए ही वैध है। कल्याण ज्वैलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री रमेश कल्याणरमन ने कहा, हरियाणा में आठ साल पूरे करने के बाद, हमें हिसार में प्रवेश करते हुए बेहद खुशी हो रही है। हिसार इस क्षेत्र के सबसे बड़े बाजारों में से एक है। हरियाणा हमेशा से कल्याण ज्वैलर्स के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार रहा है, और इस क्षेत्र में हमारा नया निवेश हमारी उपस्थिति को और मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि हिसार में अपार अप्रयुक्त क्षमता है, जो हमारे समग्र विकास की गति में योगदान देगी। हमें विश्वास है कि गुणवत्ता और ग्राहकों की संतुष्टि के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हमें इस समुदाय में एक प्रिय ब्रांड बनाएगी।" कल्याण ज्वैलर्स में रिटेल किए गए सभी आभूषण बीआईएस हॉलमार्क वाले हैं, और इन्हें शुद्धता संबंधी अनेक परीक्षणों से गुजारा जाता है। ग्राहकों को कल्याण ज्वैलर्स का 4-लेवल एश्योरेंस सर्टिफिकेट भी मिलेगा, जो सोने की शुद्धता, गहनों के जीवन भर मुफ्त रखरखाव, विस्तृत उत्पाद जानकारी और पारदर्शी एक्सचेंज और बाय-बैक नीतियों की गारंटी देता है।

# अधिकारियों ने व्यापारी, गोस्वामियों के साथ की बैठक

## बांके बिहारी मंदिर के दर्शनों हेतु ऑनलाइन सुविधा पर हुई सहमति



**8 बैठक कर तमाम बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें बांकेबिहारी मंदिर में ऑनलाइन दर्शनों की व्यवस्था पर सहमति जताई**

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/लोकेश चौधरी**
**धार्मिक नगरी श्री** धाम वृंदावन में पिछले कुछ दिनों से उमड़ रहे श्रद्धालुओं के सैलाब को नियंत्रित करने की आखिरकार प्रशासन को सुध आ ही गई। व्यापारी और गोस्वामी समाज के साथ बैठक कर तमाम बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें बांकेबिहारी मंदिर में ऑनलाइन दर्शनों की व्यवस्था पर सहमति जताई गई। यहां बताते चलें कि पिछले कई दिनों से धार्मिक नगरी में श्रद्धालुओं का भारी सैलाब उमड़ पड़ा है। शहर के चप्पे चप्पे पर भारी जाम लगा है। खास तौर पर ठाकुर बांके बिहारी लाल मंदिर के आसपास तो स्थानीय लोगों का घर से निकलना भी दुभर हो गया है। आने वाले दिनों में भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारियों को भीड़ को नियंत्रित करने की सुध आई। नगर निगम के अपर आयुक्त क्रांति शेखर सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट सौरभ दूबे, सीओ सदर प्रवीन मलिक ने व्यापारी वर्ग और बांकेबिहारी मंदिर के गोस्वामी समाज से अलग अलग बिंदुओं पर चर्चा की। जिसमें ऑनलाइन दर्शनों की व्यवस्था बनाने पर जोर दिया गया। वृंदावन में बडी संख्या में ई रिक्शा किए सीज

धार्मिक नगरी में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या के कारण लगने वाले जाम पर काबू पाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे है।

वृंदावन यातायात प्रभारी रवि भूषण शर्मा ने आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आकर बिना रूट बिना रजिस्ट्रेशन के वृंदावन की सीमा में दौड़ रहे सैकड़ों ई रिक्शा सीज कर दंडात्मक कार्यवाही की। साथ ही उन्होंने अपील की उनका यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

जिससे की अनियंत्रित होती भीड़ के कारण लगने वाले जाम पर काबू पाया जा सके। साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि मंदिरों के आसपास वही ई रिक्शा चल सकेंगे जिनका रूट निर्धारित किया गया है।

इसके अलावा अन्य ई रिक्शा अगर बिना रूट के चलता पाया गया तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## घर बैठे बुढापा पेंशन शुरू होने का सरल माध्यम बना परिवार पहचान पत्रः उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**आजादी के** अमृत महोत्सव के तहत प्रदेश सरकार द्वारा लागू किए गए परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पानीपत जिला में वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के तहत 2283 बुजुर्गो की घर बैठे ही स्वतः ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन बनी है। नागरिकों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का अब धरातल पर असर दिखने लगा है। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि वृद्धावस्था पेंशन योजना को परिवार पहचान पत्र से जोडने के बाद अब बुजुर्गो को राहत मिली है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में जब से सरकार की यह फ्लैगशिप योजना शुरू हुई है, तब से आयु व आय के निर्धारित मापदंडो को पूरा करने वाले बुजुर्गो की परिवार पहचान पत्र के माध्यम से अब वृद्धावस्था सम्मान पेंशन ऑटो मोड में बन रही है। अब किसी भी बुजुर्ग को वृद्धावस्था सम्मान भत्ता लेने के लिए आवेदन करने की जरूरत नहीं है। उपायुक्त ने बताया कि जिला पानीपत में 2283 पात्र बुजुर्गो की पेंशन पीपीपी के माध्यम से बन चुकी है। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा जिला पानीपत के 74 हजार 549 बुजुर्गो को प्रत्येक माह 2500 रुपये की राशि वृद्धावस्था सम्मान पेंशन के रूप में उनके बैंक खाते में भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने चालू वित्त वर्ष में इसमें 250 रुपये की बढ़ोत्तरी की है। यानि अब बुजुर्गो के खाते में अप्रैल माह की पेंशन 250 रुपये बढकर 2750 रुपये आएगी।

## अधमी गांव मे मेले व ईनामी कुश्ती दंगल का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/बापौली**
**नवरात्रों** के उपरांत चौदस के शुभ अवसर पर मंगलवार को अधमी गांव के प्राचीन शाकुम्भरी देवी मन्दिर परिसर मे ईनामी दंगल का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित मेले मे दूर-दराज से आए श्रद्धालूओ ने माता के दरबार मे माथा टेका और सच्चे मन से मन्नत मांगी। और भण्डारे मे प्रसाद ग्रहण किया। ईनामी कुश्ती दंगल का शुभारम्भ प्रसिद्व समाजसेवी व यमुना सुधार समिति के प्रदेशाध्यक्ष अधिवक्ता रत्नसिहं रावल ने बतौर मुख्यातिथि पहलवानो के हाथ मिलवाकर किया और विजेता पहलवानो को ईनाम के रूप मे नगद धनराशि देकर सम्मानित किया। दंगल मे ओमपाल दूधिया व भगत सिहं रैफरी ने निष्पक्ष निर्णायक मण्डल की भूमिका निभाई। दंगल मे आस पास व दुसरे पडोसी राज्यो से सैकडो पहलवानो ने भाग लेकर जोर अजमाईस की। इस दौरान जेजेपी नेता देवेंद्र कादियान के भाई दीपक कादयान ने भी अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

## जिला परिषद की सामान्य बैठक 13 अप्रैल को

**पानीपत, कमाल हुसैन**
**उपायुक्त** सुशील सारवान ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 13 अप्रैल को लघु सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में सात सूत्री एजेंडे को लेकर जिला परिषद की सामान्य बैठक का आयोजन किया जायेगा। बैठक में 17 फरवरी को हुई बैठक की कार्यवाही की पुष्टिद्द के अलावा राज्य वित्त आयोग वर्ष 2022- 2023 के अंतर्गत स्वीकृत सभी कार्यो की नवीनतम प्रगति एवं प्रशासनिक स्वीकृति उपरांत खर्च राशियों की अदायगी के बारे में विचार-विर्मश किया जायेगा। जिला परिषद सीइओ विवेक चौधरी ने बताया कि बैठक में वित्त आयोग की ग्रांटों एवं वित्त वर्ष 2023-2024 के प्लान बारे भी विचार होगा। उन्होंनें बताया कि बैठक में डीआरडीए के अधीन संचालित

## वकीलों व प्रशासन के बीच पार्किंग का मुद्दा गर्माया



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**जिला** बार एसोसिएशन के वकीलों व अंबाला प्रशासन के बीच वाहनो की पार्किंग का मुददा लगातार गमार्ता जा रहा है। आज इसी विवाद के चलते वकीलों ने मिनी सचिवालय व जिला कोर्ट को जाने वाले रास्ते को बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। वकीलों का कहना है जब तक उन्हें पार्किंग नही मिलेगी वे तब तक धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे। गौरतलब है कि जहां वकील वाहन पार्क करते थे, उसे प्रशासन ने ठेके पर दे दिया जिसके बाद विवाद बढ़ता जा रहा है। वकीलों ने दो दिन पहले इस मुददे को लेकर वर्क सस्पेंड व प्रदर्शन भी किया था। वकीलों की मांग है कि वे जहां पार्किंग करते थे उन्हें वापिस दी जाए क्योंकि प्रशासन ने उस जगह को आगे ठेके पर दे दिया है। जिसके बाद उन्हें पार्किंग की जगह नही मिल रही है। उन्हें पार्किंग नही मिली तो उन्हें जहां जगह मिली उन्होंने अपने वाहन वहां पार्क कर दिए हैं। वकीलों का साफ तौर पर कहना है जब तक उन्हें पार्किंग नही मिलती वे धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे।

बता दें कि एडीसी आफिस के सामने जिस जगह पर वकील अपनी गाड़ियां खड़ी करते थे वहां पार्किंग के लिए प्रशासन ने वकीलों को मना कर दिया गया।

# मिथुन वर्मा के प्रयासों से पुलिया का निर्माण कार्य हुआ आरंभ



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) हरियाणा** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट देविन्दर वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कई महीनों से अंबाला शहर के वार्ड नं.10 में स्थित सर्कुलर रोड़ पर एक बड़ी पुलिया टूट गई थी जिससे जनता को भारी मुश्किलें उठानी पड़ रही थी और कईं बार हादसे भी होते-होते बचे। मिथुन वर्मा ने बताया कि गत 3 अप्रेल को निगम द्वारा आयोजित हाउस की मीटिंग में जोर शोर से उपरोक्त पुलिया निर्माण के मुद्दे को उठाया गया था उसके बाद पुलिया का निर्माण सम्भव हो सका है। पार्षद मिथुन ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिया के पुर्निर्माण लिए निगम के अधिकारियों को लगातार पिछले कईं महीनों से लिखित व मौखिक रूप में बार बार कहा गया था। लेकिन अधिकारीयों के संज्ञान में लाने के बावजूद भी पुलिया का निर्माण नहीं हो पाया था जिसका मुख्य कारण बिजली के पोल भी थे।

निगम के अधिकारियों द्वारा बिजली विभाग को खंभों को सही जगह स्थानांतरित करने के लिए लिखा गया था लेकिन टेक्निकल समस्या के कारण वह खंभे नहीं हटाया जा सके। मिथुन वर्मा ने उसमें बताया कि हाउस मीटिंग में जोर देकर कहा कि उपरोक्त पुलिया का बनाना अति आवश्यक है अन्यथा कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है इसलिए इसको तुरंत बनाया जाए जिसका संज्ञान लेते हुए आज इस पुलिया का निर्माण सम्भव हो सका।

मिथुन ने अधिकारीयों सहित निगम कमिश्नर प्रशान्त कुमार का भी आभार व्यक्त किया और कहा कि निगम कमिश्नर के प्रयासों से ही पुलिया का निर्माण तुरन्त प्रभाव सम्भव हो सका है। पुलिया के निर्माण के शुभारम्भ के लिए आनंदपुर आश्रम के महाराज जी ने वार्ड के अन्य निवासियों सहित नारियल तोड़कर पुलिया के निर्माण का शुभारंभ किया और मौके पर नरेन्द्र सिंह अंटाल, विक्की वालिया, ओम प्रकाश बत्रा,नरेंद्र पाली, पदम खन्ना, रविन्द्र गुलाटी सहित दर्जनों महिलाओं सहित उपस्थित रहे।

## परिजनों ने हत्या कर गोविन्द कुण्ड में फेंका था शव

**मथुराः थाना गोवर्धन** पुलिस व सर्विलांस सेल मथुरा की संयुक्त टीम ने गोविन्द कुण्ड में मिली अज्ञात महिला के शव की शिनाख्त कराकर घटना का खुलासा करते हुए चार आरोपियों भागीरथ पुत्र परमान्नद कौशिक निवासी ग्राम आन्यौर थाना गोवर्धन जनपद मथुरा (भाई), राधेश्याम पुत्र परमान्द कौशिक निवासी ग्राम आन्यौर थाना गोवर्धन जनपद मथुरा (भाई), मृतिका की मां तथा मृतिका की बहन को गिरफ्तार किया है। दो अप्रैल को थाना गोवर्धन परिक्रमा मार्ग के किनारे ग्राम आन्यौर स्थित गोविन्द कुण्ड में अज्ञात महिला का शव हाथ पैर बधे हुए बरामद हुआ था। शिनाख्त के सम्बन्ध में पम्पलेट प्रिंट मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का सहयोग लिया गया। घटना के सम्बन्ध में थाना गोवर्धन पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। अज्ञात महिला के शव की शिनाख्त तीन अप्रैल को करायी गयी, अज्ञात महिला की शिनाख्त मृतिका पत्नी नरेन्द्र शर्मा व पुत्री परमानन्द कौशिक निवासी आन्यौर थाना गोवर्धन जिला मथुरा, निवासी ग्राम डेरा थानागाजी अलवर राजस्थान उम्र करीब 24 वर्ष के रूप में हुई थी। वर्ष 2018 में मृतिका की मां के द्वारा थाना गोवर्धन पर धारा 366 आईपीसी का अभियोग पांच अप्रैल 2019 को निर्दोष सिंह पुत्र जवाहर निवासी ग्राम आन्यौर थाना गोवर्धन मथुरा के विरुद्ध मृतिका का अपहरण करने के सम्बन्ध में पंजीकृत कराया गया था। पांच पडता में 10 मई 2019 को मृतिका की बरामदगी कर न्यायालय में पेश किया गया था। जिसमें मृतिका द्वारा निर्दोष के साथ जाने व रहने की बात कही गयी थी, जिसके आधार पर मृतिका निर्दोष के साथ चली गयी थी।

## 2 माह पहले बनी बीपीएल कार्ड की सूची से कटा नाम

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**फैमिली** आईडी द्वारा बीपीएल की हो रही जांच कुछ गरीब लोगों पर भी भारी पड रही है। दुर्गानगर निवासी सुरेंद्र जोकि दिहाडी मजदूरी व अखबार बांटकर गुजारा करता है, उसकी फैमिली आईडी में इनकम 50 हजार रुपए सालाना से बढाकर अब अढाई लाख कर दी गयी है। सुरेंद्र ने बताया कि उसका कुछ माह पहले ही बीपीएल कार्ड बना था, लेकिन अब वह उसका नाम बीपीएल सूची से काट दिया गया है। उसका कहना है कि वह बेहद गरीब आदमी है और किसी तरह दिहाडी कर अपना गुजर बसर कर रहा है, ऐसे में सरकार को चाहिए कि उस जैसे गरीबों का नाम बीपीएल सूची में डाला जाये। उसने बताया कि अब उसे फैमिली आईडी बनवाने के लिए धक्के खाने पड रहे हैं।

## आंगनबाडी घर घर जाकर बताएंगी मोटे अनाज के फायदे

### मोटा आजन से लड़ी जाएगी कुपोषण के खिलाफ लडाई

**8 अभिनव मिश्रा ने बताया कि पोषण पखवाड़ा 2023 आयोजन 20 मार्च से तीन अप्रैल तक हुआ जिसके अंतर्गत तीन मुख्य बिंदु सम्मिलित किए गए हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा के समापन समारोह का आयोजन बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी पुलकित खरे ने समस्त आंगनबाड़ी को संबोधित करते हुए कहा कि मोटे अनाज से संबंधित जानकारी सिर्फ उन तक सीमित न रहे अपितु उनके माध्यम से पूरे जनपद के हर तबके तक पहुंचे। जिलाधिकारी ने समस्त आंगनबाड़ी कार्यकताओं को निर्देश दिए की घर घर जाकर लोगो को मोटे अनाज के प्रति जागरूक करें, उन्हें मोटे अनाज के फायदे बताए और उसे सेवन करने के लिए प्रोत्साहित करे। मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। मोटा अनाज कुपोषण की लड़ाई में एक अहम भूमिका निभाता है, इसलिए इसका उपयोग करना बहुत जरूर है, हम सभी की थाली में मोटा अनाज जरूर होना चाहिए। प्रधानमंत्री द्वारा मोटे अनाज के सेवन के लिए जागरूकता अभियान पूरे भारत में चलाया जा रहा है। पूरा विश्व वर्ष 2023 को मिलेट ईयर के रूप में मना रहा है जो हमारे लिए एक गौरव का विषय है। जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दे और कक्षा एक के अधिकाधिक छात्र छात्राओं का नामांकन करवाना सुनिश्चित करें। आपका प्रयास बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी अभिनव मिश्रा ने बताया कि पोषण पखवाड़ा 2023 आयोजन 20 मार्च से तीन अप्रैल तक हुआ जिसके अंतर्गत तीन मुख्य बिंदु सम्मिलित किए गए हैं।

# राजेश जून ने अखाड़े में दिया एक लाख एक हजार का दान



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**
**क्षेत्र** की खेल प्रतिभाएं आगे बढ़कर खेलों में पदक जीतकर क्षेत्र का नाम देश व विदेश में रोशन करें इसके लिए मेरी तरफ से जो भी सहयोग होगा मैं जरूर करूंगा। यह बात आरजे अस्पताल के चेयरमैन एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट समाजसेवी राजेश जून ने लड़रावन गांव में बाबा सदानाथ अखाड़े में पहलवानों को सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु अपनी नेक कमाई से 1 लाख 1 हजार रुपये भेंट करते हुए कही। अखाड़े में पहुंचे मुख्य अतिथि राजेश जून का कुलदीप नैन, राजेश सरपंच, सुरेश, प्रवीण, अजय कोच, योगेंद्र, नवीन, संदीप,मनोज ब्लॉक समिति,मुकेश ,अमित उर्फ बैटरी , राकेश आदि ने स्वागत किया व अखाड़े में सहयोग राशि भेंट करने पर आभार जताया। अखाड़ा संचालक ने राजेश जून को बताया कि अजय कोच की देखरेख में अखाड़े में पहलवान कुश्ती का कड़ा प्रशिक्षण ले रहे है। इस अवसर पर अखाड़े में प्रशिक्षणरत पहलवानों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि कांग्रेस की हुड्डा सरकार में कुश्ती सहित सभी खेलों और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए देश की सबसे बेहतर खेल नीति लागू की गई थी। इसके परिणाम स्वरुप ओलिंपिक, एशियाड, कॉमनवेल्थ सहित राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली कुश्ती प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने पदक जीतकर हरियाणा का नाम देश ही नहीं बल्कि विश्व में रोशन किया था। हुड्डा सरकार में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ियों को पदक अनुसार सरकारी नौकरी, नगद इनाम धनराशि तथा सम्मान देने का काम किया जाता था। राजेश जून ने कहा कि बीजेपी सरकार में खेल व खिलाड़ी सुविधाओं में पिछड़े गए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अगली सरकार कांग्रेस पार्टी की बनेगी और भूपेंद्र सिंह हुड्डा तीसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री बनकर फिर से खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने का काम करेंगे। इस अवसर पर राजेश जून ने बाबा सदानाथ अखाड़ा संचालकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि अखाड़े में प्रशिक्षण ले रहे पहलवानों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अगर भविष्य में भी मेरे किसी सहयोग की जरूरत पड़े तो मुझे निसंकोच जरूर बताएं ताकि पहलवानों को सुविधाओं का अभाव नही झेलना पड़े ।

# हरियाणा में पंजाबी भाषा से हो रहा है सौतेला व्यवहारः मच्छौडां

**8 हरियाणा में सैकडों सीटें रिक्त पडी है जिनमें से सरकार ने एक भी सीट पंजाबी की निकालने की जहमत नही उठायी।**



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**पंजाबी** अध्यापकों की भर्ती को लेकर एक विशेष मीटिंग ज. हरपाल सिंह मच्छौडां की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें हरियाणा सरकार द्वारा विभिन्न अलग विषयों को लेकर भर्ती निकाली गई थी। लेकिन पंजाबी के अध्यापको की भर्ती को इसमे शामिल नही किया गया। पाली ने कहा कि हरियाणा में सैकडों सीटें रिक्त पडी है जिनमें से सरकार ने एक भी सीट पंजाबी की निकालने की जहमत नही उठायी। उन्होंने बताया कि साल 2020 में कैटागरी 37 के तहत 176 पोस्ट पंजाबी की निकाली गई व आवेदन भी करवा दिये थे पर मार्च 2022 को इस भर्ती को वापस ले लिया गया। ज. रणवीर सिंह फौजी मुख्य महासचिव ने हरियाणा सरकार को पंजाबी भाषा अध्यापको की भर्ती सुनिश्चित की जाए। हरियाणा सरकार द्वारा मनोहर लाल खट्टर जो स्वयं पंजाबी द्वारा श्री गुरु नानक देव जी के 550 वाँ प्रकाशोत्सव पर 400 पंजाबी अनुयायको को आश्वासन दिया गया था।

# नरेला: शिव धराणी मंदिर में श्री हनुमान कथा का भव्य आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** के शिव धराणी मंदिर में आदि शक्ति महिला मंडल द्वारा पांच दिवसीय श्री हनुमान कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा के चौथे दिन कथा व्यास आचार्य श्री लखन शांडिल्य जी महाराज ने हनुमान जी से जुड़े कई प्रसंगों का वर्णन किया। साथ ही सफल जीवन व्यतीत करने के लिए हनुमान जी से सीख लेने के लिए भक्तों को प्रेरित किया।
बाहरी दिल्ली के नरेला में बस स्टैंड स्थित शिव धराणी मंदिर में प्रमुख धार्मिक संस्था आदि शक्ति महिला मंडल द्वारा पांच दिवसीय श्रीहनुमान कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।
जिसमें कथा व्यास आचार्य श्री लखन तरुण शांडिल्य जी महाराज



के मुखारविंद से श्री हनुमान कथा सुनने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। आदि शक्ति महिला मंडल की शालू गुप्ता व अर्चना पांडे ने बताया कि 2 से 6 मार्च तक पांच दिवसीय दिव्य श्री हनुमान कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसका समापन 6 मार्च को हनुमान जन्मोत्सव पर होगा। रोजाना सांय 3 से 6 बजे तक आचार्य श्री लखन तरुण शांडिल्य जी महाराज अपनी चिर परिचित मंत्रमुग्ध कर



देने वाली दिव्य शैली में हनुमत कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रभु भक्ति से जोड़ रहे हैं। कथा पश्चात प्रसाद वितरण किया जाता है। उन्होंने कहा कि शिव धराणी मंदिर अपार आस्था का केंद्र बना हुआ है। हनुमान कथा के चौथे दिन कथा व्यास आचार्य लखन शांडिल्य जी महाराज ने श्री हनुमत चरित्र के कई अनकहे पक्ष कथा प्रेमियों के सामने रखे। उन्होंने कहा कि हनुमान जी ने सेवा का व्रत लिया था। और इसी व्रत ने हनुमान जी को जगत का राजा बनाया। उन्होंने आगे कहा कि हनुमान जी का अवतार ही श्री राम की सहायता के लिए हुआ था इसका अर्थ है श्रीराम के जीवन का धेय ही रावण का अंत करके तीनों लोको का कल्याण करना था। जिसमें हनुमान जी ने श्रीराम का साथ दिया। और हमें भी ऐसे ही हनुमान जी से यह प्रेरणा लेनी चाहिए कि जो लोग अच्छा और समाज सेवा का काम कर रहे हैं उनका हमें साथ देना चाहिए। इस दौरान कथा पंडाल में शालू गुप्ता, अर्चना पांडे, ममता पांचाल, उमा गोयल सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त मौजूद रहे। भक्तों ने पूरी भक्ति भाव से भगवान श्री हनुमान कथा का रसपान किया।

# जहांगीरपुरी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जहांगीरपुरी में हैल्थ कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सम्पर्क साथी एनजीओ ने किया। इस मौके पर प्रेम कुमार, युवा समाजसेवी राजू ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। राजू ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में 105 लोगों की जांच की गई। इस मौके पर राजू ठाकुर ने कहा कि सम्पर्क साथी एनजीओ बड़ा ही अच्छा कार्य कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि सेवा के क्षेत्र में सभी को आगे आना चाहिए और जरूरतमंदों की सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर प्रेम कुमार ने बताया कि संपर्क साथी एनजीओ का प्रयास सभी को सुविधाएं मुहैया कराना है। ताकि जनता को बेहतर से बेहतर सुविधांए मिल सके। इस दौरान हार्ट सहित कई प्रकार के रोगों

# धूमधाम से मनाया गया सुमित चौहान का जन्मदिन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नव** युवक उज्जवल मंच के अध्यक्ष सुमित चौहान का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। नव युवक उज्जवल मंच के सभी सदस्यों ने केक काटकर वितरण किया और सुमित चौहान की लंबी उम्र की कामना की। इस अवसर पर नव युवक उज्जवल मंच के महामंत्री सत्यभान सिकरवार, कोषाध्यक्ष हर्ष कुमार, मंत्री दीपांशु माहौर, कार्यकारिणी सदस्य हरेंद्र कुमार, नितेश ठाकुर एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय राजपूत महासंघ दिल्ली प्रदेश के अंतर्गत जिला चांदनी चौक के जिलाध्यक्ष दिनेश राघव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अक्षय जादौन, मंडल अध्यक्ष प्रमोद चौहान, संजीव राजावत, राजकुमार जादौन, धीरेन्द्र पुंडीर, एडवोकेट लोकेश राघव भी उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष सुमित चौहान ने सभी लोगों का धन्यवाद किया।

# केजरीवाल शुद्ध जल देने की जगह दूषित जल दे रहे हैं: कुमार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने 8 वर्षों के शासन में यमुना सफाई के नाम पर करोड़ों रुपये भ्रष्टाचार की भेट चढ़ा दिए और यमुना में प्रदूषण हर दिन बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने पिछले 5 वर्षों में यमुना सफाई पर 6800 करोड़ खर्च करने का दावा किया है परंतु यमुना का प्रदूषित होता काला पानी दिल्ली सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर रहा है। केजरीवाल राज में दिल्ली वाले जीते जी काले पानी की सजा भोगने को मजबूर है।
अनिल कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा हर घर नल से जल देने वायदा किया गया पूरी तरह से दिल्लीवासियों के साथ धोखा साबित हुआ है। दिल्ली सरकार दिल्ली में जिन गुने चुने घरों में नल से पानी दे रही है वहां दूषित पानी आ रहा है। मौसम में बदलाव की आहट से ही झुग्गी झौपड़ी व दिल्ली के कई इलाकों में जल संकट से लोग परेशान हो रहे है। उन्होंने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड पर 71000 करोड़ का कर्जा है, जो केजरीवाल के शासन में हुए भ्रष्टाचार के कारण वर्ष दर वर्ष बढ़ता जा रहा है, जबकि कांग्रेस शासन में दिल्ली जल बोर्ड मुनाफा कमाने वाली संस्था थी। यमुना में इतना प्रदूषण बढ़ रहा है कि यमुना में अमोनिया का स्तर बढ़ने से झाग बढ़ता जा रहा है।
अनिल कुमार ने कहा कि यह जांच का विषय है कि 8 साल के शासन में केजरीवाल सरकार यमुना से अमोनिया को ट्रीट करने के लिए 6 अमोनिया ट्रीटमेंट प्लांट अभी तक नही बना पाई और यमुना में दूषित पानी न डले उसके लिए आवश्यक 22 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट क्यां नही लगा पाई। उन्होंने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड में हुए 71000 करोड़ के घाटे के लिए मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल सीधे तौर पर जिम्मेदार है, जिसकी जांच होनी चाहिए।

# 8 व 9 को लाल किले पर ऐतिहासिक कार्यक्रम होंगे आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने बताया कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी 6 अप्रैल को श्री अकाल तख्त साहिब से सुबह 9 बजे अरदास के पश्चात भव्य नगर कीर्तन का आयोजन करेगी, जो पंजाब व हरियाणा के अलग-अलग शहरों से होता दिल्ली में गुरुद्वारा मजनू का टीला पर समाप्त होगा। सरदार हरमीत सिंह कालका ने आज अमृतसर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी पिछले 10 सालों से दिल्ली फतेह दिवस मना रही है। सिख कौम के महान जनरल बाबा बघेल सिंह, बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया और बाबा जस्सा सिंह अहलूवालिया एवं उनके साथियों ने दिल्ली फतेह



कर सिख तीर्थस्थलों को चिन्हित करने के बाद दिल्ली का शासन वापिस कर दिया था तथा तख्त का फर्श उखाड़ कर गुरु रामदास जी व गुरु हरिगोबिंद साहिब जी के चरणों में लाकर रख दिया था जो आज भी बुंगा रामगढ़िया में मौजूद है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का दिल्ली फतेह दिवस कार्यक्रम श्री अकाल तख्त साहिब के पूर्व जत्थेदार अकाली बाबा फूला सिंह जी के 200वें शहीदी दिवस एवं बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया की 300वीं जन्मशताब्दी को समर्पित किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर कीर्तन अमृतसर से शुरू होकर जालंधर, लुधियाना, खन्ना, राजपुरा होते हुए 6 अप्रैल की रात अंबाला में गुरुद्वारा मांजी साहिब में विश्राम करेगा तथा अगले दिन 7 अप्रैल को कुरुक्षेत्र व पानीपत से होता हुआ।

# कोरोना से घबराए नहीं गंभीर स्थिति के लिए निगम के अस्पताल तैयार: शैली ऑबराय

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कोरोना** के बढ़ते मामले को लेकर दिल्ली नगर निगम की मेयर शैली ऑबराय ने बुधवार को निगम मुख्यालय में प्रेस वार्ता की। इस दौरान डिप्टी मेयर आले मोहम्मद और नेता सदन मुकेश गोयल मौजूद रहें। मीडिया को संबोधित करते हुए शैली ऑबराय ने कहा कि दिल्ली में कोरोना को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। कोरोना फिलहाल नियंत्रण में है। डॉक्टर के मुताबिक कोरोना के माइल्ड केस हैं। ऑबराय ने बताया कि उन्होंने तैयारियों का जायजा लेने के लिए हिंदू राव अस्पताल का निरीक्षण किया, जहां कोरोना के आपात स्थिति से नियंत्रण के लिए सभी जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध है। आपात स्थिति में जरूरत पड़ने पर हिंदू राव अस्पताल में 200 की संख्या में बेड उपलब्ध कराई जा सकती है।ऑबराय ने कहा कि कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए आज निगम मुख्यालय में निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ भी बैठक की गई। दिल्ली नगर निगम का सभी अस्पताल तैयार है, कोरोना को लेकर निगम अस्पतालों में सभी जरूरी दवा, ऑक्सीजन, बेड सहित सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध है।

## सुकेश पर आरोप तय करने के आदेश के खिलाफ कोर्ट में सुनवाई टली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाई कोर्ट ने एआईएडीएमके सिंबल मामले में निर्वाचन आयोग को रिश्वत देने की कोशिश के मामले में आरोपित सुकेश चंद्रशेखर की मनी लाउंड्रिंग के मामले में आरोप तय करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई टाल दी है। बुधवार को जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा ने 31 जुलाई को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया।
बुधवार को सुकेश चंद्रशेखर के वकील ने लिखित दलीलें दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की। जिसके बाद कोर्ट ने सुनवाई टाल दिया।



केशवपुरम में आयोजित सुन्दर कांड पाठ के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, वजीरपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल व अन्य।

## राष्ट्रीय गौरव की जीवंत प्रतिमूर्ति थे माखनलाल चतुर्वेदी: दयानंद वत्स

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महासचिव शिक्षाविद् एवं वरिष्ठ पत्रकार दयानंद वत्स ने संघ के मुख्यालय बरवाला में आज हिंदी के सुप्रसिद्ध साहित्यकार, कवि, लेखक, पत्रकार एवं शिक्षाविद एवं स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय माखनलाल चतुर्वेदी को उनकी 134वीं जयंती पर उन्हें कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में श्री दयानंद वत्स ने कहा कि स्वर्गीय माखनलाल चतुर्वेदी हिंदी साहित्य, शिक्षा, पत्रकारिता के पुरोधा साहित्यकार, कवि, लेखक, शिक्षक एवं स्वतंत्रता सेनानी थे। प्रभा, कर्मवीर का उन्होंने संपादन किया। हिमतरंगिणी के लिए उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। पुष्प की अभिलाषा नामक उनकी कविता आज भी भारतीय जनमानस में रची बसी है।

# स्कूलों में भविष्य के लीडर तैयार कर रही है केजरीवाल सरकार: आतिशी

**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**केजरीवाल** सरकार के स्कूलों में छात्रों के नेतृत्व कौशल को बढाने और विभिन्न भूमिकाओं में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए छात्र सलाहकार बोर्ड की शुरूआत की गई पायलट फेज में इसे 20 स्कूलों में शुरू किया गया जिसके शानदार नतीजे देखने को मिले पायलट फेज की सफलता के बाद बुधवार को शिक्षा मंत्री आतिशी ने सर्वोदय विद्यालय को-एड मोती बाग-2 नानकपुरा में आयोजित एक कार्यक्रम में इन छात्रों से चर्चा की और उन्हें प्रोत्साहित कियो बता दे कि पायलट फेज की सफलता के बाद शिक्षा निदेशालय इस परियोजना को दिल्ली सरकार के और स्कूलों में विस्तारित करने की योजना बना रहा है। छात्रों के साथ बातचीत करते हुए शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा, इस तरह के छात्र सलाहकार बोर्ड पहले बड़े प्राइवेट स्कूलों में ही देखे जाते थे। दिल्ली सरकार के स्कूलों में ऐसे स्टूडेंट एडवाइजरी बोर्ड की कल्पना शायद ही किसी ने की होगी, लेकिन हर छात्र को विश्वस्तरीय शिक्षा देने और सीखने के सर्वोत्तम अवसर देने के विजन के साथ दिल्ली सरकार के स्कूलों में यह संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि छात्र सलाहकार बोर्डों के माध्यम से, हमारा उद्देश्य छात्रों की लीडरशिप स्किल को बढ़ाने के लिए एक मंच तैयार करना है। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने छात्रों को जिम्मेदारी, विभिन्न मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता



और टीम मैनेजमेंट जैसे महत्वपूर्ण स्किल डेवलप करने का मौका दिया है जो भविष्य में आगे बढ़ने की दिशा में उके लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगो उन्होंने कहा कि छात्र सलाहकार बोर्ड छात्र नेतृत्व को बढ़ावा देने और स्कूल की गतिविधियों में छात्रों की भागीदारी को बढाने की दिशा में एक सफल पहल साबित हुई है। शिक्षा मंत्री ने आगे कहा, छात्रों द्वारा बनाए गए बोर्ड द्वारा स्कूल कार्यक्रमों और गतिविधियों के आयोजन में किए गए उनके प्रयासों पर हमें गर्व है। यह स्कूल के प्रति उनकी जिम्मेदारियों, ओनरशिप को दशार्ता है उन्होंने कहा कि हम छात्रों को नेतृत्व की भूमिका निभाने और उनके स्कूलों और समुदायों के विकास में योगदान देने के लिए आवश्यक संसाधन और सहायता प्रदान करना जारी रखेंगे। शिक्षा मंत्री आतिशी ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें अपने स्कूलों में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने निर्णय लेने की प्रक्रिया में छात्रों की भागीदारी के महत्व पर जोर दिया और छात्रों को उनके नेतृत्व कौशल विकसित करने के लिए आवश्यक संसाधन मुहैया करवाने की बात भी की। स्कूल एडवाइजरी बोर्ड के अपने अनुभवों को साझा करते हुए छात्रों ने बताया कि, इस अनूठी पहल ने उनका आत्मविश्वास बढ़ाने का काम किया। साथ ही इससे उनका प्रोफेशनल डेवलपमेंट हुआ व लीडरशिप स्किल, टाइम मैनेजमेंट जैसी स्किल भी विकसित हुई। छात्रों ने कहा कि इस कार्यक्रम ने उन्हें उनकी क्षमताओं का एहसास करवाया, खुद को समझने में मदद की। और वो हर स्किल डेवलप करने में मदद की जो उनकी रोजमर्रा की ज़िंदगी में आने वाली चुनौतियों को दूर करने का काम करेगा।

## पुष्पेंद्र पाल सिंह की याद में दिल्ली में 8 को होगी स्मृति सभा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भोपाल** स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष रह चुके स्व. पुष्पेंद्र पाल सिंह (पीपी सर) की याद में नई दिल्ली में स्मृति सभा का आयोजन किया जायेगा। जाएगा। यह स्मृति सभा पत्रकारिता विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों की ओर से आगामी 8 अप्रैल को नई दिल्ली लोधी स्टेट इंडिया इंटरनेशनल सेंटर एनेक्सी, लेक्चर रूम-2 पर आयोजित की जाएगी। इसमें देश के जाने माने पत्रकारों के अलावा राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक और दूसरे क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोग प्रमुख रूप से शिरकत करेंगे। पत्रकारिता के छात्रों के आचार्य, गुरु, दोस्त और मार्गदर्शक के नाते पीपी सर के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले पुष्पेंद्र पाल सिंह का निधन गत 7 मार्च को हार्टअटैक के कारण हो गया था. स्व. सिंह 2015 में मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग में मुख्यमंत्री के ओएसडी नियुक्त हुए थे। इससे पहले पत्रकारिता जगत में उन्होंने अपनी एक अनूठी पहचान बनाई थी। वह देश-विदेश के पत्रकारिता संस्थानों और शोध संस्थानों से गहरा संपर्क रखते थे। देश भर में उनके 2000 से अधिक शिष्य विभिन्न मीडिया संस्थानों में कार्यरत हैं। पीपी सर मध्य प्रदेश सरकार के अखबार रोजगार और निर्माण के संपादक भी थे।

# 'लिंग जांच करने वालों के खिलाफ करें सख्त कार्यवाही'

## कहा, कम लिंगानुपात वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर करें लोगों को जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि भ्रूण हत्या व लिंग जांच करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। वहीं जिला फरीदाबाद में बेहतर लिंगानुपात करने के लिए सुझाव सांझे किए गए।

उन्होंने कहा कि फरीदाबाद जिला में अधिक लिंगानुपात तथा कम लिंगानुपात वाले क्षेत्रों को चिन्हित करके वहां के लोगों को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी आपसी तालमेल कर जन प्रतिनिधियों की भागीदारी करके जागरूक करें। डीसी विक्रम ने कहा कि कहा कि गर्भ में कन्या भ्रूण हत्या हमारे समाज पर एक कलंक है और



इसका जड़ मूल से खत्म करने के लिए हमें सक्रियता से प्रयास करने चाहिए। विक्रम सिंह ने आज बुधवार को जिला में "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" योजना के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधिओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। डीसी विक्रम सिंह ने सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता व डिप्टी सीएमओ डॉ. मान सिंह को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि भ्रूण हत्या व लिंग जांच करने वालों के खिलाफ उचित कार्यवाही करें। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मिल कर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त-से-सख्त कार्यवाही करें। अवैध लिंग जांच में लिप्त अपराधियों को पकडने के लिए जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुखबिर योजना लागू की गई है, इसके अंतर्गत गुप्त तरीके से इस कार्य में लगे लोगों की सूचना देकर रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक गुप्तचर, एक मिथ्या ग्राहक, और एक सहायक की टीम मिलकर योजना बनाकर कार्य करती है। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला की सभी पंचायतो और शहर में वार्ड स्तर पर में बढ़ते और घटते लिंगानुपात के आकड़ो की सूचि बनाकर लगाई जाए। जहां लिंगानुपात का आकड़ा सबसे कम हो, वहां विभाग द्वारा जांच कराई जाए। वहीं गर्भवती महिलाओं को व उनके परिवारों को भ्रूण हत्या को रोकने बारे अधिक-से-अधिक भागीदारी सुनिश्चित करके जागरूक करें। वे गर्भवती महिलाओं की प्रभावी ट्रेकिंग एवं संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने की ओर विशेष कार्य योजना तैयार कर इस क्षेत्र में नवाचार करें।

अवैध लिंग जांच व पीएनडीटी नियमों की उलंधना करने वालें सैन्टरों के खिलाफ जिला में सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। सभी सेंटरों को पीएनडीटी एक्ट के अनुसार सारी हिदायतें पूरी करनी होंगी। डीसी विक्रम ने कहा कि लिंगानुपात में प्रदेश में जिला 14 वें नम्बर पर है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी आपसी तालमेल करके इस योजना के तहत जिला फरीदाबाद में बेहतर क्रियान्वयन के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली तैयार करके प्रदेश में नम्बर वन आने के लिए जिम्मेदारी से कार्य करें। बैठक में एडीसी अपराजिता, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, पीएनडीटी के स्टेट कोर्डिनेटर जीएल सिंगल, एसीपी मोनिका, डिप्टी सीएमओ डॉ मान सिंह, पीओआईसीडीएस मीनाक्षी चौधरी, सीडीपीओ डाक्टर मंजु श्योरान सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# राहुल शर्मा बने टीम संजय अग्रवाल के जिला प्रधान



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया।** पानीपत शहरी विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी संजय अग्रवाल द्वारा बुधवार को अपने कार्यालय में राहुल शर्मा को टीम संजय अग्रवाल का जिला प्रधान नियुक्त किया गया है। वही टीम संजय अग्रवाल के नवनियुक्त जिला प्रधान राहुल शर्मा ने बताया कि आज जिस प्रकार से उनको जिला प्रधान की जिम्मेदारी दी गई है, वे पूर मेहनत व निष्ठा के साथ कार्य करेगे और पानीपत शहर हलके में वरिष्ठ नेता संजय अग्रवाल की टीम को मजबूत करेंगे।

विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर बहुत जल्द शहरी विधानसभा एवं प्रत्येक वार्ड में टीम संजय अग्रवाल से प्रधान बनाए जाएंगे ताकि कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल जी को पानीपत शहर विधानसभा पर और ज्यादा मजबूत किया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### पानीपत किसान भवन का अस्तित्व खतरे में

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया।** भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) जिला पानीपत की ईकाई द्वारा बुधवार को सनौली व बापौली ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गांव धनसौली, नवादा, गढ़ी बेसिक, नंगला आर व पार और तामशाबाद आदि का दौरा करके किसानों को भारी संख्या में 9 अप्रैल को किसान भवन में होने वाली किसान महापंचायत में पहुंचने का न्योता दिया। भाकियू के जिलाध्यक्ष सुधीर जाखड़ ने कहा कि पानीपत में करीब 40 सालों से बने हुए किसान भवन पर मौजूदा प्रधान कब करने की मंशा पाले हुए हैं और इस षड ?त्र को कार्यकाल बढ़वाने के नाम पर सफल करना चाहता हैं। जिसकी वजह से आज पानीपत के किसान भवन का अस्तित्व खतरे में है। लेकिन पानीपत जिला के किसान किसी भी हालत में किसान भवन पर किसी व्यक्ति विशेष का कब्जा नहीं होने देंगे। विभिन्न गांवों में आयोजित बैठकों को किसान नेता मांगे राम बांध, भाकियू नेता नरसी बेनीवाल कवि आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष राम सिंह कुंडू, युवा जिला अध्यक्ष नदीम गुर्जर, जिला पार्षद प्रतिनिधि जस्सा कादियान, ब्लॉक समिति प्रतिनिधि निशान बिंझौल, जिला सचिव राजू मलिक, मराठा भीम सिंह, होशियार सिंह कवि, दलबीर बड़ौली, करतार नंबरदार व शौकीन गुर्जर आदि मौजूद रहें ।

### संदिग्ध हालत में युवक लापता, पत्नी ने पुलिस को दी शिकायत

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में युवक लापता हो गया। युवक की पत्नी ने पुलिस को शिकायत देकर अज्ञात पर बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। यूपी हालत में हर्षवर्धन कॉलोनी प्याऊ मनियारी निवासी जिज्ञासा ने बताया कि गत 22 मार्च को उसका पति विजय घर से बिना बताए चला गया। आज तक वापिस नहीं लौटा। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी यशपाल ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द युवक का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### जिला कारागार में पंजाब के बंदी पर हमला

**सोनीपत।** सोनीपत-गोहाना सड़क मार्ग पर शहर थाना क्षेत्र स्थित जिला कारागार में बंद पंजाब के बंदी पर हमला कर उसे घायल कर दिया। बंदी की आंख भी चोट लगी है। घायल बंदी को कारागार प्रशासन ने नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसे उपचार दिया गया। दोपहर बाद उसे छुट्टी दे दी गई। मामले को लेकर शहर थाना पुलिस को जेल उप अधीक्षक ने मारपीट व जेल नियमों की उल्लंघना को लेकर शिकायत दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपित व घायल बंदी हत्या व हत्या की कोशिश के मामले में जेल में बंद है। जेल उप अधीक्षक सचिन ने बताया कि मंगलवार रात करीब पौने आठ बजे जेल में गिनती हुई थी। गिनती होने के बाद के बाद बंदी गांव बिंदरौली निवासी मोहित, करेवड़ी के संजय व साहिल, छिछड़ाना के सतीश ने अचानक पंजाब के तरनतारन के गांव बहल निवासी देवेंद्र पर हमला कर दिया। उन्होंने उसे पीटकर बुरी तरह घायल कर दिया। बंदी देविंद्र की आंख पर भी चोट लगी है। झगड़े का कारण कहासुनी बताया जा रहा है। घायल बंदी ने मामले की शिकायत उन्हें दी। जिस पर तुरंत बंदी देवेंद्र को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसे तीन चोट लगी मिली है। उसकी आंख पर भी चोट लगी है। जिसके बाद मामले की शिकायत शहर थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले में आरोपितों के खिलाफ मारपीट व जेल नियमों की उल्लंघना के चलते 45 प्रिजनर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

### उधार दिए सामान के रुपये मांगे तो दुकानदार पर किया हमला

**सोनीपतः** सदर थाना क्षेत्र के गांव हरसाना के दुकानदार ने युवक से उधार दिए सामान के रुपये मांगे तो उसने साथियों संग मिलकर दुकानदार पर हमला कर दिया। दुकानदार के बयान पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है।गांव नसीरपुर बांगर निवासी नीरज ने बताया कि वह गांव हरसाना में दुकान चलाते है।

# महिला आयोग की चेयरपर्सन ने पत्रकारों संग चाय पर चर्चा कार्यक्रम का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने आज फरीदाबाद स्थित अपने कार्यालय पर पत्रकारों के साथ चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया और बतौर महिला आयोग की चेयरपर्सन के नाते वर्ष 2022 - 23 की एक साल के कार्यकाल की रिपोर्ट बुक प्रस्तुत की और बताया कि 1 साल के दौरान उनके पास आय 2246 मामलों में से 17 सौ से ज्यादा मामले निपटाए गए जबकि बाकी के बचे केस कोर्ट के अंदर पेंडिंग चल रहे हैं। वहीं उन्होंने कहा कि इस 1 साल के दौरान उन्होंने 17 जिलों में वन स्टॉप सेंटर और ह्यूमन ट्रैफिकिंग का काम किया और पूरे प्रदेश में जागरूकता को लेकर 75 कार्यक्रम आयोजित किए। पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि वह भगवान की शुक्रगुजार है कि उन्हें सरकार द्वारा उनका मनपसंद विभाग महिला आयोग दिया गया जिसके लिए मैं मुख्यमंत्री समेत तमाम दिग्गज नेताओं और संगठन का धन्यवाद करती हैं जिनकी वजह से उन्हें महिला आयोग की चेयरपर्सन के नाते सेवा करने का और काम करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि पिछले 1 वर्ष उन्होंने सफलतापूर्वक पूरा किया है जिसमें सरकार संगठन और पुलिस महकमे का पूरा सहयोग मिला। उन्होंने बताया कि पिछले 1 वर्ष में



उन्होंने आयोग की टीम के साथ जागरूकता को लेकर 75 कार्यक्रम आयोजित किए जो पूरे देश में एक रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि इस दौरान उन्होंने 10 यूनिवर्सिटी में विजिट किया और 17 जिलों में वन स्टॉप सेंटर और ह्यूमन ट्रैफिकिंग को लेकर जागरूकता अभियान चलाया और इसके अलावा 17 जिलों में जाकर विभिन्न केसों की सुनवाई की । अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन ने दावा किया कि प्रदेश में अपराध का ग्राफ नीचे गिरा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में हमने 75 कार्यक्रम किए और वर्ष 2023 में 100 कार्यक्रम करने का हमने टारगेट रखा है जिसके तहत स्कूल कॉलेजों में जाकर जागरूकता बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि लगभग के दौरान साइबर क्राइम के मामले अधिक सामने आए हैं जिनका निपटारा तो हुआ लेकिन जड़ कहां से निकली उसे पकड ?ा जरूरी था इसलिए हमने स्कूलों में जाकर छठी से 12वीं तक की छात्राओं को जागरूक किया और उन्हें साइबर अपराधों के प्रति सचेत किया। साथ ही मेवात जैसे इलाकों में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के लिए गांव के सरपंचो को अपने साथ जोड़ा है और अब गावों में भी शिक्षित और युवा सरपंच है जो समय समय पर बाल विवाह को रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चला रहे है। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम हो या महिला विरुद्ध अपराध पर अंकुश लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि वह लगातार इस प्रकार के कार्यक्रम करती रही हैं और आगे भी जारी रहेंगे ताकि महिलाओं के साथ-साथ लोगों को भी अपराधों के विरुद्ध जानकारी मिले और ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोगद्वारा आयोजित महिला आयोगों के साथ दो दिवसीय फाउंडेशन-सह-इंटरैक्टिव बैठक में स्टॉल लगाने वाली महिलाओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

# नव प्रयास द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** नव प्रयास सेवा संगठन द्वारा 80वां रक्तदान शिविर का आयोजन प्याली चौक स्थित कुमाऊं सांस्कृतिक मण्डल मंदिर में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हिन्दूवादी नेता भुवनेश्वर हिन्दुस्तानी व गौ रक्षा बजरंग फोर्स के संयोजक बिट्टू बजरंगी मौजूद रहे। इस अवसर पर नवप्रयास सेवा संगठन के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि शिविर में सिविल अस्पताल की टीम द्वारा लगाया गया था। इस मौके पर 154 रक्तवीर मौजूद रहे। रक्तवीरों को



सम्बोधित करते हुए भुवनेश्वर हिन्दुस्तानी ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में कम से कम चार बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए। आपके द्वारा दिया गया रक्त कम से कम तीन लोगों की जान बचता है। इस मौके पर पूर्व विधायक नागेंद्र भड़ाना, सारन थाने के एसएचओ राजेश बागड़ी, पूर्व शर्मा, राम मेहर, संतोष यादव, नरेश मेंदीरत्ता, भगवान दास, संतोष शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे।

# पानीपत के गांव गोयला खुर्द में सोनू मालपुरिया का स्वागत

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया।** पानीपत के बापौली ब्लॉक के गांव गोयला खुर्द में ब्लॉक के किसानों ने एकत्रित होकर बापौली के ब्लॉक प्रधान जगपाल सिंह रावल के नेतृत्व में जिला प्रधान सोनू मालपुरिया का गांव गोयला खुर्द में पहुंचने पर पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। पानीपत जिले के किसानों द्वारा समर्थित 5 साल के कार्यकाल के प्रस्ताव का समर्थन किया। इस दौरान जोगिंद्र रावल,काशीराम, जसवीर संजोली, बिरमपाल, प्रकाश संजोली, देवेंद्र शर्मा अधमी,बरहमपाल मास्टर, राजेश आदि मौजूद रहे।

# सर्वसमर्थ परमात्मा हैं प्राणिमात्र के हितैषी आचार्य अभिषेक शुक्ल

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा द्वारा सुप्रीम रॉयल विला बैंकेट हॉल सीकरी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर आचार्य अभिषेक शुक्ल जी ने कथा वाचन करते हुए कहा कि कोई ऐसा महानुभाव,सदाशय, उदार,गुणनिकेत,प्रतिवेशी,पड़ोसी हमारे साथ हो जो प्रत्येक सुख-दुःख में,उत्थान-पतन में,जीवन-मरण में हमारा निर्वहन करता हो परन्तु कभी प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष अपने द्वारा प्रदत्त सहायता का वर्णन न करता हो तो ऐसे महानुभाव को कभी हम विस्मृत करना चाहेंगे कदापि नहीं,वह परमप्रभु सर्वसमर्थ परमात्मा ऐसा ही सहयोगी है हम सभी प्राणिमात्र



का,उसके साथ रहना हमारा सौभाग्य है और उसे विस्मृत करना हमारा सबसे बड़ा दुर्भाग्य ।

प्रह्लाद चरित्र में कहा की हमारे यहां इतिहास में आस्तिक को भगवान का दर्शन कराने वाले विविध महापुरुष हुए पर प्रह्लाद जी महाराज ने एक नास्तिक को भगवान का दर्शन कराया यही प्रह्लाद चरित्र की विशेषता है द्य रामजन्म आदि कथाओं का वर्णन करते हुए श्री कृष्ण जन्मोत्सव की पावन कथा भी हुई । जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि ठाकुर जी की असीम अनुकम्पा से श्रीमद्भागवत कथा पुराण में काफी संख्या में श्रद्धालु जन कथा श्रवण कर कृतार्थ हुए द्य गोपाल शर्मा ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य की सभी इच्छाओं को पूरा करती है। यह कल्पवृक्ष के समान है। भागवत कथा ही साक्षात कृष्ण है और जो कृष्ण है, वही साक्षात भागवत है। श्रीमद् भागवत कथा भक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा, विधायक नीरज शर्मा , वरिष्ठ भाजपा नेत्री नीरा तोमर, जिला महामंत्री मूल चंद मित्तल , महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया, भाजपा जिला विस्तारक मनजीत सिंह जांगड़ा, रविन्द्र तोमर , राज कुमार वोहरा, काली दास गर्ग, विश्व हिन्दू पारिषद के विभाग अध्यक्ष प्रेम गोयल, अरुण बजाज, देवेन्द्र गुप्ता व अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# 'न्याय दिलाने के साथ खुद की सेहत का ध्यान रखे अधिवक्ता'



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** जिला न्यायालय फरीदाबाद में बुधवार को मेट्रो अस्पताल और डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन फरीदाबाद की ओर से लायर्स प्रिविलेज कार्ड लॉन्च प्रोग्राम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के आयोजन के दौरान मेट्रो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. पुरुषोत्तम लाल, जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री वाईएस राठौर, मेट्रो अस्पताल की मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सना तारीक, डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन फरीदाबाद के अध्यक्ष राजेश बैंसला और डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन फरीदाबाद के महासचिव ओम दत्त शर्मा मौजूद रहे। मेट्रो अस्पताल के चेयरमैन डॉ. पुरुषोत्तम लाल ने बताया कि वकीलों को सीजीएचएस की निर्धारित सरकारी दर से इलाज मिलेगा। अधिवक्ता का पेशा तनाव से भरा होता है। पूरे दिन कोर्ट में मामलों की सुनवाई और पैरवी के चलते अधिवक्ताओं का परेशान होना स्वाभाविक है। महिला वकीलों को तो दोहरी जिम्मेदारी (कार्यस्थल और घर) निभानी पड़ती है। इसलिए पेशे के तनाव को खुद पर हावी नहीं होने देना है। काम के साथ वर्कआउट भी जरूरी है। प्रतिदिन 45 मिनट वर्कआउट, सुबह की सैर अथवा योगा करना चाहिए। इससे ना सिर्फ आप फिजिकली फिट होंगे, बल्कि मेंटली भी स्ट्रांग रहेंगे। बहुत ज्यादा फोन या सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना भी मेंटल हेल्थ के लिए ठीक नहीं है। ऐसे में आप सोशल मीडिया और ऐसे लोगों से दूर रहे जो आपको नेगेटिविटी की ओर ले जाते हैं। सोशल मीडिया को छोड़कर आपको अपने परिवार या दोस्तों के साथ फेस टू फेस मिलकर समय बिताना चाहिए।स्वस्थ रहना बहुत आवश्यक है। आधुनिक युग में ख ?ाब जीवनशैली के कारण हम अस्वस्थ रहने लगे हैं। इन सबके कारण हमें विभिन्न प्रकार की बीमारियां हो जाती हैं। खानपान का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। यदि हम तली भुनी चीजें, कोल्ड ड्रिंक तथा जंक फूड इत्यादि का सेवन करते हैं तो ऐसे में हमारे शरीर में वसा बढने लगती है।

# बागवानी में 'स्टैकिंग विधि का प्रयोग कर किसान करें दोगुनी आमदनी

## कहा, सरकार सब्जियों में बांस स्टैकिंग व लौह स्टैकिंग करने के लिए दे रही 50 से 85 प्रतिशत तक अनुदान

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)। डीसी** विक्रम सिंह ने कहा सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सब्जियों में बांस स्टैकिंग व लौह स्टैकिंग करने के लिए 50 से 85 प्रतिशत तक अनुदान राशि दे रही है। वहीं किसान बागवानी में 'स्टैकिंग विधि का प्रयोग करके अपनी दोगुनी आमदनी कर रहे हैं। डीसी विक्रम सिंह ने किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि बागवानी में 'स्टैकिंग विधि को प्रयोग कर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। कृषि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों द्वारा आधुनिक युग मो



खेती में नई-नई तकनीकों का आविष्कार किया जा रहा है, जहां सब्जियों की खेती में 'स्टैंकिंग ऐसी विधि है, जिसे अपनाकर किसान अच्छा लाभ कमा सकते हैं। डीसी विक्रम ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सब्जियों में बांस स्टैकिंग व लोहे स्टैकिंग को प्रयोग करने के लिए सामान्य श्रेणी के किसानों को 50 प्रतिशत व एससी श्रेणी के किसान को 85 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जा रहा है। वहीं योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को बागवानी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। डीसी विक्रम सिंह ने आगे बताया कि आधुनिक युग में खेती में नई-नई तकनीकें उभरकर सामने आ रही हैं। इससे किसानों को ढेरों फायदे पहुंच रहे हैं। सब्जियों की खेती में 'स्टैंकिंग ऐसी ही एक विधि का नाम है, जिसे अपनाकर किसान अच्छा लाभ कमा सकते हैं। उन्होंने बताया कि नई-नई तकनीकों से खेती करने का सबसे बड़ा फायदा होता है कि इससे ढेर सारी जानकारियां अनुभव मिलते हैं और इनसे मुनाफा व फसलों की पैदावार भी दोगुनी अधिक होती है।

**बांस व लौह स्टैकिंग पर दिया जाता है अलग-अलग अनुदानः डॉ रमेश कुमार**

जिला बागवानी अधिकारी डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा बांस स्टैकिंग की लागत 62 हजार 500 रुपए प्रति एकड़ पर सामान्य श्रेणी के किसान को 31250 रुपये व एससी श्रेणी के किसान को 53125 रुपए का अनुदान दिया जाता है। वहीं लोहा स्टैकिंग लागत एक लाख 41 हजार रुपए प्रति एकड़ पर सामान्य श्रेणी के किसान को 70500 रुपये व एससी श्रेणी के किसान को एक लाख 19 हजार 850 रुपए का अनुदान प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि एससी श्रेणी के किसान के लिए बांस स्टैकिंग व लौह स्टैकिंग पर अधिकतम अनुदान क्षेत्र एक एकड़ है। इस बारे में अधिक जानकारी वेबसाईट व दूरभाष नंबर 0172-2582322 पर प्राप्त की जा सकती है।

**बहुत आसान है 'स्टैकिंग तकनीक**

डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि किसान पुरानी तकनीक से ही सब्जियों और फलों की खेती करते हैं। लेकिन अब प्रगतिशील किसान स्टैकिंग तकनीक का इस्तेमाल करके इस तकनीक के जरिये आमदनी दोगुनी करने सफल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्टैकिंग तकनीक में बहुत ही कम सामान का प्रयोग होता है। जहां स्टैकिंग बांस व लौहे के सहारे तार और रस्सी । जाल बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि 'स्टैकिंग विधिइ से सब्जियों में सडन नहीं होती है। क्योंकि वो जमीन पर टिकने की बजाए ऊपर लटकी रहती हैं। सब्जियों में करेला, टमाटर एवं लौकी जैसी फसलों को सडे से बचाने के लिए उनको इस तकनीक से सहारा देना कारगर साबित होता है। खेती में कई बार टमाटर की फसल जमीन के संपर्क में आने की वजह से सडने लगती है, लेकिन स्टैकिंग तकनीक में ऐसी दिक्कत नहीं होती।

# कुंडली में पैदल जा रहे फैक्टरी कर्मी का मोबाइल झपटा

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में पैदल जा रहे फैक्टरी कर्मी का मोबाइल झपटने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर एक आरोपित को पहचाने का दावा किया है।

पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की पहचान के प्रयास कर रही है। गांव पतारा कराहल मैनपुर उत्तर प्रदेश हाल में कुंडली निवासी पंकज चौहान ने बताया कि वह कंपनी में काम करता है।

# यूपी: शिक्षा की गुणवत्ता में होगा सुधार

## पीएम श्री, डिजिटल लाइब्रेरी, स्किल हब जैसी छात्र हित से जुड़ी योजनाओं पर होगा सबसे ज्यादा खर्च

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर प्रदेश** में शिक्षा को हर किसी के लिए सुलभ बनाने के साथ-साथ गुणवत्ता को सुधारने के लिए योगी सरकार आगामी तीन माह में 700 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करेगी। प्रदेश सरकार ने बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा पर 750 करोड़ से ज्यादा का बजट खर्च की कार्य योजना बनाई है। यह राशि इन तीनों ही विभागों में पहले से जारी या नई योजनाओं पर खर्च की जाएगी। इनमें कई योजनाएं केंद्र की हैं, जिन पर केन्द्र सरकार द्वारा बजट की किस्त जारी होने और प्रदेश सरकार की मंजूरी के बाद व्यय किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, बेसिक शिक्षा विभाग ने विभिन्न योजनाओं पर 121 करोड़ रुपये के बजट व्यय की कार्य योजना बनाई है। उच्च शिक्षा विभाग ने 20 करोड़ से अधिक राशि के खर्च की कार्य योजना



प्रस्तुत की है। वहीं माध्यमिक शिक्षा विभाग ने 600 करोड़ से ज्यादा के बजट की प्राप्ति के आधार पर व्यय का अनुमान जताया है। नए वित्तीय वर्ष में सभी विभागों को तीन माह की कार्य योजना पर काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

**बेसिक स्कूल होंगे अपग्रेड:** बेसिक शिक्षा विभाग ने 121 करोड़ से अधिक बजट के व्यय की कार्य योजना प्रस्तुत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बेसिक शिक्षा विभाग को पीएम श्री योजना के अंतर्गत केंद्र और राज्य सरकार से 510 करोड़ रुपये का बजट प्राप्त होना है। विभाग ने शुरूआती तीन माह में इस योजना के तहत 76.10 करोड़ की धनराशि व्यय करने की कार्य

### उच्च शिक्षा पर जोर

**गुणवत्ता को सुधारने के लिए योगी सरकार आगामी तीन माह में 700 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करेगी**

योजना बनाई है। पीएम श्री के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत देश भर के लगभग 14 हजार 500 सरकारी स्कूलों को अपग्रेड करने की योजना है। स्कूलों को सौर पैनलों, स्मार्ट वेस्ट मैनेजमेंट के साथ ग्रीन स्कूल के रूप में भी विकसित किया जाएगा। इसके अलावा चिल्ड्रेन एंड एडोलसेंड्स लाइब्रेरीज एंड डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी विभाग को 300 करोड़ का बजट मिलना है। विभाग की ओर से इस योजना पर 45 करोड़ रुपये खर्च किए जाने का प्लान है।

**दूसरी बेटी की पढ़ाई का खर्च उठाएगी सरकार:** माध्यमिक शिक्षा विभाग की बात करें तो पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) योजना के अंतर्गत 390 करोड़ का बजट मिलना प्रस्तावित है। यह केंद्र द्वारा प्रायोजित योजना है जिस पर व्यय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता, शिक्षा मंत्रालय द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना एवं आवंटित बजट के द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा स्ववित्त पोषित स्कूलों में अध्ययनरत एक अभिभावक की दूसरी पुत्री की ट्यूशन फीस की प्रतिपूर्ति के लिए विभाग को पांच करोड़ के बजट का प्रस्ताव है। विभाग इस योजना के तहत शासन द्वारा प्राविधानित धनराशि की स्वीकृति के बाद जनपदों से उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर अप्रैल के लिए 1.39 करोड़ का आवंटन किया जाएगा। चिल्ड्रेन एंड एडोलसेंड्स लाइब्रेरीज एंड डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर 237 करोड़ के बजट का प्रावधान है।

# जयपुर ब्लास्ट: 'आतंकियों का बरी होना कांग्रेस सरकार को पड़ेगा भारी'

### साधा निशाना

**कांग्रेस बड़े-बड़े वकीलों को मौटी रकम देकर हायर कर लेती है, लेकिन ब्लास्ट में मारे गए 71 लोगों की सरकार को परवाह नहीं**

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि 2008 जयपुर में हुए बम ब्लास्ट बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस सरकार खुद को बचाने के लिए राजस्थान के बडे-बडे वकीलों को मौटी रकम देकर हायर कर लेती है, लेकिन जयपुर ब्लास्ट में मारे गए 71 लोगों की कांग्रेस सरकार को कतई परवाह नहीं है। इसी के अन्तर्गत कांग्रेस सरकार द्वारा आतंकवादियों को बचाव में असंवेदनशीलता बरतते हुए एक बडा वकील क्यों नहीं कर सकी। जो इन आतंकवादियों को इनके किये कर्मों की सजा दिला सके। सीपी जोशी ने बुधवार को




भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कमजोर पैरवी के चलते जनता विरोधी ऐसे आतंकवादियों का छूटना कांग्रेस सरकार के लिए बहुत ही शर्मनाक विषय है।

कांग्रेस पार्टी के आलाकमान को खुश करने के लिए तुष्टिकरण की राजनीति करते हुए पैरवी को कमजोर करने की कोशिश की है। आश्चर्य का विषय है उदयपुर के कन्हैयालाल की हत्या से पहले स्वयं ने सुरक्षा की मांग की थी। लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा इसे हलके में लेते हुए सहयोग नहीं करते हुए सुरक्षा नहीं दी गई।

हत्या के आरोपितों को जनता द्वारा पुलिस को सुपुर्द किया गया तो पुलिस प्रशासन द्वारा जनता को शाबासी देने की एवज में यह कहा गया कि आप लोगों को आरोपितों को पकडकर लाने की कहां जरूरत पड रही है, ऐसे शब्द कांग्रेस सरकार के शासन में प्रशासन द्वारा बहुत ही शर्मनाक विषय है।

# 'कार्यकर्ताओं के स्वाभिमान के साथ समझौता नहीं'



**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद**
**उत्तर प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को यहां कहा कि कार्यकर्ताओं के मान सम्मान और स्वाभिमान के साथ कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता जनहित में कार्य करने और कराने से कोई गुरेज ना करें। उपमुख्यमंत्री बुधवार को जिले के भाजपा जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री के समक्ष तमाम समस्याओं को रखा और उनके निस्तारण के लिए मांग की। उन्होंने सभी को आश्वासन दिया कि उनकी जो भी समस्याएं हैं उनको गंभीरता से लेंगे और प्रशासन के अधिकारियों से बात करके उनका हल कराएंगे। इससे पहले श्री मौर्य होटल वेस्ट व्यू पहुंचे, यहां उन्होंने पार्टी के जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं से जिले का हाल जाना। पार्टी

### संबोधित किया

**पुलिस आम लोगों के वाहनों के चालान कर रही है, जिसके चलते लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया**

कार्यकताओं ने भी उन्हें समस्याओं से अवगत कराते हुए पुलिस की ज्यादती के प्रति अपना आक्रोश भी जताया। कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि जब से कमिश्नरेट का सृजन हुआ है तब से अपराधों में वृद्धि हुई है। खास तौर पर पुलिस आम लोगों के वाहनों के चालान कर रही है, जिसके चलते लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया है। एक कार्यकर्ता ने कहा कि पुलिस इसको लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं की बात नहीं सुनती है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि यदि पुलिस को यह पता लग जाता है कि वह भाजपा कार्यकर्ता हैं तो उनका और ज्यादा उत्पीड़न करती है।

# विवादों में फिर घिरे स्वामी प्रसाद मौर्य, मुकदमा दर्ज

## स्वामी प्रसाद मौर्य ने भगवान श्रीराम पर किया आपत्तिजनक टिप्पणी

**टीम एक्शन इंडिया/रायबरेली**
समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य एक बार फिर अपने बयान से विवादों में घिर गए हैं। रायबरेली कोतवाली में उन पर धार्मिक भावनाओं को भड़काने का मामला दर्ज हुआ है। सीओ (सिटी) वंदना सिंह को मामले की जांच सौंपी गई है। दरअसल, स्वामी प्रसाद मौर्य पर भगवान श्रीराम के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है। भगवान श्रीराम के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर



रायबरेली कोतवाली में स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ हिंदू युवा वाहिनी रायबरेली के जिला महामंत्री मारुत त्रिपाठी ने पुलिस में तहरीर दी है। मारुत त्रिपाठी ने कहा है कि समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी

### समाज को आहत किया

**मौर्य पर भगवान श्रीराम के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है**

प्रसाद मौर्य का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उनके द्वारा भगवान राम पर की गई टिप्पणी ने सनातनी समाज को आहत किया है और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ सकता है। इस तहरीर के आधार पर धार्मिक भावनाओं को भड़काने के आरोप में धारा 295 ए के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है। सीओ वंदना सिंह ने कहा कि नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ है। प्रकरण की जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र के गदागंज स्तिथ कांशीराम महाविद्यालय में बीते सोमवार को कांशीराम की मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम था, जिसमें सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी आये थे। उन्हीं की मौजूदगी में स्वामी प्रसाद मौर्य का एक वीडियो हो रहा है, जिसमें वह एक नारा लगवा रहे हैं।

# 'महाराष्ट्र में लगातार बारिश को माना जाएगा प्राकृतिक आपदा'

**टीम एक्शना इंडिया/मुंबई**
**मुख्यमंत्री** एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार ने बुधवार को कैबिनेट की बैठक में सूबे में लगातार बारिश होने को प्राकृतिक आपदा मानने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इससे राज्य के किसानों को लाभ मिलने वाला है। कैबिनेट की बैठक में प्राकृतिक आपदा के नियमों में संशोधन किए जाने का प्रस्ताव कृषि विभाग द्वारा लाया गया था। इस प्रस्ताव के तहत अगर राज्य में लगातार पांच दिनों तक 10 मिमी से



ज्यादा बारिश होती है तो इसे प्राकृतिक आपदा माना जाएगा। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस प्रस्ताव को आम सहमति से मंजूर कर दिया है। मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि यह सरकार द्वारा किसानों के हित में लिया गया फैसला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने लगातार बारिश को प्राकृतिक आपदा घोषित करने का निर्णय लिया है। अगर हर दिन बारिश हो और उसमें निरंतरता बनी रहे तो फसल खराब होने की स्थिति में किसानों को मदद मिल सकती है।

# रामनवमी पर 500 श्रद्धालुओं ने हेलीकॉप्टर से अयोध्या दर्शन किया

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
रामनवमी के अवसर पर अयोध्या नगरी के दर्शन के लिए शुरू की गयी हेलीकॉप्टर सेवा से अब तक लगभग 500 श्रद्धालुओं ने अयोध्या धाम का दर्शन किया। यह सेवा बीते माह 29 मार्च 2023 से शुरू हुई थी और 12 अप्रैल तक जारी रहेगी। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बुधवार को बताया कि हेलीकॉप्टर सेवा श्रद्धालुओं एवं आगन्तुकों में काफी लोकप्रिय साबित हो रही है। अयोध्या के एरियल दर्शन के लिए पर्यटन विभाग के निर्देशन में उ0प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम लि0 एवं हेरिटेज एविएशन प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित किया गया था। उन्होंने बताया कि हेरिटेज एविएशन कम्पनी नई दिल्ली द्वारा पूर्व में कुम्भ-2019 के समय प्रयागराज तथा गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गोवर्धन तथा मथुरा में हेलीकॉप्टर सेवा का सफल संचालन किया जा चुका है। इस कम्पनी के माध्यम से अयोध्या तथा भगवान श्रीराम से जुड़े हुए स्थलों एवं सरयू के विहंगम दृश्य को देखने का अवसर श्रद्धालुओं को प्राप्त हो रहा है।

# केदारधाम के श्रद्धालुओं को फर्जी बुकिंग से चेताया

**देहरादून:** केदारनाथ धाम की यात्रा पर आने वालों को पुलिस प्रशासन ने फर्जी वेबसाइट से हेली सेवा बुकिंग करने वाले श्रद्धालुओं को आगाह किया है और उन्हें बताया है कि उत्तराखंड पुलिस ने हेली सेवा की बुकिंग के लिए ट्वीटर पर अधिकारिक साइट जारी कर दी है। इस साइट पर बुकिंग तभी कराएं जब यह देख लें कि टिकट उपलब्ध है। फर्जी वेबसाइटों से बुकिंग का प्रयास न करें ताकि ठगी का शिकार होने से बच सकें।

# धर्मशालाओं को खुर्द-बुर्द होने से बचाए प्रशासन

**टीम एक्शन इंडिया/ऋषिकेश**
**उत्तराखंड** जन विकास मंच ने तीर्थ नगरी की धर्मशालाओं को खुर्द-बुर्द होने से बचाने के लिए आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। इस गंभीर मामले को लेकर मंच से जुड़े कार्यकर्ता उपजिलाधिकारी से मिले और उनसे धर्म नगरी ऋषिकेश में भू माफिया खुर्द -बुर्द होती हुई धर्मशाला को बचाने की मांग की है। बुधवार को उत्तराखंड विकास मंच ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को प्रेषित एक ज्ञापन भी उपजिलाधिकारी को सौंपा गया। मंच के अध्यक्ष

### मांग

**ऋषिकेश में हरिपुर कला के बाद चारधाम यात्रियों के ठहरने के लिए कोई उपयुक्त स्थान नहीं बचा है**

आशुतोष शर्मा ने बताया कि ऋषिकेश की पहचान आश्रम, धर्मशाला, मठ -मंदिरों से होती थी। योग नगरी ऋषिकेश में दो दशक पूर्व लगभग 150 धर्मशाला और आश्रम हुआ करते थे, लेकिन वर्तमान में इन धर्मशालाओं की संख्या बमुश्किल 20 से 22 के बीच रह गई है। इन बची हुई धर्मशाला,आश्रमों पर भी इन भू माफिया की गिद्ध दृष्टि लगी हुई है। इसके परिणाम स्वरूप ऋषिकेश में हरिपुर कला के बाद चारधाम यात्रियों के ठहरने के लिए कोई उपयुक्त स्थान नहीं बचा है। इन यात्रियों के ऋषिकेश में न ठहरने से ऋषिकेश का व्यापार बाधित होता है। ज्ञापन में भू माफिया के क्रिया-कलापों पर अंकुश लगाते हुए बची हुई धर्मशाला व आश्रमों को खुर्द बुर्द होने से बचाने और दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।




### साधा निशाना

**वह महीने में दो बार नौजवान सभाओं के माध्यम से युवाओं से मुलाकात करेंगे: मुख्यमंत्री**

# युवाओं को पसंदीदा बिजनेस खोलकर देगी मान सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**पंजाब के** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने प्रदेश के युवाओं को आह्वान किया है कि वह खुद अपना रोल मॉडल बनें और बिजनेस के लिए नए-नए आइडिया लेकर आएं। सरकार उनके सपनों को साकार करते हुए बिजनेस खड़ा करने में मदद करेगी। भगवंत मान ने बुधवार को पंजाब के युवाओं के नाम जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि पंजाबी नौजवानों ने विदेश में जाकर कड़ी मेहनत की, जिसकी बदौलत आज वह विदेशों में वहां के मूल निवासियों से आगे पहुंच गए है। यही मेहनत वह पंजाब में रहकर करें।



मुख्यमंत्री ने कहा कि वह महीने में दो बार नौजवान सभाओं के माध्यम से युवाओं से मुलाकात करेंगे। जमाना टेक्निकल एजुकेशन का है। हमें ऊंचे पदों पर बैठकर फैसले करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं का कोई भी आइडिया पैसे की कमी से नहीं रुकेगा। युवा बिजनेस शुरू करें, सरकार उसे आगे बढ़ाएगी। पंजाब के नौजवान मांगने

### मदद करेगी सरकार

**युवाओं को आह्वान किया है कि वह खुद अपना रोल मॉडल बनें और बिजनेस के लिए नए-नए आइडिया लेकर आएं**

वाले नहीं, बल्कि जॉब देने वाले बनें।

मान ने कहा कि हम बड़ी गाड़ी में बैठकर ऑफिस जाएं। उनके लिए बड़े ऑफिस का बड़ा गेट खुले, न कि जेल का गेट खुले। हर 15 दिन बाद हम नौजवान सभा करेंगे, जिसमें युवाओं के आइडियाज लेंगे और उन्हें डेवलप करने में सरकार मदद करेगी।